CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

मुरादाबाद, मंगलवार 10 फरवरी 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 177 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 21 शाबान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उत्तर प्रदेश अब 'बीमारू' नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त राज्य: योगी पेज 2



पाकिस्तान-भारत वर्ल्ड कप मैच पर आखिरी फैसला शहबाज शरीफ लेंगे खेल टाइम्स



और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर सम्पादकीय




एपस्टीन फाइल्स:10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच पेज 12

# विपक्ष की नारेबाजी से काफी आहत दिखीं उप्र की राज्यपाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कहा: आप लोगों का यही हाल रहा तो शून्य तक पहुंच जाएंगे, आनंदीबेन ने अभिभाषण में गिनाई सरकार की उपलब्धियां**



**लखनऊ।** उप्र राज्य विधानमंडल में बजट सत्र के मौके पर राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने अभिभाषण में प्रदेश की विकास यात्रा, सुशासन और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। इस दौरान वह विपक्ष की नारेबाजी से काफ़ी आहत दिखीं।

उन्होंने विपक्ष पर पलटवार करते हुए कहा कि आप लोगों का यही हाल रहा, तो शून्य तक पहुंच जाएंगे। अपने भाषण के दौरान कहा कि 'विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश /2047' विजन डॉक्यूमेंट को साकार करने के लिए सदन में अत्यंत उपयोगी चर्चा हुई है। मार्च 2017 के बाद प्रदेश ने कानून-व्यवस्था, आधारभूत ढांचा, निवेश, रोजगार सृजन और जनकल्याण के क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है। राज्यपाल ने उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि वर्तमान में प्रदेश के 18 राज्य विश्वविद्यालयों ने नैक में उत्कृष्ट श्रेणी प्राप्त की है। वर्ष 2017 में जहां नैक ए प्लस प्लस श्रेणी का कोई भी विश्वविद्यालय नहीं था, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर 9 हो गई है। इनमें 4 विश्वविद्यालय नैक 'ए प्लस' और 5 विश्वविद्यालय 'ए' श्रेणी में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि केवल एक वर्ष में नैक प्रत्यायित संस्थानों की संख्या 95 से बढ़कर 161 हो गई है। इसके साथ ही क्यूएस एशिया -**शेष पृष्ठ दो पर**

## सदन में पेश हुई पहली आर्थिक समीक्षा, प्रदेश में बढ़ी है प्रति व्यक्ति आय

**लखनऊ।** उप्र विधानमंडल का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। सत्र के पहले दिन की शुरुआत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के अभिभाषण से हुई। इसके उपरांत विधानसभा में आर्थिक सर्वेक्षण रिपोर्ट पेश की गई। इसके बाद सदन की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बजट सत्र में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। इसमें उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में स्थान अब करीब नौ प्रतिशत से ज्यादा हो गया, जो कि 2016-17 में लगभग आठ प्रतिशत था। चालू वित्त वर्ष में उत्तर प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय 1.20 लाख रुपये प्रति व्यक्ति होने की संभावना है। इससे पहले बजट सत्र के आरंभ से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सरकार का एजेंडा सामने रखा। सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के मुद्दों को प्राथमिकता के साथ सदन में रखेगी। मुख्यमंत्री ने विपक्ष से रचनात्मक सहयोग की अपील भी की। वहीं सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही पूरी तैयारी के साथ सत्र में पहुंचे। यह बजट सत्र 9 फरवरी से 20 फरवरी तक चलेगा।

# नरवणे की अप्रकाशित किताब सोशल मीडिया पर प्रसारित होने पर FIR

**■ दिल्ली पुलिस ने जांच शुरू की**

**नई दिल्ली।** पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की आगामी किताब फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी के कथित रूप से सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के मामले में दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इस पुस्तक को अभी संबंधित प्राधिकरणों से प्रकाशन की आवश्यक अनुमति नहीं मिली है।

दिल्ली पुलिस ने बताया कि विभिन्न ऑनलाइन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और न्यूज फोरम पर ऐसी जानकारी सामने आई थी कि किताब की प्री-प्रिंट कॉपी इंटरनेट पर साझा की जा रही हैं। इन दावों के संज्ञान में आने के बाद पुलिस ने मामले की जांच शुरू की। शुरुआती जांच में पाया गया कि फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी शीर्षक से टाइपसेट की गई एक पीडीएफ कॉपी कुछ वेबसाइट्स पर उपलब्ध है। यह कॉपी कथित रूप से पेंगुइन रैंडम हाउस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा तैयार की गई प्रतीत होती है। इसके अलावा कुछ ऑनलाइन मार्केटिंग प्लेटफॉर्म पर पुस्तक का फाइनल कवर भी इस तरह प्रदर्शित किया गया है, मानो वह बिक्री के लिए उपलब्ध हो।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के लितान में हिंसा भड़की, 25 घर फूंके

**इंफाल।** मणिपुर के उखरुल जिले के व्यावसायिक कस्बे लितान में तनाव बना हुआ है। हालांकि भारी सुरक्षा तैनाती के बीच फिलहाल माहौल शांत है। पुलिस के अनुसार, तांगखुल नागा और कुकी समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़पों के बाद लितान और उससे सटे मंगकोट गांव में बड़े पैमाने पर लोगों का पलायन जारी है। रविवार देर रात करीब 11:30 बजे लितान बाजार में हिंसा भड़क गई थी। इस दौरान उपद्रवियों ने स्वचालित हथियारों और राइफलों से गोलीबारी भी की, जिससे इलाके में दहशत फैल गई। हिंसा में 25 घर और चार सरकारी क्वार्टर जलकर खाक हो गए हैं। हिंसा की शुरुआत 7 फरवरी की शाम लितान सरेइखोंग में हुए एक शराब के नशे में झगड़े से हुई, जिसमें तांगखुल नगा समुदाय के स्टर्लिंग नामक व्यक्ति के साथ कथित रूप से मारपीट हुई थी। बाद में उसे इलाज के लिए इंफाल के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। उखरुल के जिला मजिस्ट्रेट ने लितान में कर्फ्यू लगा दिया है।

### उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में पारा माइनस 24 डिग्री

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड में सोमवार को 5 जिलों में बारिश-बर्फबारी का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग (आईएमडी) के मुताबिक उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में हल्की बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना है। वहीं, पिथौरागढ़ जिले के मुनस्यारी में न्यूनतम तापमान माइनस 24 डिग्री सेल्सियस रहा। राजस्थान के 10 से ज्यादा शहरों में टेंपरेचर 10 डिग्री सेल्सियस डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा सर्दी फतेहपुर और पाली में रही।

### इसरो ने चंद्रयान-4 के लिए लैंडिंग साइट तलाशी

**बेंगलुरु।** इसरो ने चंद्रयान-4 मिशन के लिए चंद्रमा के साउथ पोल के पास एक लैंडिंग साइट तलाश ली है। चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिली तस्वीरों के आधार पर वैज्ञानिकों ने मान्स माउटन (एमएम-4) क्षेत्र को लैंडिंग के लिए सबसे सही बताया है। मान्स माउटन, चंद्रमा के साउथ पोल के पास स्थित करीब 6,000 मीटर ऊंचा पहाड़ है। इसकी चोटी काफी हद तक सपाट है, जो लैंडिंग के लिए अनुकूल है।

# एसआईआर में कोई रुकावट नहीं आने देंगे: सुप्रीम कोर्ट

## बंगाल में फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने की डेडलाइन एक हफ्ता बढ़ाई

**डीजीपी से मांगा हलफनामा**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। चुनाव से पहले निर्वाचन आयोग मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) करा रहा है। मतदाता सूची से जुड़ा यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। कोर्ट ने सोमवार को इस मामले में अहम दिशा-निर्देश दिए।

चीफ जस्टिस ने एसआईआर की समयसीमा बढ़ाने का भी निर्देश दिया। सीजेआई सूर्यकांत की पीठ ने कहा कि मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की डेडलाइन एक सप्ताह और बढ़ाई जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि निर्वाचन आयोग (ईसीआई) को पश्चिम बंगाल एसआईआर प्रक्रिया के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश करने के लिए और समय दिया जा रहा है। किसी को भी पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर में रुकावट डालने की इजाजत नहीं दी जाएगी। एसआईआर की डेडलाइन 14 फरवरी से एक हफ्ते आगे बढ़ाई जा रही है। माइक्रो ऑब्जर्वर या राज्य सरकार के -**शेष पृष्ठ दो पर**

### सेंगर की याचिका पर 'प्राथमिकता के आधार पर' सुनवाई करे दिल्ली हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उन्नाव में हिरासत में मौत के मामले में उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की याचिका पर सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र की जाए और इस अपील का निस्तारण अधिमानत तीन माह के भीतर किया जाए। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया कि सेंगर की अपील के साथ ही पीड़ित पक्ष द्वारा सजा बढ़ाने के लिए दायर अपील तथा सह-आरोपियों की अपीलों की संयुक्त रूप से सुनवाई की जाए। पीठ सेंगर की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के 19 जनवरी के आदेश को चुनौती दी गई थी।



### हिमाचल हाईकोर्ट के फैसले पर लगाई रोक, सरकारी कार्यालय बदलने को सरकार आजाद

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जिसमें राज्य सरकार के हिमाचल प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग का मुख्यालय शिमला से कांगड़ा जिले के धर्मशाला स्थानांतरित करने के प्रस्ताव पर रोक लगाई गई थी। न्यायालय ने कहा कि किसी संस्था के मुख्यालय का स्थानांतरण नीति से जुड़ा विषय है और इसमें न्यायिक हस्तक्षेप की गुंजाइश अत्यंत सीमित होती है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि प्रथम दृष्ट्या यह स्पष्ट है कि किसी संस्था के मुख्यालय को स्थानांतरित करना एक नीतिगत निर्णय है।

# असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा पर कानूनी वार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**■ सुप्रीम कोर्ट पहुंचा शूटिंग वीडियो मामला**
**■ पूर्व एलजी समेत 12 लोगों ने दाखिल की याचिका**

**नई दिल्ली।** एक समूह ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है, जिसमें असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और अन्य संवैधानिक पदाधिकारियों द्वारा दिए जा रहे भाषणों को संविधान के अनुरूप नहीं और अपमानजनक बताया गया है। याचिकाकर्ताओं ने इस मामले में अनुच्छेद 32 के तहत कोर्ट से दिशा-निर्देश जारी करने का अनुरोध किया है।

याचिका में उल्लेख किया गया है कि सीएम सरमा ने हाल ही में मुस्लिम समुदाय के खिलाफ टिप्पणियां कीं। इसके अलावा, उन्होंने कुछ समुदाय के नागरिकों को सब्जियों की कीमत बढ़ाने, लव जिहाद और फ्लड जिहाद जैसी घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया और यहां तक कहा कि चुनावी मतदाता सूची से 4-5 लाख लोगों को हटाना चाहते हैं। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि केवल असम ही नहीं, बल्कि अन्य राज्यों के उच्च पदाधिकारियों द्वारा दिए गए भाषण भी संवैधानिक नैतिकता के खिलाफ हैं। उदाहरण के तौर पर, उत्तराखंड सीएम लैंड जिहाद और लव जिहाद की बातें करते हैं, जबकि उत्तर प्रदेश सीएम उर्दू भाषा समर्थकों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हैं। केंद्रीय मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मुसलमानों को घुसपैठियों और विदेशी समर्थकों के रूप में प्रस्तुत करते हैं। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि भले ही ये भाषण सीधे तौर पर हेट स्पीच कानून के दायरे में न आते हों, लेकिन इनका मकसद संवैधानिक नैतिकता को कमजोर करने वाला है। उन्होंने कोर्ट से अनुरोध किया है कि उच्च संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों के सार्वजनिक भाषणों के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश बनाए जाएं। याचिकाकर्ताओं ने जोर देकर कहा कि सार्वजनिक पदधारक साधारण वक्ता नहीं होते। उनके शब्द राज्य का प्रभाव रखते हैं, प्रशासनिक कार्रवाई को प्रभावित करते हैं और संवेदनशील समुदायों पर हानिकारक असर डाल सकते हैं। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के नवतेज सिंह जोहर बनाम भारत संघ (2018), जोसेफ शाइन बनाम भारत संघ (2019) और गवर्नमेंट ऑफ एनसीटी ऑफ दिल्ली बनाम भारत संघ (2018) के फैसलों का हवाला दिया गया है, जिसमें कहा गया है कि संवैधानिक नैतिकता लोकप्रिय भावना पर हावी होनी चाहिए।

# न्यायालय परिसर के भीतर हिंसा की घटनाएं गुंडा राज: शीर्ष कोर्ट

**■ कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा: यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अदालत परिसर के भीतर हिंसा की घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए इसे 'गुंडा राज' करार देते हुए कहा कि यह स्पष्ट रूप से विधि के शासन की विफलता है।

न्यायालय दिल्ली के तीस हजारी अदालत परिसर के भीतर एक अधिवक्ता पर हुए कथित हमले के संबंध में एक 'उल्लेख' पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ को एक ऐसी घटना से अवगत कराया गया, जो कथित तौर पर सात फरवरी को तीस हजारी कोर्ट में अतिरिक्त जिला न्यायाधीश हरजीत सिंह पाल की अदालत के सामने हुई थी।

## खालिस्तानी धमकियों भरे ईमेल से संसद और दिल्ली के स्कूलों में सुरक्षा अलर्ट जारी

**नई दिल्ली।** खालिस्तानी समर्थकों ने दिल्ली में संसद भवन को उड़ाने की धमकी दी है, जिसके बाद संसद परिसर के आसपास सुरक्षा बहुत बढ़ा दी गई है। सोमवार को दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी भरे ईमेल भी भेजे गए, जिनमें बम विस्फोटों की चेतावनी दी गई थी और हिंदुस्तान बनेगा खालिस्तान के नारे लिखे हुए थे। ये ईमेल ज़ैकरी जेनकिस नाम के व्यक्ति ने भेजे थे।

# लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई

**■ राहुल बोले: स्पीकर ने कमिट किया, क्या आप बोलने देंगे, रिजिजू बोले: कोई कमिटमेंट नहीं**
**■ लोस की कार्यवाही स्थगित, विपक्ष स्पीकर बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है**

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के 9 वें दिन लोकसभा की कार्यवाही केवल 13 मिनट ही चल पाई। विपक्ष सदन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने देने की मांग कर रहा है।

राहुल गांधी ने लोकसभा में कहा कि एक घंटा पहले स्पीकर के पास हम गए, स्पीकर ने हमें कमिट किया कि मुझे बजट डिस्कशन से पहले बोलने दिए जाएगा, आप मुझे बोलने नहीं दे रही हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आप मुझे बोलने देंगी या नहीं। 3 बजे जब सदन की कार्यवाही शुरू हुई, तो आसंदी (स्पीकर की चेयर) पर संध्या राय (भाजपा सांसद) बैठी थीं। राहुल की बात के जवाब में संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मैं भी स्पीकर के केबिन में मौजूद था। ऐसा कोई कमिटनमेंट नहीं किया गया। संध्या ने राहुल से कहा कि आपकी तरफ से किसी और मुद्दे के लिए कोई नोटिस नहीं आया है, बजट पर चर्चा करनी हो तो बताएं। इसके बाद विपक्ष ने हंगामा किया। इसके बाद लोकसभा की कार्यवाही मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, विपक्ष लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव ला सकता है।


## भारत ने नेपाल की सेना को 50 सैन्य वाहन सौंपे

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने नेपाल के साथ रक्षा सहयोग और क्षमता निर्माण को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के तहत सोमवार को भारत-नेपाल सीमा पर नेपाली सेना को 50 सैन्य उपयोगी वाहन सौंपे। इन वाहनों को औपचारिक रूप से काठमांडू में आयोजित होने वाले एक समारोह में नेपाल में भारत के राजदूत द्वारा दिया भेंट किया जाएगा।

# लोकसभा अध्यक्ष पर संसदीय अधिकारों की रक्षा नहीं कर पाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**■ कांग्रेस की महिला सांसदों ने पत्र लिखकर लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की**



**नई दिल्ली।** कांग्रेस की महिला सांसदों ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर उन पर सत्ताधारी भाजपा के दबाव में विपक्षी महिला सांसदों के खिलाफ 'झूठे, निराधार और अपमानजनक' आरोप लगाने और विपक्ष के संसदीय अधिकारों की रक्षा करने में विफल रहने का आरोप लगाया है।

कांग्रेस सांसद एस. जोतिमणि के लेटरहेड पर सोमवार को भेजी गई एक कड़ी आपत्ति में, महिला सांसदों ने लोकसभा में लोकतंत्र के अभूतपूर्व हनन पर 'गहरी पीड़ा' व्यक्त की। पत्र में विशेष रूप से राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता राहुल गांधी को बोलने की अनुमति देने से बार-बार इन्कार किए जाने पर सवाल उठाया गया है। पत्र में कहा गया है कि अध्यक्ष का पद एक संवैधानिक कार्यालय है जिसका उद्देश्य संसद की गरिमा की रक्षा करना, निष्पक्षता सुनिश्चित करना और पार्टी संबद्धता से परे सभी सदस्यों के अधिकारों की रक्षा करना है। इसमें कहा गया है कि पिछले चार दिनों से लगातार स्थापित संसदीय परंपरा का 'जानबूझकर उल्लंघन' किया गया है। कांग्रेस सांसदों ने आरोप लगाया कि जहां राहुल गांधी को बोलने का अवसर नहीं दिया गया, वहीं इंडिया गठबंधन के आठ सांसदों को 'सत्तारूढ़ दल के इशारे पर' निलंबित कर दिया गया, जबकि एक भाजपा सांसद को सदन में पूर्व प्रधानमंत्रियों के खिलाफ 'अभद्र और अश्लील' टिप्पणी करने की अनुमति दी गई।

# सदन में आते ही वापस लौटने पर होता है बहुत दुख: प्रियंका

**■ बोलीं: सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा है कि यह बहुत दुखद स्थिति है कि लोकसभा नहीं चल रही है और सदन में आते ही उन्हें वापस लौटना पड़ता है।

श्रीमती वाड्रा ने लोकसभा की कार्यवाही दोपहर दो बजे दिनभर के लिए स्थगित होने के बाद संसद भवन परिसर में पत्रकारों से कहा कि सदन में विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया जाता है और सदन नहीं चल रहा है यह बहुत ही दुख की बात है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो, यह बहुत दुख की बात है कि हम सदन (लोकसभा) जाते हैं और बस बाहर आ जाते हैं। विपक्ष के नेता को एक मिनट भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती। यह हास्यास्पद है।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के 10 जिले घने कोहरे की चपेट में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मौसम ने फिर करवट बदली है, जिससे तापमान में 1.2 डिग्री की गिरावट दर्ज हुई है। भारतीय मौसम विभाग ने तराई वाले 10 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया है, जबकि 13 अन्य जिलों में खराब मौसम की आशंका जताई है। राजधानी लखनऊ समेत उत्तरी यूपी में रातें ठंडी होंगी, हालांकि अगले कुछ दिनों में तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी की उम्मीद है। इसी प्रकार बाकी के 52 जिलों में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र से जारी ताजा बुलेटिन के मुता. बिक तराई वाले जिलों गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, बरेली और पीलीभीत समेत आसपास के इलाकों में आज घना कोहरा छाया रहा। इन जिलों में सुबह के वक्त दृष्यता 10 मीटर से भी कम रही। इसी प्रकार बलिया, मऊ, आजमगढ़, देवरिया, संत कबीरनगर, बस्ती, गोंडा, सीतापुर, अंबेडकर नगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, शाहजहांपुर और आसपास के इलाकों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। हालांकि इस दौरान तापमान में ज्यादा परिवर्तन होने की कोई संभावना नहीं है।

### केजीएमयू के छह मजारों को दूसरी बार नोटिस जारी

**लखनऊ।** केजीएमयू परिसर में मौजूद मजारों को हटाने के लिए जारी पहली नोटिस का समय बीत चुका है, फिर भी मजारें हटाई नहीं गई हैं। अब केजीएमयू प्रशासन ने सोमवार को दूसरा नोटिस जारी कर दिया है। केजीएमयू परिसर में बनाई गई 6 मजारों को दूसरा नोटिस दिया गया है। केजीएमयू प्रशासन ने 22 जनवरी को मजारों को हटाने के लिए पहला नोटिस दिया था। इन मजारों को हटाने के लिए 15 दिन का समय दिया गया था।

### विधानमंडल में बजट सत्र के दौरान बोले सीएम योगी

# यूपी अब बीमारू नहीं, आर्थिक रूप से सशक्त

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडे होते हैं पहला राज्यपाल का अभिभाषण, दूसरा सामान्य बजट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विधानमंडल के बजट सत्र के मौके पर कहा कि जनसंख्या घनत्व के मामले में अव्वल यह राज्य अब 'बीमारू' नहीं बल्कि आर्थिक रूप से सशक्त राज्यों की श्रेणी में आता है, जो गर्व की बात है।

योगी ने सत्र की शुरुआत से पहले पत्रकारों से बातचीत में कहा कि उनकी सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक बीमारू राज्य अब देश में सशक्त राज्य के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। सदन के नेता ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि संसदीय परंपराओं के अनुरूप बजट सत्र की शुरुआत राज्यपाल के अभिभाषण से होगी और इसके बाद सदन में सामान्य बजट पर चर्चा की जाएगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट सत्र के दो प्रमुख एजेंडा होते हैं। पहला राज्यपाल का अभिभाषण और दूसरा सामान्य बजट। राज्यपाल का अभिभाषण सरकार की उपलब्धियों और भावी कार्य योजनाओं का दस्तावेज होता है, जिसके माध्यम से प्रदेश की जनता को संबोधित किया जाता है। इस पर सदन में माननीय सदस्य विस्तृत चर्चा करते हैं। उन्होंने कहा कि 11 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2026-27 का सामान्य बजट प्रस्तुत किया जाएगा, जिस पर विचार-विमर्श किया जाएगा। बजट सत्र की कार्यवाही 20 फरवरी तक चलेगी। मुख्यमंत्री ने यह भी जानकारी दी कि राज्यपाल के अभिभाषण के बाद आज पहली बार सदन में आर्थिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट भी प्रस्तुत की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार ने उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नया आयाम दिया है और लंबे समय तक 'बीमारू राज्य' कही जाने वाली छवि को बदला है। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश ने आर्थिक क्षेत्र में ब्रेक थ्रू किया है, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है और रोजगार के अवसर लगातार बढ़े हैं।

### बजट सत्र के दौरान चलने वाले स्वास्थ्य शिविर का मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बजट सत्र की शुरुआत से पूर्व विधान भवन में आयोजित स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। यह स्वास्थ्य शिविर उत्तर प्रदेश विधान सभा और विधान परिषद सदस्यों के लिए लगाया गया है, जिसमें केजीएमयू के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। उद्घाटन के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष, उप मुख्यमंत्री, मंत्रियों एवं जनप्रतिनिधियों ने भी अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। उत्तर प्रदेश विधानमंडल के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा यह शिविर आयोजित किया गया है। यह शिविर माननीय सदस्यों के साथ-साथ विधान भवन में उपस्थित अन्य लोगों की सुविधा के लिए भी उपलब्ध रहेगा। योगी ने कहा कि स्वस्थ दिनचर्या हर नागरिक का अधिकार होना चाहिए और प्रदेश सरकार इस दिशा में पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## पंजाब के लॉ कॉलेज में छात्रा का मर्डर कर की आत्महत्या

चंडीगढ़, वार्ता

■ परिजनों का आरोप पुलिस ने सही जानकारी नहीं दी

पंजाब के तरनतारन जिले के गांव उस्मा में स्थित एक मशहूर लॉ कॉलेज में सोमवार सुबह एक नौजवान छात्र ने कॉलेज कैंपस के अंदर ही अपनी साथी छात्रा के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। इतना ही नहीं युवक ने मौके पर ही खुद को भी गोली मारकर आत्महत्या कर ली, उसकी भी मौत हो गई है।

गोली लगने से लड़की की मौके पर ही मौत हो गई। इस हमले के बाद कॉलेज में मौजूद छात्र और स्टाफ में भगदड़ मच गई। इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मरने वाली छात्रा की पहचान संदीप कौर के तौर पर हुई, वहीं गोली मारने वाले शख्स का नाम प्रिंस राज है। जैसे ही घटना का पता चला, मौके पर पहुंचे परिवार वालों ने कॉलेज प्रबंधन के खिलाफ अपना विरोध जताया। परिवार और पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि इतना मशहूर कॉलेज होने के बावजूद सुरक्षा के नाम पर कोई इंतजाम नहीं है। उन्होंने कहा कि एक नौजवान छात्र कॉलेज के अंदर पिस्तौल लेकर आया है, यह भी जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि कॉलेज मैनेजमेंट समेत वहां के प्रिंसिपल के खिलाफ सही एक्शन लिया जाना चाहिए, क्योंकि घटना के बाद कॉलेज प्रशासन ने परिवार को सच नहीं बताया। परिवार वालों ने कहा कि कॉलेज प्रशासन ने सिर्फ उनसे इतना ही कहा कि वे लोग जल्द कॉलेज पहुंचे। उनकी बेटी घायल है।

परिवार के सदस्यों ने कहा कि जब वे कॉलेज पहुंचे, तो उनकी बच्ची मरी हुई पड़ी थी। उन्होंने कहा कि कॉलेज ने अपनी तरफ से वकील और पुलिस बुला ली है और उन्हें उनकी बेटी का चेहरा भी नहीं देखने दिया जा रहा है और न ही इस मामले में कोई जानकारी दी जा रही है। इस बीच इस मामले को लेकर मौके पर पहुंचे जांच अधिक. ारी ने मामले की अच्छी तरह से जांच की है। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कब्जे में ली है।

## आंनदीबेन का संबोधन विकास से दूर: मायावती

### बसपा ने गंभीर सवाल खड़े किए

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत पर राज्यपाल के अभिभाषण को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि संसदीय परंपरा के अनुसार दिया गया यह संबोधन प्रदेश के वास्तविक विकास, सर्वसमाज के उत्थान और व्यापक जनहित के मुद्दों से भटका हुआ नजर आया।

यह वास्तविक व थोड़ा उत्साही होता, तो यह बेहतर होता। सोमवार को सोशल मीडिया अकाउंट पर पोस्ट करते हुए मायावती ने कहा कि वास्तव में पूरे उत्तर प्रदेश में सर्वसमाज के करोड़ों लोग सरकार की गलत नीतियों व कार्यकलापों आदि से दुखी व त्रस्त हैं। जिसके प्रति राज्यपाल को सरकार का ध्यान आकर्षित कराना चाहिए था। प्रदेश की जनता के साथ-साथ विपक्ष को भी थोड़ा आश्वासन मिलता, विपक्ष की नारेबाजी होती रही तथा हंगामा भी होता रहा। राज्यपाल के सम्बोधन में भाजपा की सरकार द्वारा जनहित व जनकल्याण सम्बंधी बड़े-बड़े दावों, आश्वासनों, घोषणाओं व वादों आदि को पूरा करने सम्बंधी विवरणों का अभाव भी लोगों की चिन्ता का कारण रहा।

### एनएचएम संविदा कर्मियों का वेतन संकट गहराया, संघ ने की हस्तक्षेप की मांग

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत संविदा स्वास्थ्य कर्मियों को दिसंबर 2025 से वेतन न मिलने के कारण हालात लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ ने राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग के समक्ष कड़ा विरोध जताते हुए तत्काल समाधान की मांग की है। संघ के अध्यक्ष डा. अनिल गुप्ता और महामंत्री योगेश उपाध्याय की ओर से उपमुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि एनएचएम के तहत कार्यरत अल्प वेतनभोगी संविदा कर्मी पूरी तरह अपने मासिक वेतन पर निर्भर रहते हैं। लगातार दो माह से वेतन न मिलने के कारण कर्मचारियों के सामने घर का किराया, बच्चों की पढ़ाई, भोजन, दवा और अन्य आवश्यक खर्चों को पूरा करना मुश्किल हो गया है।

## डा. मिर्जा शफीक ने देश का नाम रोशन किया: राज्यपाल

पटना, वार्ता



बिहार के राजपाल आरिफ मुहम्मद खान ने कहा है कि उर्दू स्कॉलर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने देश का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करते हुए उन्हे अपनी किताबें 'इरफान सिद्दीकी,शख्स और शायर' और सेरफि ए अदब भेंट कीं। गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान ने कहा कि डा. मिर्ज़ा शफीक हुसैन शफक ने बहुत कम समय में उर्दू अदब में अपनी एक अलग और खास जगह बनाई है। उर्दू आलोचना को लेकर अदब की दुनिया में उनका नाम बड़े आदर और तहजीब से लिया जाता है। जिस तरह उन्होंने अदब की दुनिया में नाम कमाया है, उसी तरह वे इस्लामी दुनिया में भी एक बेमिसाल वक्ता के तौर पर मशहूर हैं। उनकी लिखी दर्जनों किताबें आज हमारे अदब का बहुत कीमती खजाना हैं। आरिफ मुहम्मद खान ने आगे कहा कि हमें उम्मीद है कि डा. मिर्जा शफीक हुसैन शफक इसी लगन से अदब और दीन की सेवा करते रहेंगे और देश का नाम रोशन करने में अपना योगदान देते रहेंगे। डा.मिर्जा शफीक हुसैन शफक ने गवर्नर हाउस में हुए स्वागत के लिए बिहार के गवर्नर आरिफ मुहम्मद खान का शुक्रिया अदा किया।

## जैव विविधता प्रबंधन समितियों को 46 लाख रुपये दिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जैव-विविधता प्राधिकरण ने जैव विविधता संरक्षण और जैविक संसाधनों के इस्तेमाल से प्राप्त लाभ का पारदर्शी तथा समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्यों के बोर्डों को 45.05 लाख रुपये वितरित किए है। आधिकारिक सूचना में सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि जैव-विविधता बोर्डों और केंद्र शासित प्रदेश जैव-विविधता परिषदों के जरिए लाभार्थियों को यह राशि दी जाएगी। इस भुगतान से 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में स्थापित 90 से अधिक जैव विविधता प्रबंधन समितियों और आंध्र प्रदेश के 15 लाल चंदन किसानों को लाभ मिलेगा। जिन राज्यों को यह सहायता दी गई है, उनमें तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र, असम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और लद्दाख शामिल हैं। यह लाभ-साझाकरण की राशि विभिन्न जैविक संसाधनों के उपयोग से उत्पन्न हुई है, पहुंच और लाभ-साझाकरण व्यवस्था के तहत, कंपनियों द्वारा अर्जित व्यावसायिक लाभ का एक हिस्सा संबंधित समुदायों को लौटाया जाता है। इससे न केवल उनकी आजीविका में सुधार होता है, बल्कि उन्हें जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए प्रेरणा भी मिलती है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010



**सेंसेक्स** 84065.75
**निफ्टी** 25867.30



**सोना रु.** 157400
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 261000
प्रति किलो



## शेयर बाजारों में तेजी जारी सेंसेक्स 485 अंक चढ़ा

मुंबई, वार्ता



अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौते और विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में सोमवार को तेजी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 485.35 अंक (0.58 प्रतिशत) की बढ़त में 84,065. 75 अंक पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 173.60 अंक यानी 0.68 प्रतिशत ऊपर 25,867.30 अंक पर बंद हुआ। अमेरिका और भारत के बीच अंतं. रम व्यापार समझौते पर दोनों देशों की ओर से 7 फरवरी को जारी साझा वक्तव्य में इसकी मुख्य बातों का खुलासा किया गया था। इससे आज निवेश धारणा को मजबूती मिली और बाजार में तेजी रही। बाजार में आज चौतरफा लिवाली रही। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा विश्वास दिखाया। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 1.33 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 2.64 प्रतिशत की बढ़त में रहा। सभी सेक्टरों के सूचकांक हरे निशान में रहे। सार्वजनिक बैंक, वित्त, मीडिया, धातु, फार्मा, रियलटी, स्वास्थ्य, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और रसायन समूहों के सूचकांकों में ज्यादा तेज रही। सेंसेक्स की कंपनियों में भारतीय स्टेट बैंक का शेयर सात प्रतिशत से अधिक उछला। टाइटन, टाटा स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट में ढाई से तीन प्रतिशत के बीच बढ़त रही। इटरनल, बीईएल, कोटक महिंद्रा बैंक, ट्रेंट, इंडिगो और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बीच चढ़े। एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, सनफार्मा, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और हिंदुस्तान यूनी. लिवर के शेयर भी हरे निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड और आईटीसी में एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही। एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक, इंफोसिस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी नीचे बंद हुए।

## सोना और चांदी की कीमतों में भारी इजाफा

**नई दिल्ली।** सोना-चांदी के दाम में आज यानी 9 फरवरी को बढ़त देखने को मिली है। सोमवार दोपहर 3 बजे के करीब एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,57,400 रुपये/10 ग्राम के करीब है। आज सोने में 1.25 प्रतिशत का उछाल देखा जा रहा है। वहीं चांदी की कीमतें आज सुबह से 4.45 प्रतिशत या 11,108 रुपये तक बढ़ चुकी है। चांदी फिलहाल एमसीएक्स पर 2.61 लाख/ किलो के पार पहुंच गई है। सर्राफा बाजार में सोने ने 29 जनवरी को 1,76,121 और चांदी ने 3,85,933 रुपए का हाई बनाया था। पिछले तीन कारोबारी सत्रों में सोने-चांदी की कीमतों में तेज गिरावट आई थी। इस दौरान सोना करीब 15 प्रतिशत तक सस्ता हो गया था।अब कीमतें स्थिर होते ही निवेशकों ने निचले स्तर पर खरीदारी शुरू कर दी है। हालांकि जानकारों का कहना है कि अभी सोने-चांदी में एकमुश्त पैसा लगाने से बचना चाहिए। इसकी जगह धीरे-धीरे निवेश करना ज्यादा फायदेमंद होगा। एक्सपर्ट ने चांदी की कीमतों पर बताया है कि मार्केट में डिमांड बरकरार है। प्रॉफिट बुकिंग अगर कम हो जाती है, तो एक बार फिर से चांदी के रेट में बड़ा इजाफा देखने को मिल सकता है। सोने-चांदी में आज निवेशकों ने खरीदारी का माहौल बनाया है।

## चावल ,चीनी, दालें महंगी, गेहूं सस्ता, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में सोमवार को चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ चीनी और दालों की कीमतों में भी तेजी रही जबकि गेहूं में भी नरमी देखी गई। खाद्य तेलों की कीमतों में उतार-चढ़ाव रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 94 रुपये बढ़कर 3,850 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं भी 31 रुपये टूट गया और 2,851 रुपये प्रति क्विंटल बोला गया। आटा 42 रुपये सस्ता हुआ। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल की औसत कीमत 198 रुपये बढ़ गई। चना दाल 157 रुपये और मसूर दाल 130 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। मूंग दाल 102 रुपये और उड़द दाल 32 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई। विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा आठ रिंगिट बढ़कर 4,162 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। अमेरिकी सोया तेल का मार्च वायदा भी 1.55 प्रतिशत की मजबूती के साथ 56.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में सोया तेल की औसत कीमत 131 रुपये और पाम ऑयल की 102 रुपये प्रति क्विंटल टूट गई। सूरजमुखी तेल में 45 रुपये और मूंगफली तेल में 30 रुपये प्रति क्विंटल की गिरावट रही। वनस्पति की कीमत 88 रुपये और सरसों तेल की 39 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गई। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 118 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गए। चीनी भी 17 रुपये प्रति क्विंटल महंगी हुई।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**विपक्ष की...**

रैंकिंग में सम्मिलित विश्वविद्यालयों की संख्या शून्य से बढ़कर 7 हो गई है। लखनऊ विश्व. विद्यालय और छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर को क्यूएस वर्ल्ड रैंकिंग में एसडीजी श्रेणी में स्थान प्राप्त हुआ है। आनंदीबेन ने कहा कि कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भी प्रदेश ने नई उपलब्धियां हासिल की हैं। आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) को नैक की सर्वोच्च ए प्लस प्लस ग्रेडिंग मिली है, जबकि सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्व. विद्यालय, मेरठ और बांदा कृषि विश्वविद्यालय, बांदा को नैक की 'ए' ग्रेडिंग प्राप्त हुई है। कानून-व्यवस्था पर बोलते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अपराध और माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। नवम्बर 2019 से अब तक 35 माफिया और 94 सह-अपराधियों सहित कुल 129 को आजीवन कारावास अथवा अन्य अवधि के कारावास और अर्थदंड से दंडित कराया गया है। इस दौरान 2 मामलों में मृत्युदंड की सजा हुई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक 267 अपराधी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और 977 अभियुक्तों को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत निरुद्ध किया गया है। माफिया अपराधियों से 4,137 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध रूप से अर्जित संपत्ति जब्त की जा चुकी है। शिक्षा के बुनियादी ढांचे पर प्रकाश डालते हुए राज्यपाल ने बताया कि प्रदेश के सभी 75 जनपदों में दो-दो विद्यालयों को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय और एक-एक विद्यालय को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में विकसित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में शिक्षकों के उपयोग के लिए 2 लाख 61 हजार से अधिक टैबलेट वितरित किए गए हैं। वर्ष 2025-26 में दुर्बल वर्ग के बच्चों के लिए निजी विद्यालयों में निःशुल्क शिक्षा के अंतर्गत 1 लाख 40 हजार से अधिक बच्चों का प्रवेश कराया गया। राज्यपाल ने बताया कि प्रोजेक्ट अलंकार योजना के तहत जर्जर विद्यालय भवनों का नवनिर्माण और सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। वर्ष 2023-24 से 2025-26 तक 275 करोड़ रुपये की धनराशि से 590 सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों को इस योजना से आच्छादित किया गया है। अंत में राज्यपाल ने कहा कि इन उपलब्धियों ने उत्तर प्रदेश की भावी विकास यात्रा को सुदृढ़ आधार दिया है और प्रदेश विकसित उत्तर प्रदेश के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है।

**एसआईआर में रुकावट...**

अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारी केवल ईआरओ की सहायता करना होगी, क्योंकि अंतिम निर्णय ईआरओ का ही होगा। चूंकि सरकारी अधिकारियों का एक नया समूह शामिल किया गया है, इसलिए प्रभावित व्यक्तियों द्वारा जमा किए गए दस्तावेजों की जांच प्रक्रिया में अधिक समय लगने की संभावना है। इसलिए ईआरओ को जांच पूरी करने और निर्णय लेने के लिए 14 फरवरी के बाद एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाए। पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया को आसान बनाने और चिंताओं के समाधान के लिए कोर्ट अंतरिम निर्देश जारी कर रही है। राज्य सरकार सुनिश्चित करे कि सभी 8,555 ग्रुप बी अधिकारी, जिनकी सूची सोमवार को सौंपी गई है, शाम 5 बजे तक जिला चुनाव अधिकारियों (डीआरओ) को रिपोर्ट करें।

चुनाव आयोग (ईसीआई) के पास मौजूदा ईआरओ और एईआरओ को बदलने और योग्य पाए जाने पर अधिकारियों की सेवाओं का उपयोग करने का अधिकार होगा। तारीख बढ़ाने का आदेश पारित करने से पहले चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) को रिपोर्ट करेंगे। कोर्ट ने मुकदमे की सुनवाई के दौरान वरिष्ठ वकील को अनुशासन का पाठ भी पढ़ाया। उन्होंने कहा कि सब एक साथ बोल रहे हैं और एक-दूसरे की बात काट रहे हैं, जिससे सुनवाई करना मुश्किल हो रहा है। चीफ जस्टिस (सीजेआई) सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली इस पीठ में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और एनवी अंजरिया भी शामिल हैं।

## ओवैसी ने असम के सीएम के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई

हैदराबाद, वार्ता



■ मुसलमानों के खिलाफ हिंसक वीडियो को लेकर आपराधिक कार्रवाई की मांग की

ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ हैदराबाद पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई है। हाल ही में भाजपा के असम राज्य के सोशल मीडिया अकाउंट पर मुस्लिम विरोधी वीडियो अपलोड किया गया था, जिसमें असम के मुख्यमंत्री सरमा मुस्लिम व्यक्तियों पर गोलियां चला रहे हैं। हालांकि विवाद बढ़ने के बाद उस वीडियो को पोस्ट से डिलीट कर दिया गया। ओवैसी ने इस मामले को लेकर हैदराबाद पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए असम सीएम के खिलाफ तुरंत आपराधिक कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार के पास सरमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराते हुए हैदराबाद के सांसद ओवैसी ने कहा कि उन्होंने (हिमंत बिस्वा सरमा) जानबूझकर और गलत इरादे से मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री पर दो धार्मिक समुदायों के बीच दुश्मनी बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह देश की एकता के लिए नुकसानदायक है। सांसद ओवैसी ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि उन्होंने पुलिस कमिश्नर के पास शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें सरमा के खिलाफ उनके (अब डिलीट किए गए) हिंसक वीडियो के लिए क्रिमिनल एक्शन की मांग की गई है, जिसमें वे मुसलमानों को गोली मारते हुए दिख रहे हैं। ओवैसी ने पोस्ट किया कि दुर्भाग्य से नरसंहार वाली हेट स्पीच एक आम बात हो गई है। उन्होंने कमिश्नर को लिखा कि पिछले कई सालों से सरमा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, पब्लिक स्पीच और दूसरे प्लेटफॉर्म के जरिए लगातार मुस्लिम समुदाय के खिलाफ बयान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे कई भाषण अभी भी पब्लिक डोमेन में मौजूद हैं। पत्र में लिखा है कि हाल के महीनों में मुख्यमंत्री सरमा ने जानबूझकर अपने हेट स्पीच तेज कर दिए हैं, जिनका साफ और सोचा-समझा इरादा मुसलमानों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना और हिंदुओं और मुसलमानों के बीच दुश्मनी और नफरत को बढ़ावा देना है, यह अच्छी तरह जानते हुए भी कि ऐसे इल्जाम देश की एकता के लिए नुकसानदायक हैं और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुंचाते हैं। असम भाजपा के ऑफिशियल एक्स अकाउंट से 7 फरवरी को पोस्ट किया गया एक हालिया वीडियो जिसे एक दिन बाद हटा दिया गया था, लेकिन अभी भी सोशल मीडिया पर मौजूद है।वीडियो में इस्तेमाल की गई तस्वीरें और पाइंट ब्लैंक शूट और नो मर्सी जैसे बयान जानबूझकर और गलत इरादे से किया गया काम है, जिसका मकसद मुसलमानों की भावनाओं को ठेस पहुंचाना, धार्मिक समुदायों के बीच नफरत और दुश्मनी को बढ़ावा देना और सांप्रदायिक हिंसा भड़काना है।

# गैर इरादतन हत्या में तीन सगे भाइयों सहित चार को कारावास

## कोर्ट ने अर्थदण्ड भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे/एफटीसी द्वितीय ने गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन सगे भाईयों सहित एक अभियुक्त के पुत्र को दस-दस वर्ष के कठोर कारावास एवं 88 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार वादिनी सविता पत्नी सुरेन्द्र सिंह ने आठ जुलाई 2016 को थाना धामपुर में तहरीर दी थी कि नंदलाल, घनश्याम व केशव पुत्रगण बनवारी एवं ईश्वर पुत्र नंदलाल निवासीगण ग्राम परमावाला, थाना धामपुर ने उसके पति के साथ गाली-गलौच करते हुए ईंटों से हमला किया। जिसमें उनके पति के पेट में गंभीर चोटें आई। धामपुर पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 446/2016 धारा 323, 308, 504 व 506 आईपीसी में पंजीकृत किया था। विवेचना के दौरान अभियोग में धारा 34 आईपीसी की वृद्धि की गई थी।

विवेचना के बाद पुलिस ने आरा.ेप पत्र न्यायालय में प्रेषित कर दिया था। अभियुक्तों को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी। न्यायालय एडीजे/एफटीसी द्वितीय ने चारों अभियुक्तों को दस-दस वर्ष के कठोर कारावास एवं अठ्ठासी हजार रुपए के अर्थदण्ड से दंडित किया है।

बताया जाता है कि दोनों पक्षों के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसमें कोर्ट ने यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए थे। अभियुक्तों के द्वारा विवादित भूमि में निर्माण शुरू कर दिया गया था। सविता, उसके पति सुरेन्द्र एवं उनकी लड़की तन्नू ने ऐसा करने से मना किया, तो चारों आरोपियों ने सुरेन्द्र को नीचे गिरा कर पेट में ईंटों से वार किया था। जिसकी वजह से सुरेन्द्र को गंभीर चोट पहुंची थी और वह बेहोश हो गया था। बाद में उसकी मौत हो गई थी।

# झूठी निकली लूट

## जेठानी के जेवरात पर नियत हो गई थी खराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** कहावत है कि घर का भेदी लंका ढाए ! और यह कहावत एक बार फिर उस समय सटीक साबित हुई जब लाखों की लूट करने वाले घर के ही लोग निकले! सूत्र बताते है कि रो-पीट कर पुलिस को लूट-लूट बताने वाली महिला ही न केवल इस पूरे प्लान की मास्टरमाइंड निकली बल्कि इन जेवरातों को लूटने वाली भी वह स्वयं ही है।

विदित हो कि शनिवार सुबह करीब 9 बजे हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम मंडोरा जट में राशन डीलर अमित कुमार के घर में लाखों की लूट की सूचना मिलते ही न केवल स्थानीय पुलिस बल्कि पुलिस क्षेत्राधिकारी देश दीपक सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने भी फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया था और जांच टीमों का गठन कर शीघ्र घटना के खुलासे का आश्वासन दिया था। उधर सूत्रों का दावा है कि पुलिस ने अमित की पत्नी शिवानी से जब कड़ाई से पूछताछ की तो उसने सारा राज खोल दिया, जिसके बाद पुलिस ने खेत में गड्ढा खोदकर दबाए गए लूट के पूरे माल (जेवरात) को बरामद कर लिया। इस पूरे घटनाक्रम में कुल तीन लोग शामिल बताए जा रहे है। हालांकि सूत्र बता रहे थे कि शिवानी इस पूरे कांड की स्वयं जिम्मेदारी ले रही थी। उधर समाचार लिखे जाने तक पुलिस की पूछताछ जारी थी। वहीं सूत्र बताते है कि फौज में तैनात योगेंद्र सिंह के बड़े लड़के सुमित कुमार की पत्नी के सभी जेवरात घर पर ही मौजूद थे। जिन्हें हड़पने के लिए राशन डीलर अमित की पत्नी शिवानी और उसके भाई व सास ने षड़यंत्र रचा था। सूत्रों का यह भी दावा है कि यह जेवरात 4 फरवरी को ही सेफ अलमारी का लॉक तोड़कर सही जगह पहुंचा दिए गए थे और अलमारी पर पर्दा ढक दिया गया था। वहीं ड्रामा करने का सही समय देखकर 7 फरवरी को शिवानी ने घर में किसी को भी न देखकर फैल बिखेरते हुए लूट लूट चिल्लाना शुरू कर दिया था, जिसके बाद न केवल गांव में बल्कि जिले भर में हड़कंप मच गया था। वहीं सीओ चांदपुर, सीओ लाइन, फील्ड यूनिट, एसओजी व एसपी ग्रामीण ने घटना के खुलासे के लिए सोमवार को सुबह से ही हीमपुर दीपा थाने में डेरा डाल लिया था। सूत्र बताते है कि शाम तक पुलिस ने न केवल माल बरामद कर लिया बल्कि 90 प्रतिशत घटना का अनावरण कर कागजी कार्रवाई में जुट गई थी।

### सही निकली थाना प्रभारी की भविष्यवाणी

कर्मठ और दूरगामी सोच रखने वाले थाना प्रभारी जयभगवान सिंह ने घटना के अंदाजे से ही घटना के दिन ही इसे संदिग्ध और घर में किसी बाहरी लुटेरे का न घुसना बताया था जो सही साबित हुआ। घर में लूट की वारदात को स्वयं डीलर की पत्नी शिवानी द्वारा ही अंजाम देना पाया गया है।

### क्या है घटना

दरअसल मंडोरा जट निवासी योगेंद्र सिंह की पत्नी का पूर्व में ही निधन हो गया था। उनका बड़ा पुत्र सुमित कुमार फौज में तैनात है और उसकी पत्नी बच्चों की पढ़ाई के चलते बाहर रह रही है, जिसकी सारी चीज जेवरात अपनी ससुराल में ही रखी थी। वहीं उनका दूसरा बेटा अमित कुमार गांव का राशन डीलर है, जिसकी पत्नी शिवानी घर में ही रहती है। सूत्र बताते है कि शिवानी और उसके भाई गोलू व उसकी मां की नीयत शिवानी की जेठानी के जेवरातों पर खराब हो गई, जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से इस पूरे घटनाक्रम को अंजाम दे दिया गया।

## गुलदार के हमले में घायल

**अफजलगढ़।** ग्राम हिदायतपुर टांडा में खेत में काम कर रहे राजेंद्र सिंह पुत्र चंदन सिंह पर गुलदार ने हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पास में मौजूद अन्य लोगों ने शोर मचाया तो गुलदार वहां से भाग निकला।

### शाह टाइम्स की खबर का असर

# चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, एक गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** शाह टाइम्स अखबार में प्रकाशित 'चाइनीज मांझा बना मौत का धागा' शीर्षक से छपी खबर को संज्ञान में लेते हुए किरतपुर पुलिस ने त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए चाइनीज मांझे के अवैध कारोबार पर करारा प्रहार किया है।

बिजनौर मुख्यालय स्तर से चाइनीज मांझे के विरुद्ध 06 फरवरी 2026 से चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत आज थाना किरतपुर पुलिस टीम ने छितावर रोड स्थित एक नवनिर्मित कॉलोनी में चेकिंग के दौरान आदिल खां (30 वर्ष) पुत्र कुदरतउल्ला निवासी मोहल्ला भुड्डी, कस्बा व थाना किरतपुर को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 113 लच्छी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा एवं मांझा चलाने की 04 चरखी बरामद की गईं। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध थाना किरतपुर पर मु.अ.सं. 33/2026, धारा 270 बीएनएस एवं 05/15 पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी है।

उल्लेखनीय है कि शाह टाइम्स ने चाइनीज मांझे से हो रहे जान-माल के नुकसान, पक्षियों की मौत और आमजन की सुरक्षा पर मंडराते खतरे को प्रमुखता से उजागर किया था। उसी खबर के बाद पुलिस प्रशासन हरकत में आया और यह कार्रवाई की गई, जिससे अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

क्षेत्रीय नागरिकों ने किरतपुर पुलिस की इस सराहनीय कार्रवाई की प्रशंसा करते हुए कहा कि यदि मीडिया और पुलिस इसी तरह समन्वय के साथ कार्य करें, तो समाज को सुरक्षित बनाया जा सकता है। थाना प्रभारी निरीक्षक पुष्पेंद्र सिंह का कहना है कि प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बिल्कुल नहीं बिकने दिया जाएगा।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार, उप निरीक्षक दीपक नागर, हेड कांस्टेबल 443 कपिल कुमार, कांस्टेबल 689 गौरव कुमार शामिल रहे।

शाह टाइम्स की खबर का असर एक बार फिर साबित करता है कि सजग पत्रकारिता और सक्रिय पुलिस मिलकर समाज को जानलेवा खतरों से बचा सकती है।

# ग्राहकों को लूट रहे मीट माफिया

## योगी सरकार का आदेश बताकर काटी जा रही जेब





**शेख मौहम्मद यूसुफ**

**अफजलगढ़।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में भैंस का मांस बेचने वाले माफियाओं व सप्लायरों ने योगी सरकार को बदनाम करते हुए दोनों हाथों से लूट मचा रखी है। गंभीर बात यह है कि शासनादेशों व मानकों को अनदेखा कर मांस विक्रेताओं के द्वारा बदबूदार व गंदगी से भरी दुकानों में बासी मांस बेचा जा रहा है। प्रशासन के द्वारा न तो इनके खिलाफ कार्यवाही की जा रही है और न ही रिश्वतखोरी के बल पर खोली गई दुकानों को बंद कराया जा रहा है। फैक्ट्रियों से मांस लाने वाले माफिया खुद को पुलिस का आदमी बताते हुए मनमानी कर रहे हैं।

ब्लॉक व नगर क्षेत्र में इन दिनों भैंस के मांस के दामों में लगातार और मनमानी बढ़ोतरी की जा रही है। जिसके कारण मांस खाने वाले व खासकर गरीब एवं मध्यम वर्ग के ग्राहकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। योगी सरकार का आदेश बताते हुए मांस विक्रेता कह रहे है कि उन्हें पुलिस और खाद्य विभाग के अधिकारियों को हर माह लाखों रुपए देने पड़ रहे हैं। जिस थाना क्षेत्र से मांस की गाड़ी गुजरती है, वहां पर हफ्ता देना पड़ता है। क्षेत्र की दुकानों पर अलग-अलग रेट वसूले जा रहे हैं। कहीं 320 रुपए, तो कहीं 340 रुपए प्रति किलो तक भैंस का मांस बेचा जा रहा है। दो वर्ष पूर्व भैंस का मांस 180 प्रति किलो के भाव से बिकता था, जो इस वर्ष की शुरूआत में बढ़ाकर 320 रुपए किलो के भाव से बेचा जा रहा था। लेकिन अब 340 रुपए प्रति किलो तक बेचा जा रहा है। स्लॉटर हाउस से मांस लाने वाले सप्लायरों के द्वारा माफियागर्दी दिखाई जा रही है। वह खुद को पुलिस का आदमी बताते हुए किसी अन्य को मांस नहीं लाने देते है। इनका साफ कहना है कि वह लाखों रुपए पुलिस व खाद्य विभाग के अधिकारियों को दे रहे हैं। उनका पैसा लखनऊ तक जा रहा है। उनके द्वारा मनमाने ढंग से रेट बढ़ाया जा रहा है। मांस माफियाओं की इस करतूत से योगी सरकार व पुलिस बदनाम हो रही है। मांस माफिया इतने खतरनाक हो गए है कि वह डंके की चोट पर अपना काम कर रहे हैं। अगर कोई उनका विरोध करता है, तो पुलिस से उठवाने की धमकी देते हैं।

इस संबंध में भारतीय किसान यूनियन (महाशक्ति) के जिला अध्यक्ष आमिर पठान का कहना है कि मांस विक्रेता बिना किसी निर्धारित रेट लिस्ट के मनमाने दाम वसूल रहे हैं। एक ही इलाके की दुकानों पर भी 30 से 40 रुपए प्रति किलो तक का अंतर देखने को मिल रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि न तो कोई शासन की प्रभावशाली निगरानी है और न ही करोड़ों रुपए कमाने वाले इन विक्रेताओं व सप्लायरों पर आयकर विभाग कार्यवाही कर रहा है। आरोप है कि दाम पूछने पर दुकानदार कभी महंगाई का हवाला देते हैं, तो कभी सप्लाई कम आने की बात कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं। दुकानों पर मानकों को दरकिनार कर बासी मांस बेचा जा रहा है। अधिकतर विक्रेताओं की दुकानों पर मांस को सुबह से शाम तक खुले में लटका कर रखा जाता है। जिस पर मक्खियां व धूल बैठती है। इनकी दुकानों पर न तो फ्रीजर है और न ही सफाई का प्रबंध है। कई दुकानों पर खराब फ्रीजर रखे हुए है। जो चलते ही नहीं है। बासी मांस बेचा जाता है। अधिकतर दुकानों पर बदबू व गंदगी रहती है। हड्डी, चर्बी व गंदगी सहित मांस के उन अवशेषों को तौला जाता है, जो खाने योग्य भी नहीं होते हैं। जिसको लेकर दुकानदार व खरीदार के दरमियान बहस लड़ाई-झगड़े तक पहुंच जाती है।

गौरतलब है कि साल 2023-24 में भैंस के मांस का मूल्य 180 रुपए प्रति किलो था। जो बढ़कर 220 प्रति किलो हुआ। वर्ष 2025 में एक बार फिर बढ़ाकर 260 रुपये प्रति किलो कर दिया गया। जबकि 2025 के अंत तक कीमत 280 रुपए प्रति किलो पहुंच गई। वर्ष 2026 की शुरुआत में दाम 320 रुपए प्रति किलो किए गए और अब कुछ दुकानदारों ने इसे बढ़ाकर 340 रुपए प्रति किलो तक कर दिया है। दामों में हुई इस बढ़ोतरी पर उपभोक्ताओं ने आक्रोश जताया है। उनका कहना है कि भैस के मांस का कारोबार एक ही बिरादरी के हाथों में होने के कारण दुकानदार मनमाने तरीके से हर महीने दाम बढ़ा देते हैं। महंगाई के इस दौर में गरीब और मध्यम वर्ग पहले ही परेशान है, ऐसे में अचानक दाम बढ़ाना ग्राहकों के साथ अन्याय है। फूड इंस्पेक्टर द्वारा भूतपुरी निवासी एक दलाल के माध्यम से विक्रेताओं से महीना वसूल किया जाता है।

भाजपा नेता व पूर्व चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी एड. ने कहा कि मांस विक्रेता हर माह दाम बढ़ाकर मनमानी कर रहे हैं, जिस पर रोक लगनी चाहिए। अन्य खाद्य पदार्थों की तरह मांस के दाम भी निर्धारित होने चाहिए, ताकि गरीबों पर अनावश्यक बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि जब सप्लायर पांच या दस रुपए दाम बढ़ाते हैं, तो दुकानदार एक साथ 20 से 40 रूपया प्रति किलो की बढ़ोतरी कर देते हैं। यह गंभीर विषय है, जिस पर लगाम लगाने की सख्त जरूरत है।

नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि मांस के दाम तय किए जाएं और रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से लगवाई जाए। मनमानी वसूली करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

साथ ही मांस सप्लाई करने वाली गाड़ियों तथा दुकानों पर प्रशासन के नियमों व मानकों को को पूरा नहीं किया जा रहा है। न ही सफाई व्यवस्था का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। मांस के सप्लायर गाड़ियों में गंदे जूते व चप्पल लेकर चढ़ते हैं। जिससे बीमारी फैलने का अंदेशा बना रहता है। ग्राहकों का कहना है कि मांस की सप्लाई में किसी एक माफिया को छूट नहीं मिलनी चाहिए। माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। साथ ही सभी मानकों को पूरा कराया जाना चाहिए। बासी मांस बेचने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए और छापे मार कर इनके लाइसेंस निरस्त किए जाने चाहिए। इस कारोबार में पूरी ईमानदारी बरती जानी चाहिए।

## एक नजर

### चोर दीपक सैनी अरेस्ट



**राजा का ताजपुर।** एक हफ्ते पहले अज्ञात चोरों ने एसबीआई शाखा में कुंबल लगाकर चोरी करने का प्रयास किया था। सायरन बजते ही चोर भाग गए थे। चोरों ने उस रात कई जगह चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। घटनाओं का खुलासा करने को लेकर पुलिस पर काफी दबाव बना हुआ था। पुलिस ने बड़ी मशक्कत के बाद ताजपुर के सैनी धर्मशाला निवासी दीपक सैनी पुत्र शेर सिंह सैनी को गिरफ्तार कर लिया है।

### रालोद के जिलाध्यक्ष का स्वागत



**बिजनौर।** रालोद के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप का आज यहां नुमाइश ग्राउण्ड चौक पर स्वागत किया गया। इस दौरान पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। एक बैंकट हॉल में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कश्यप समाज के लोग भी शामिल हुए। वक्ताओं ने रालोद को मजबूत करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में रुहेलखण्ड क्षेत्र के अध्यक्ष चौधरी रामवीर सिंह, हस्तिनापुर क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चेयरमैन, आशु राणा, डॉ. नीरज चौधरी आदि भी शामिल हुए। अध्यक्षता सरदार बुध सिंह ने की। संचालन संजीव चौधरी ने किया।

### चोर को खंभे से बांधा




**राजा का ताजपुर।** ग्राम जमालपुर किरत में बीती रात तीन चोरों ने बंद घरों को निशाना बनाने की नियत से धावा बोल दिया। आसपास के घरों में जाग होने से वह चोरी करने में नाकाम रहे। ग्रामीणों ने बामुश्किल एक चोर को रंगे हाथों पकड़ लिया। मगर दो चोर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने एक चोर को बिजली के खंभे से बांध दिया। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने चोर को अपने कब्जे में ले लिया। चोर ग्राम नसीरपुर का रहने वाला है।

### खालसा कॉलेज में क्रीड़ा प्रति.

**नूरपुर।** खालसा इंटर कॉलेज में ब्लाक स्तरीय क्रीड़ा प्रति. का आयोजन किया गया। प्रति. में सफल रहे बच्चों को ब्लॉक अध्यक्ष नितिन चौहान ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रति. का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख आकांक्षा चौहान व खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश ने संयुक्त रूप से किया। इसमें क्षेत्र के दर्जनों स्कूलों के बच्चों ने भाग ले कर खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सौ मीटर दौड़ में कविता ने प्रथम व सौफिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दौ सौ मीटर दौड़ में कनिका प्रथम रही प्राथमिक स्तर पर पचास मीटर दौड़ में वंश ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सौ मीटर व दो सौ मीटर दौड़ में रवि ने बाजी मारी। जबकि चार सौ मीटर दौड़ सानिया अबजुर ने अपनी प्रतिभा का लौहा मनवाया। इस अवसर पर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह जिला प्रवक्ता अंगजीत सिंह चौधरी, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष नितिन चौहान, प्रदीप चौहान, केवल कुमार, यशपाल सिंह हिरेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

### साहनपुर में लगा कांवड़ सेवा शिविर




**नजीबाबाद।** कस्बा साहनपुर में गत वर्षों की भांति कांवड़ सेवा शिविर की शुरूआत की गई। पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री राजा भारतेंद्र सिंह ने कांवड़ सेवा समिति के साथ भंडारे की शुरुआत की गई। विदित रहे कि साहनपुर में यह तेरहवां विशाल भंडारा और टी स्टाल का संचालन चल रहा है। इस शिविर में निरंतर भंडारे के साथ भक्तों को ठहरने, स्नान करने, फोन चार्ज करने की व्यवस्था भी है। इस अवसर पर राजकुमार प्रजापति, योगाचार्य अरुण राजपूत, अशोक राजपूत, जितेंद्र कुमार शर्मा, संजीव शर्मा, विकास राजपूत, राहुल शर्मा, मनोज राजपूत, अजय शर्मा, सचिन देशवाल, मंजेश राजपूत, पवन कारीगर आदि मौजूद रहे।

### आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक

**अफजलगढ़।** स्थानीय ब्लॉक के कासमपुर गढ़ी में लगातार आवारा कुत्तों और बंदरों का आतंक बढ़ता ही जा रहा है। प्रतिदिन कुत्तों के काटे जाने को लेकर क्षेत्र में खौफ का माहौल है। बीती देर शाम तक लगातार पीएचसी व सीएचसी अफजलगढ़ में आवारा कुत्तों के काटने से घायल मरीजों का उपचार होता रहा। ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अमन शर्मा (32 वर्ष) मानियावाला, शिवांग (18 वर्ष) उदयपुर, रजवन्त (12 वर्ष) फतेहपुर धारा, काकू (12 वर्ष) मलौनी, अजान (24 वर्ष) छतरीपट्टा, हिना (30 वर्ष) रेहड़, सावित्री (42 वर्ष) कल्लूवाला, शबाना (30 वर्ष) शहजादपुर, माया रानी (47 वर्ष) गढ़वावाला, सेवा सिंह (42 वर्ष) नारायणवाला, कुसुम देवी (45 वर्ष) पुक्खेवाला, दिवंयाशी (10 वर्ष) हरेवली, राबिया खातून (50 वर्ष) भिक्खावाला, लोकेश (25 वर्ष) भूतपुरी को आवारा कुत्तों ने हमला कर घायल कर दिया। सभी घायलों को रेबीज वैक्सीन इंजेक्शन लगाकर उपचार किया गया। क्षेत्र में भारी मात्रा में बंदरों व आवारा कुत्तों ने आतंक मचा रखा है। आम नागरिकों का जीना दूभर कर रखा है। आवारा कुत्ते ने नगर की सड़कों पर वाहनों के पीछे भागते हैं जिससे दोपहिया वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। शाम होते ही थाना कोतवाली के सामने आवारा कुत्तों का आतंक बरपा रहता है। सोमवार के शाम बाइक का पीछा कर रहे हैं कुत्तों ने के कारण बाइक सवार मौहम्मद तल्हा, मौहम्मद अयान व अमन कुमार गिरकर घायल हो गए।

# मंडावर में भूमाफियाओं ने रातों-रात पेड़ कटवाए

## कॉलोनियां काटने के लिए भूमाफिया उजाड़ रहे बाग, पर्यावरण संघर्ष समिति ने सौंपा ज्ञापन





**विशाल खटीक**

**मंडावर।** कस्बे के हरे भरे आम के बागों को काटने, उजाड़ने का सिलसिला तेजी से जारी हैं। डीएफओ और उनके अधीनस्थ अधिकारी और उद्यान अधिकारी ही आम के बाग के दुश्मन बनकर भूमाफियाओं और कॉलोनाइजर के हाथों की कठपुतली बन कर अवैध परमिट जारी कर आम के बागों को रातों रात कटवा रहे हैं। बीती रात अधिकारियों की साठगांठ से यहां गैस की एजेंसी के पीछे खड़े हरे-भरे आम के बाग को कटवा दिया गया, जिससे जनता हतप्रभ हैं और पर्यावरण चिंतक परेशान हैं।

मंडावर फलों के राजा आम के फल की पैदावार के लिए प्रसिद्ध है। यहां से उत्पादित आम की मिठास देश विदेश तक पहुंचती है। यहां से देश की तमाम बड़ी फल मंडियों को आम का फल निर्यात किया जाता हैं। हमारे कस्बे के चारों तरफ आम के हरे भरे बाग हैं। एक बाग 20 साल की कड़ी मेहनत, मशक्कत और देखभाल के बाद तैयार होता है। किन्तु पिछले कई सालों से लगातार भू-माफिया, कॉलोनाईजर जिला उद्यान अधिकारी/कर्मचारी और डीएफओ, एसडीओ, रेंजर, वन दरोगा से लेकर उद्यान अधिकारी तक सभी हरे भरे आम के बागों को कटवाने/उजड़वाने में अपनी भागीदारी निभा रहे हैं और पर्यावरण को नुकसान पहुंचा रहे हैं। कस्बे के पूरब में दरबार शरीफ के समीप हाजी छम्मन का बाग, पीर वाली तालाब के समीप पंडित वाला समेत कई आम के बागों से लेकर संत पोल्स स्कूल के समीप, जुगाड़ स्टैण्ड के समीप, कालंद्री मन्दिर मार्ग, दयालवाला स्टैण्ड के समीप, चंदक मार्ग, मंडावर डिग्री कॉलेज के सामने शकील नाई समेत कई बाग, मंडावर बस स्टैण्ड पर डाक्टर देवशर्मा के बाग को चुन-चुन कर रातों रात काटा उजाड़ा और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया गया। जो उ.प्र. वन संरक्षण अधिनियम-1977 की धारा-4/10 का उल्लंघन है। पर्यावरण संरक्षण के विरूद्ध है। आम के बागों को काटवाने उजाड़वाने के लिए जिला उद्यान अधिकारी और डीएफओ बिजनौर तक भू-माफिया से साठगांठ से जारी परमिट से बिजनौर मार्ग पर बंधन बैंकट हॉल के सामने लाला रामकिशन और मुकंदी वाला बाग रविवार अवकाश को काट डाला गया। उसमें खड़े हरे भरे 85 पेड़ आम और 35 पेड़ अमरूद के काट कर मैदान बना डाला। इसी तरह 21 दिसम्बर को किरतपुर मार्ग पर ग्राम मौढ़िया के लल्लू द्वार के सामने सरकारी नलकूप के पूरब में स्थित आम के बाग को काट दिया ।

बीती रात मंडावर में गैस एजेन्सी के पीछे खड़े हरे भरे आम के बाग पर रात के अंधेरे में भू-माफियाओं ने आरा मशीने चलवा दी और पूरे के पूरे बाग को रातो-रात काट कर समाप्त कर दिया गया। जनता क्षेत्र में लगातार आम के बागों को खत्म करने के अभियान से हैरान हैं। वहीं पर्यावरण चिन्तक दु:खी हैं ।

इस संबंध में पर्यावरण चिन्तक सुनीलपाल मनोहारिया ने अपने संगठन राष्ट्रीय पर्यावरण सुरक्षा संघर्ष समिति के लैटर हेड पर इसकी शिकायत जिलाधिकारी जसजीत कौर से की। उन्होंने प्रार्थना पत्र में मंडावर के चारों तरफ जिन आम के बागों को काटा उजाड़ा गया और उनके स्थान पर बनी सभी कालोनियों को चिन्हित किया जाए और उनका भौजिक सत्यापन खसरा खतौनी से कराने और कार्यवाही कराने हेतु उच्च स्तरीय टीम गठित की जाने, आम के बगीचों को कटवाने/उजड़वाने वाले बाग मालिकों व कॉलोनाइजर, भू-माफियाओं को चिन्हित कराकर और उनके साथ ही जिला उद्यान अधिकारी/कर्मचारी, डीएफओ, एसडीओ, रेंजर वन दरोगा पर पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने, वन संरक्षण अधिनियम और भ्रष्टाचार के अन्तर्गत मुकदमें दर्ज कराएं जाने, जिला उद्यान अधिकारी/कर्मचारी, डीएफओ बिजनौर, एसडीओ रेंजर वन दरोगा द्वारा जारी किए गए परमिट की जांच कराई जाएं कि उन्होंने हरे भरे आम के बागों को किस आधार पर परमिट जारी किए। उपरोक्त विभागीय अधिकारियों को आगे किसी भी आम के बाग के काटने/उजाड़ने के परमिट जारी करने पर प्रतिबन्ध लगाया जाने, हरे भरे आम के बागों में एक पेड़ काटने का 5 लाख से 15 लाख रूपये जुर्माना करने के लिये एनजीटी के लिये संस्तुति की जाने, बागों व कृषि भूमि में आवासीय प्लाट के बैनामे न किए जाने के लिए रजिस्ट्री कार्यालय बिजनौर को निर्देशित किए जाने, जिला उद्यान अधिकारी/कर्मचारियों, डीएफओ बिजनौर, एसडीओ, रेंजर वन दरोगा की सम्पत्तियों की जांच कराई जाने, कॉलोनाइजर भू-माफियाओं, जमीनों की खरीद फरोख्त करने वाले सभी लोगों की सूची बनाई जाए और ईडी द्वारा उनकी चल अचल सम्पत्ति की जांच कराए जाने और आरा मशीन को भी बिना लाइसेंस के अवैध घोषित किया जाने की मांग की हैं। साथ ही जिला प्रशासन को चेतावनी दी कि यदि पर्यावरण को बचाने के लिए मंडावर में आम के बागों को काटने से नहीं रोका गया तो समिति आमरण अनशन शुरू करने को बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# फड़ लगाने वालों से वसूली

## नगर पालिका द्वारा वसूली करने के विरोध में उतरे सभासद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** नहटौर में लगने वाला करीब 70 वर्ष पुराना नया बाजार में कपड़े के फड़ लगाने वाले लोगों से सुविधा शुल्क के रूप में नगर पालिका द्वारा वसूली करने का सभासदों ने विरोध किया है और इस मामले को लेकर ईओ से मुलाकात की है।



नगर पालिका ने कुछ दिन पूर्व बाजार को व्यवस्थित रूप से करने के लिए सुविधा शुल्क वसूलने के लिए टेंडर जारी करते हुए ठेका दिया था। आरोप है कि ठेकेदार बिना किसी निर्धारित शुल्क के सुविधा शुल्क वसूल रहे हैं। वसूल किए गए शुल्क की कोई रसीद भी फड़ वालों को नहीं दी जा रही है। विरोध के चलते सोमवार के साप्ताहिक बाजार में सुविधा शुल्क नहीं दिया गया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर के नया बाजार में करीब 70 वर्ष पुराना प्रसिद्ध कपड़ा बाजार लगता है, जिसमें फड़ लगाए जाते हैं और फड़ लगाकर गरीब लोग अपनी रोजी-रोटी चलाते हैं। उक्त बाजार में कुछ फड़ ही नगर पालिका की भूमि के सामने लगते हैं। यह भूमि आबादी व तालाब के रूप में दर्ज है। यह बाजार करीब 500 मीटर के दायरे में लगाया जाता है। सड़क के दोनों ओर फड़ लगाए जाते हैं। जिस भूमि को नगर पालिका अपनी बता रही है, उसको लेकर पूर्व सभासद खुर्शीद आलम का कहना है कि उसने यथा स्थिति बनाए रखने का हाईकोर्ट से स्टे ले रखा है और हाईकोर्ट के स्टे को अनदेखा करते हुए नगर पालिका अपनी मनमानी पर लगी हुई है। नगर पालिका ने बाजार को व्यवस्थित करने के नाम पर सुविधा शुल्क को वसूलने के लिए टेंडर जारी करते हुए ठेका दे दिया। पिछले शुक्रवार को फड़ लगाने वालों से सुविधा शुल्क के रूप में सौ रुपए प्रति फड़ वालों से वसूले गए। नगर पालिका की भूमि के सामने के अलावा सड़क किनारे व कब्रिस्तान की बाउंड्री की ओर लगने वाले फड़ वालों से सुविधा शुल्क लिया गया।

सोमवार को पालिका के सभासद विशाल अहमद, बिट्टू सैनी, श्रवण सैनी, इजलाल अहमद, रामाव. तार सैनी, इसरार अहमद, सलीम अहमद, अतीक अहमद, काका अंसारी, शाहिद हुसैन आदि नगर पालिका के ईओ से मिले। उन्होंने मांग उठाई की गरीब फड़ वालों से इस तरह से सुविधा शुल्क वसूलना सरासर गलत है और वह इसका विरोध करते हैं। इसके बाद सोमवार को कोई सुविधा शुल्क नहीं वसूला गया है। पालिका के सभासद रियासत बॉन्टिस का कहना है कि की शहर में कई स्थानों पर फड़ लगते हैं वहां पर कोई सुविधा शुल्क नहीं लिया जा रहा। न ही उन फड़ वालों को हटाया जा रहा है। केवल नया बाजार में ही छोटे फड़ वालों को टारगेट किया जा रहा है।

इस संबंध में पालिका के अधिशासी अधिकारी ओम गिरी का कहना है कि कमिश्नर के आदेश पर बाजार को व्यवस्थित करने की प्रक्रिया है। इसी को लेकर सुविधा शुल्क वसूलने का टेंडर जारी किया गया। फड़ वालों की हैसियत के अनुसार ही शुल्क वसूला जाएगा। जबरन कोई शुल्क नहीं वसूला जाएगा।

## मदरसों में एमआर टीकाकरण अभियान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** खसरा-रूबेला एम-आर रोग के उन्मूलन को लेकर शासन के निर्देशों के तहत ब्लॉक स्योहारा के मदरसों में एम-आर टीकाकरण कार्यक्रम चलाया गया। सीएचसी स्योहारा के अधीक्षक डॉ. बी.के स्नेही ने बताया कि ब्लॉक क्षेत्र में कुल 19 टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए।

डॉ. स्नेही ने स्योहारा के मंसूर सराय पित्थापुर स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया अनवारूल उलूम में आयोजित सत्र का अपनी टीम के साथ निरीक्षण किया। इस दौरान प्रधानाचार्य मौहम्मद जीशान तथा एम.क्यू. इंटर कॉलेज स्योहारा के उर्दू प्रवक्ता कारी मोहम्मद नाजिर का विशेष सहयोग रहा जिसके चलते बच्चों का सफलतापूर्वक टीकाकरण कराया गया।

उन्होंने बताया कि 16 फरवरी से 27 फरवरी तक विशेष एम-आर टीकाकरण अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत कक्षा 1 से 5 तक के 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के सभी बच्चों को एम-आर टीके की अतिरिक्त खुराक दी जाएगी। चाहे उन्हें पहले टीका लग चुका हो। अधीक्षक ने बताया कि सभी सरक. री-निजी विद्यालयों मदरसों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों में टीकाकरण सुनिश्चित किया जाएगा। खसरा और रूबेला अत्यंत संक्रामक रोग हैं, जिनसे बचाव के लिए एम-आर टीका सुरक्षित और प्रभावी माध्यम है।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अभियान में सहयोग कर बच्चों का टीकाकरण अवश्य कराएं। इस दौरान हैल्थ सुपरवाइजर वीर सिंह, राजेश कुमार, डॉ. राकेश कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम का सहयोग रहा।

## एक नजर

### पंचायत घर में चोरी करते पकड़ा

**कोतवाली देहात।** ग्राम करौंदा पचदू में देर रात्रि ग्रामीणों ने गांव के पंचायत घर से बैटरा चोरी करते हुए गांव के रईस को देखा। ग्रामीणों ने रईस को पकड़ लिया तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुँची पुलिस रईस को थाने ले आई। ग्राम करौंदा निवासी यासीन ने इस संबंध में थाने में तहरीर दी। पकड़े गए आरोपी रईस ने बताया कि वह नशे का आदी है तथा कभी-कभी छोटी-मोटी चोरियां कर लेता है। रविवार की रात्रि वह पंचायत घर से एक बैटरा चोरी करके ले गया था। दूसरा बैटरा चोरी करते समय ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने रईस के पास से चोरी किया हुआ बैटरा तथा घटना में प्रयुक्त तिपहिया रिक्शा को बरामद किया। पुलिस ने रईस का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया।

### सेंट मैरी में आशीर्वाद समारोह



**हल्दौर।** नगर स्थित सेंट मैरीज कॉन्वेंट स्कूल में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों के लिए आशीर्वाद समारोह का आयोजन श्रद्धा, अनुशासन एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व मानसिक सुदृढ़ता, आत्मविश्वास तथा ईश्वरीय आशीर्वाद प्रदान करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वर स्मरण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में फादर जोसेफ, प्रबंधक सेंट मैरीज कॉन्वेंट स्कूल नहटौर उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को ईमानदारी, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने की प्रेरणा दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट, प्रबंधिका सिस्टर फिल्वी एवं सिस्टर धन्या की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरंतर परिश्रम, आत्मविश्वास और प्रार्थना के माध्यम से सफलता अवश्य प्राप्त होती है। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक भानु प्रताप सिंह द्वारा किया गया। इस दौरान विद्यालय के अध्यापकों ने विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रार्थनाएं की तथा प्रज्ज्वलित दीप प्रदान कर उन्हें सफलता का आशीर्वाद दिया। समारोह में विद्यार्थियों के अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यालय द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक एवं प्रेरणादायक कार्यक्रम की सराहना की। कार्यक्रम का समापन विशेष प्रार्थना एवं आशीर्वाद के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त अध्यापकगण उपस्थित रहे।

### भाकियू की बैठक में समस्याओं पर विचार



**हल्दौर।** नगर के ब्लॉक कार्यालय परिसर में भारतीय किसान यूनियन (टिकैत गुट) की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए भाकियू के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण कुमार ने किसानों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं को उठाया। उन्होंने संरक्षित पशुओं को वन विभाग की टीम द्वारा गोशालाओं तक सुरक्षित पहुंचाने, फसलों की सिंचाई के लिए नहरों में शीघ्र पानी छोड़े जाने, पशुओं में फैल रही मुंहपका-खुरपका बीमारी की रोकथाम हेतु पशु चिकित्सकों द्वारा व्यापक टीकाकरण अभियान चलाने की मांग की। इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों को क्रियाशील कराने तथा बिलाई चीनी मिल द्वारा किसानों के बकाया गन्ना भुगतान का शीघ्र निस्तारण कराने की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं ने 21 फरवरी को सैदपुर भट्टे पर आयोजित होने वाली महापंचायत में भारी संख्या में पहुंचने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी कुणाल रस्तोगी को किसानों की आठ सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया। बैठक में कैरो प्रताप सिंह, नौबहार सिंह, रघुनाथ सिंह, प्रथम कुमार, विज्ञान सिंह आदि मौजूद रहे।

### किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक

**कोतवाली देहात।** किसान मजदूर संघर्ष मोर्चा की बैठक ग्राम बरूकी में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष विकास चौधरी ने कहा कि जनपद के पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं द्वारा किसानों के पैसे दूसरे बैंक की शाखाओं से निकालने के लिए पत्र जारी किए जा रहे हैं। अगर किसान की बिना सहमति के किसी भी ब्रांच से पैसा निकाल कर दूसरी ब्रांच में डाला गया तो संगठन आंदोलन करने को बाध्य होगा। विकास चौधरी ने बताया कि किसानों से सूचना मिली है कि पंजाब नेशनल बैंक की शाखाओं से किसानों का पैसा काटने के लिए दूसरे बैंकों को पत्र जारी किए जा रहे हैं। जबकि बिना किसान की सहमति के खाते से पैसा निकालना कानूनन अपराध है, लेकिन सारी कानून व्यवस्थाओं को नजरअंदाज करते हुए पंजाब नेशनल बैंक के अधिकारियों ने दूसरी शाखाओं को पत्र जारी करने का आदेश दिया है। अगर ऐसा किया गया तो एक बड़ा आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विकास उर्फ नूरी, सुरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, भूरे सिंह, आशु चौधरी, देवेंद्र सिंह, रोहित कुमार आदि मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को दी भावपूर्ण विदाई

**स्योहारा।** आरएसपी इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं विज्ञान वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन परिणीता त्यागी ने किया। समारोह में विद्यालय की प्रबंधक रानी संयोगिता सिंह ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिन्हें देखकर मौजूद अभिभावक व शिक्षकगण भावविभोर हो उठे। छात्र-छात्राओं की ओर से विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापकों कांता प्रसाद पुष्पक, वीरेंद्र कुमार, बिजेंद्र सिंह, पंकज छाबड़ा, रघुवीर सिंह, ओमेंद्र त्यागी, रामसेवक सहित अन्य शिक्षकों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही हिंदी अंग्रेजी गणित आदि विषयों के अध्यापकों को भी उनके योगदान के लिए पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए के.पी पुष्पक ने कहा कि छात्र-छात्राओं को विद्यालय जीवन में अनुशासन का पालन करते हुए बोर्ड परीक्षाओं की गंभीरता से तैयारी करनी चाहिए।

## एक नजर

### अभिभावक शिक्षक सम्मेलन



**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय के अध्यापक शिक्षा विभाग में महाविद्यालय स्तर प्राचार्या प्रोफेसर पारुल त्यागी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में शिक्षक अभिभावक सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त सम्मेलन में शिक्षक अभिभावक संगठन का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष पद हेतु अर्जुन सिंह, सचिव पद हेतु नासिर एवं सदस्य मौहम्मद शाहिद, इंतजार, संजीव कुमार सिंह, श्रीमती शीतल देवी, मारूफ, सुरेश पाल, शिव कुमार, श्रीमती पूनम रानी महाविद्यालय के शिक्षकगण डॉ. शीरिन फातिमा एवं मुकुल पवार सर्व सम्मति से मनोनीत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ विभाग- अध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह, कार्यवाहक प्राचार्या प्रो. मंजू चौधरी आइ.क्यू.ए.सी. को ऑर्डिनेटर प्रो. मंजू अरोड़ा, प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण गुप्ता एवं शिक्षक अभिभावक संघ के मनोनीत अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त सदस्यों ने मां वाणी के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। बी.एड. विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुरेश सिंह ने सभी अभिभावकों का स्वागत किया। उन्होंने अभिभावक -शिक्षक संघ के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह सम्मेलन अभिभावक और शिक्षकों को निकट लाने की एक सुंदर परंपरा है, और एक-दूसरे से हमको समय-समय पर सुझाव ग्रहण करने चाहिए। सम्मेलन में उपस्थित हुए अभिभावकों ने भी सभी के समक्ष अपने विचार साझा किये और अपने बच्चों की समस्याओं का समाधान किया। शिक्षक अभिभावक संघ के मनोनीत अध्यक्ष ने अपने वक्तव्य में कहा कि छात्राओं को परिश्रम करके आगे बढ़ना चाहिए और अपने माता-पिता का नाम रोशन करना चाहिए। आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. मंजू अरोड़ा ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा की समस्याएं हमेशा रहती हैं। लेकिन बच्चों के भविष्य के लिए यह समय दोबारा नहीं लौटता अतः बच्चों को पढ़ने के लिए हर माता-पिता को प्रेरित करना चाहिए। कार्यवाहक प्राचार्य प्रोफेसर मंजू चौधरी ने छात्राओं को विद्यालय में नियमित रहने के लिए तथा अभिभावकों को शिक्षकों से समय-समय पर संपर्क बनाए रखने के लिए कहा। प्रबंध समिति के वरिष्ठ सदस्य प्रवीण गुप्ता ने बच्चों को अनुशासन में रहने के लिए कहा। उन्होंने सभी अभिभावको से आह्वान किया कि बच्चों को समय देना और उनको सुनना अति आवश्यक है। ज्ञापन विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेश सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन एम.एड. विभाग अध्यक्षा डॉ. नज्मुन्निसा ने किया। सभी अभिभावकों ने उक्त कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के सभी प्राध्यापकगणों डॉ. शीरीन फातिमा, मुकुल पवार, प्रताप सिकंदर, श्रीमती रेनू कुमारी, कु. रुकैया, कु. हिमानी एवं कु. अनुष्का का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

### चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**नगीना।** नगर के मोहल्ला काजी सराय द्वितीय निवासी एक महिला ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि उसी के मोहल्ले के ही एक युवक द्वारा उसकी पुत्री को परेशान किया जा रहा था। जिसकी शिकायत लेकर रविवार की शाम महिला युवक के परिजनों से बात करने आरोपियों के घर गई, जिस पर आरोपी के माता-पिता व बहन ने पीड़िता की मां के साथ गाली गलौच और मारपीट कर दी। पीड़िता की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने युवक, उसकी बहन व माता-पिता कुल चार आरोपियों के विरुद्ध थाना नगीना पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

### हादसे में बाइक सवार घायल

**नगीना।** थाना क्षेत्र के अकबराबाद चौक पर शाम एक बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायल की पहचान नीरज (28 वर्ष) पुत्र वीरेन्द्र सिंह के रूप में हुई है, जो ग्राम बोरैकी थाना नजीबाबाद का निवासी है। नीरज शाम करीब 6 बजे अपने ताऊ के लड़के रोहित पुत्र ऋषिपाल के साथ जसपुर अपने ससुराल जा रहा था। गनीमत रही कि रोहित को इस हादसे में कोई चोट नहीं आई। वहीं घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने घायल वीरेन्द्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगीना में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल बिजनौर रेफर कर दिया।

### पत्नी ने तोड़फोड़ कर घर में लगाई आग

**नगीना।** थाना क्षेत्र के ग्राम पखनपुर निवासी गालिब और उसकी पत्नी के बीच कुछ दिनों से विवाद चल रहा था। जिसके चलते पत्नी उसी गांव में अपने मायके में रह रही थी। सोमवार की शाम पत्नी अपने ससुराल गई और बातचीत के दौरान आक्रोशित हो गई। इसके बाद पत्नी ने घर में तोड़फोड़ कर सामान में आग लगा दी। आग की खबर लगते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों और सिविल पुलिस ने सामान में लगी आग को बुझा लिया। आग की लपटों में काफी सामान जलकर राख हो गया। पुलिस ने दोनों पति-पत्नी की काउंसलिंग की और विवाद न करने को लेकर दोनों को समझाया। दोनों को ऐसा न करने की समझाइश देने पर दोनों ने अपनी गलती को मानते हुए ऐसी गलती दोबारा न करने की बात कही।

### गुलदार पिंजरे में कैद

**किरतपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम बुडगरी में पिछले कई दिनों से गुलदार देखे जाने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ था। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने पहले विनीत के खेत में पिंजरा लगाया, लेकिन वहां गुलदार नहीं आया। इसके बाद ग्रामीणों के सुझाव पर वन विभाग ने गौशाला के पास पिंजरा लगवाया। पिंजरे में बकरी को बांधा गया था। बकरी को अपना शिकार बनाने के लिए जैसे ही गुलदार पिंजरे में घुसा, वह उसमें कैद हो गया।

# एसआईआर में अहम भूमिका पर सम्मान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं ब्लॉक प्रमुख अनुज चौधरी के निवास स्थान पर एक गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।



कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों, नगर पालिका परिषद के वर्तमान सभासदों तथा पूर्व सभासदों को एसआईआर प्रक्रिया में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाने और मतदाताओं के अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए सराहनीय कार्य के लिए शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन महमूद कस्सार ने किया। जिन्होंने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित ढंग से आगे बढ़ाते हुए सभी अतिथियों का परिचय कराया और सम्मान समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत की।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अनुज चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान, लोकतंत्र और मतदाता के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रही है। उन्होंने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान पार्टी पदाधिकारियों, सभासदों और पूर्व सभासदों ने जिस जागरूकता, सजगता और जिम्मेदारी का परिचय दिया, वह संगठन की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनता के हितों के लिए सड़क से सदन तक संघर्ष करता आया है। अनुज चौधरी ने आगे कहा कि वर्तमान समय में मतदाताओं को भ्रमित कर उनके अधिकारों को कमजोर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। लेकिन समाजवादी पार्टी ऐसे हर प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करती रहेगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वह आम नागरिकों को जागरूक करें और किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटने दें।

इस अवसर पर उपस्थित समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं नगर पालिका परिषद के सभासदों ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान उन्होंने आमजन की समस्याओं को नजदीक से समझा और उनके समाधान के लिए प्रशासन से संवाद स्थापित किया। उन्होंने यह भी कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और कमजोर वर्गों की आवाज बनकर खड़ी रही है।

सम्मान समारोह के दौरान पार्टी की एकजुटता और संगठनात्मक मजबूती साफ दिखाई दी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे, जिनमें कार्यक्रम को लेकर खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, प्रभा चौधरी, पंकज विश्नोई, मास्टर लईक अहमद, कमलेश भूय्यार, हाजी जावेद राईन, अफजल उल हक, लालू, लाल सिंह कश्यप, नमन प्रधान, संजय पाल, मौहम्मद कासिम उर्फ साहू सभासद, मौहम्मद आदिल सभासद, मौहम्मद मुस्तकीम सभासद, गामा सभासद, शराफत सभासद, जुबैर अहमद सभासद, अफजल पहाड़ी सभासद, वसिक अहमद पूर्व सभासद तथा अहमद खिजर खान आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समापन आपसी भाईचारे और संगठन को और अधिक मजबूत करने के संकल्प के साथ किया गया।

## वाल्मीकि मंदिर की जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** वाल्मीकि समाज के लोगों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार को एक ज्ञापन सौंप कर वाल्मीकि मंदिर की जमीन पर कथित अवैध कब्जा हटवाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस दौरान बड़ी संख्या में वाल्मीकि समाज के लोग उपस्थित रहे।

ज्ञापन में बताया गया कि मोहल्ला रम्पुरा, हरिद्वार रोड स्थित वाल्मीकि मंदिर की आराजी पर कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा किया जा रहा है। समाज के लोगों का आरोप है कि कब्जाधारियों ने मंदिर की जमीन पर जबरन टिन शेड डालकर निर्माण कार्य भी शुरू कर दिया है।

वाल्मीकि समाज के सदस्यों का कहना है कि उन्होंने कई बार कथित कब्जाधारियों को समझाने और अवैध निर्माण रोकने का प्रयास किया, लेकिन आरोप है कि दबंगों ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकियां दीं। समाज का कहना है कि दबंगों द्वारा यह तक कहा गया कि उन्हें जमीन पर कब्जा करने से कोई नहीं रोक सकता, यहां तक कि पुलिस भी नहीं। समाज के लोगों ने प्रशासन से मामले का गंभीरता से संज्ञान लेने, अवैध कब्जे को तत्काल हटवाने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने मंदिर की भूमि को कब्जामुक्त कराए जाने की भी अपील की। ज्ञापन सौंपने वालों में अरविंद, नितिन, अरुण, संदीप, वीरेंद्र, नरेंद्र, अमन, प्रेमचंद, अजीत, कपिल, गोविंद और श्रीकांत सहित वाल्मीकि समाज के कई सदस्य शामिल रहे।

## सस्पेंडेड राशन डीलर के घर मिला सरकारी चावल

**किरतपुर।** किरतपुर ब्लॉक के ग्राम बुडगरा में सरकारी राशन वितरण प्रणाली की गंभीर अनियमितता उस समय उजागर हुई, जब मंगलवार रात करीब 9:30 बजे नायब तहसीलदार नजीबाबाद, सप्लाई इंस्पेक्टर, हल्का पटवारी एवं थाना प्रभारी किरतपुर पुलिस बल के साथ सस्पेंडेड राशन डीलर रविन्द्र कुमार के घर छापेमारी करने पहुंचे। छापे के दौरान मौके से 25 क्विंटल सरकारी चावल बरामद किया गया, जो कि ग्राम दरगोपुर की कार्यवाहक राशन डीलर उषा देवी के नाम से आवंटित बताया गया। मौके पर मौजूद पटवारी ने राशन की गिनती कर 48 कट्टे (24 क्विंटल) चावल पाए और चावलों को प्रातः थाना किरतपुर लाने की बात कहकर अधिकारी मौके से रवाना हो गए। लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने पूरे मामले को और भी संदेहास्पद बना दिया। सूत्रों के अनुसार, देर रात्रि एक पिकअप वाहन (UP20T0971) तथा एक लाल रंग की कार (UP20CY1352) सस्पेंडेड राशन डीलर के गोदाम पर पहुंची और रात के अंधेरे में ही राशन के कट्टों को लदवाकर मंडी समिति किरतपुर के गोदाम में रखवाया गया।

हैरानी की बात यह रही कि उक्त राशन को प्रातः मंडी समिति से निकाल कर कार्यवाहक राशन डीलर ग्राम दरगोपुर उषा देवी के यहां पहुंचा दिया गया, जहां उसकी बाकायदा रिसीविंग भी करा ली गई।इस पूरे घटनाक्रम ने प्रशास. निक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। जब राशन डीलर की दुकान निलंबित थी, तो उसे सरकारी राशन कोटा किस आदेश पर उतार दिया गया? देर रात मंडी समिति में राशन पहुंचाने और सुबह वहां से निकालने के आदेश किसने दिए?

मौके पर पहुंची लाल रंग की गाड़ी किसकी थी? प्रथम दृष्टया पूरा मामला राशन घोटाले और विभागीय मिलीभगत की ओर इशारा कर रहा है। यदि निष्पक्ष जांच हुई तो कई जिम्मेदारों पर कार्रवाई तय मानी जा रही है।

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

मूल प्रकीर्ण वाद सं. /2026

1- रूही जमाल उम्र करीब 50 वर्ष पत्नी स्व. दिलशाद हुसैन 2- अब्दुल्ला हुसैन उम्र करीब 13 वर्ष नाबालिग पुत्र स्व. दिलशाद हुसैन संरक्षिका स्वयं सगी माता रूही जमाल पत्नी स्व. दिलशाद हुसैन, निवासीगण मौहल्ला शेखान ग्राम नीन्दड़ू खास, परगना व तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

**-प्रार्थीगण**

**बनाम**

1-शून्य **-प्रतिपक्ष**

दरख्वास्त मुसम्मा प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार प्रमाण पत्र वास्ते हुसुल सार्टीफिकेट वसूल कर कर्जी व किफायत हाय यापदानी मुसम्मा रूही जमाल आदि मुसखफा दिलशाद हुसैन अपने मुजिब एक्ट 7 सन 1978 ई. वकत 3,14,565 रुपये 78 पैसे हरगाह मुसम्मा रूही जमाल आदि ने दरख्वास्त हुहुसुलपार्टी गुजानी हुसुल है इ. तारीख 18-2-2026 सन् 113 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है कि लिहाजा यह इश्तहार जारी किया है कि जिस किसी को निस्वस्त दरख्वास्त रूही जमाल आदि के उज्र हो या असालतन या बकालतन वक्त 10 बजे सुबह अदालत नगीना, मुकाम 18-02-2026 में तारीख मुकर्र हाजिर होकर उज्र अपना पेश करे, दर सुरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न जाये और हुकम मुनासिर निशब्त मजकूर दरखई के सादिर होगा।

नियत दिनांक: 18.02.2026

**प्रबंधक**
**सिविल जज ( जू.डि. )**
**नगीना, बिजनौर**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**

संख्या: 43/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक: 28.01.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-1194 मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री कृष्ण देव पुत्र स्व. कुन्दन सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा बैनामा अजय कुमार अग्रवाल पुत्र ब्रजनन्दन शरण को किया गया है। जिनके द्वारा श्री सौरभ सोतिया पुत्र श्री ओमप्रकाश सेतिया, मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर को बैनामा किया गया है। बैनामा शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगण का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**

संख्या: 41/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक: 27.01.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-1199 मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री रामवीर सिंह तौमर पुत्र दाताराम सिंह के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा श्री ओमप्रकाश सेतिया, पुत्र स्व. हंसराज सेतिया, श्रीमती ऊमा सेतिया पत्नी श्री ओमप्रकाश सेतिया मौहल्ला नई बस्ती बी-14 बिजनौर को बैनामा किया गया है। बैनामा शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगणों का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**कार्यालय-नगर पालिका परिषद बिजनौर, ( जनपद बिजनौर )**

संख्या: 42/न.पा.परि.बि. /2025-26 दिनांक: 28.01.26

संबंधित को नोटिस अन्तर्गत धारा-143 (1)/147 (1) नगर पालिका अधिनियम-1916

एतद्द्वारा सूचित हो कि सम्पत्ति संख्या-1207 मौहल्ला नई बस्ती बी-14, बिजनौर जो पालिका के कर अनुभाग के अभिलेखों में श्री हंसराज पुत्र प्रीतम दास के नाम अंकित है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में अंकित स्वामी के द्वारा श्री ओमप्रकाश सेतिया, पुत्र स्व. हंसराज सेतिया मौहल्ला नई बस्ती बी-14 बिजनौर को रजि. बसीयत की गयी है। रजि. बसीयत शपथ-पत्र व आई.डी.प्रुफ की छायाप्रति संलग्न करते हुये उक्त सम्पत्ति में अपना नाम पालिका के कर-अनुभाग के अभिलेखों में अंकित कराने की प्रार्थना की है।

अतः किसी सम्बन्धित को उपरोक्त नाम दर्ज करने में कोई आपत्ति है, तो सप्रमाण इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है, उपरोक्त धारा के अन्तर्गत नोटिस मियादी एक माह दिया जाता है। बाद गुजरने मियाद नोटिस हाजा किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा तथा तदोपरान्त उक्त संदर्भित सम्पत्ति में पालिका अभिलेखों में प्रार्थीगणों का नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र जागेश मेरे कहने-सुनने में नहीं है। आये दिन मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली-गलौच व मारपीट करता है। मुझे जान से मारने की धमकी देता है। गलत संगत में उठने-बैठने लगा है। मेरे समझाने पर बात नहीं सुनता है। मेरी जायदाद हड़पने के चक्कर में है। मैं उसकी हरकतों से अत्यधिक परेशान हो गई हूं। इस लिए मैंने अपने पुत्र जागेश को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से 10.12.2025 को बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है। अब मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य का उससे किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहा है। अगर वह किसी कृत्य को अंजाम देता है, तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **फुलवती पत्नी श्री इन्दर सिंह निवासी मौ. जोशियान, कस्बा व थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम MOHAMMAD JISAN था। अब मैंने अपना नाम बदलकर MOHAMMAD ZEESHAN रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से पुकारा व पहचाना जाए।

MOHAMMAD ZEESHAN S/O ABDUL RAHEEM, NAYAK SARAI, AFZALGARH, BIJNOR, U.P., PIN 246722

# धामपुर में घायल मिला राज्य पक्षी सारस

## टीचर्स कॉलोनी में 30 घंटे के रेस्क्यू के बाद वन विभाग ने बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश का राज्य पक्षी सारस घायल अवस्था में धामपुर के टीचर्स कॉलोनी क्षेत्र में मिलने से हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि उड़ान के दौरान सारस किसी मांझे अथवा बिजली के तार की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और संतुलन बिगड़ने पर कॉलोनी क्षेत्र में आकर गिर पड़ा। जिस स्थान पर सारस गिरा, वहां नियमित रूप से संघ की शाखा भी लगती है।



घटना की जानकारी मिलते ही मौहल्ले वासियों ने रविवार को वन विभाग को सूचना दी। सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और तुरंत रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। हालांकि घायल होने के बावजूद सारस बार-बार भागने की कोशिश करता रहा, जिससे उसे पकड़ने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रविवार शाम तक टीम ने प्रयास जारी रखे, लेकिन अंधेरा होने के कारण अभियान को रोकना पड़ा। इसके बाद सोमवार सुबह दोबारा रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया।

करीब 30 घंटे तक चले इस अभियान के दौरान वन कर्मियों ने जाल और अन्य उपकरणों की मदद से सारस को पकड़ने का प्रयास किया। आखिरकार दोपहर के समय कड़ी मशक्कत के बाद वन विभाग की टीम को सफलता मिली और घायल सारस को सुरक्षित कब्जे में ले लिया गया। रेस्क्यू के दौरान सारस का जोड़ा भी आसपास मंडराता रहा और घायल साथी को पकड़ते देख बेचैनी में इधर-उधर उड़ता नजर आया।

डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि प्राथमिक जांच में सारस के घायल होने का कारण मांझा अथवा बिजली का तार प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहा कि घायल सारस को उपचार के लिए वन विभाग की नर्सरी ले जाया गया है, जहां पशु चिकित्सकों की देखरेख में उसका इलाज कराया जाएगा। स्थिति में सुधार होने के बाद उसे उसके प्राकृतिक वातावरण में छोड़ दिया जाएगा। घटना के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और रेस्क्यू ऑपरेशन को देखते रहे। लोगों के बीच इस बात को लेकर चर्चा रही कि हाल ही में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा चीनी मांझे पर सख्त प्रतिबंध के निर्देश दिए गए हैं, इसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सामने आना चिंता का विषय है। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग न करें और किसी भी घायल वन्यजीव की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते उसकी जान बचाई जा सके।

## कांवड़ियों का ट्रैक्टर पुल पर लटका



**नजीबाबाद।** हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली मंडावली थाना क्षेत्र में पुल से नीचे लटक गई। यह घटना लकड़हान नदी के समीप दाना-पानी रेस्टोरेंट के पास हुई। यह ट्रैक्टर-ट्रॉली रामपुर से हरिद्वार की ओर जा रही थी। आगे चल रही एक अन्य ट्रैक्टर-ट्रॉली के चालक द्वारा अचानक ब्रेक लगाने के कारण पीछे आ रही यह ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित हो गई और लकड़हान नदी के पुल पर लटक गई। सूचना मिलते ही मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल नजीबाबाद से एक हैड्रा क्रेन मंगवाई। क्रेन की मदद से ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीधा किया गया और शिवभक्तों को हरिद्वार के लिए रवाना किया गया। यह शिवभक्त जनपद रामपुर के निवासी थे। इनमें होराम पुत्र शमेघराज सिंह, निवासी चंदूपुरा, थाना टांडा, जनपद रामपुर भी शामिल थे। थाना मंडावली प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि उन्हें लगभग 2:30 बजे इस घटना की सूचना मिली थी। उन्होंने पुष्टि की कि मौके पर पहुंचकर शिवभक्तों को आगे रवाना कर दिया गया और इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

### एक नजर

## कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस मुस्तैद



**नगीना।** कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए नगीना पुलिस पूरी तरह से जुटी हुई है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने थाना नगीना क्षेत्र में कांवड़ ड्यूटी पर तैनात रिक्रूट आरक्षियों को ब्रीफ किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी के प्रति सतर्कता, अनुशासन, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और कांवड़ियों के साथ शालीन व्यवहार बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे कांवड़ यात्रा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का आग्रह भी किया गया है।

## खुर्शीद अंसारी के निधन पर शोकसभा



**धामपुर।** मिनी ई रिक्शा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से एक शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ई रिक्शा चालकों सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। ई रिक्शा चालकों ने प्रेस क्लब के अध्यक्ष व ई-रिक्शा यूनियन के महामंत्री खुर्शीद अंसारी के निधन पर दुख जताया और 2 मिनट का मौन धारण रख कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। इसके पश्चात ई रिक्शा वेलफेयर सोसाइटी की कमेटी को भंग कर दिया गया। एक सप्ताह बाद नई कमेटी का गठन किया जाएगा। इस अवसर पर पत्रकार जुल्फिकार मंसूरी, पत्रकार वसीम शेख, नाजिम अंसारी, वसीम अंसारी अजीम अंसारी शाहरुख मंसूरी के अलावा ई-रिक्शा चालकों में उस्मान अहमद ,आबिद अंसारी, साजिद हुसैन, मोहित कुमार वर्मा, दिलशाद अहमद, मौहम्मद नबी, मकबूल अहमद, हरपाल सिंह, निजामुद्दीन, बशीरुद्दीन, जाकिर के अलावा दर्जनों लोग मौजूद थे।

## व्यापार संगठन के पदाधिकारी मनोनीत



**नजीबाबाद।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन की एक सभा हरिद्वार रोड के व्यापारियों की विशाल फर्नीचर के प्रतिष्ठान पर हुई सभा में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ रहे। बैठक में हाजी विशाल कुरैशी को हरिद्वार रोड शाखा का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। अबरार अहमद को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके अतिरिक्त, नरेंद्र पोपली, मौहम्मद मुनव्वर, मौहम्मद वसीम और मौहम्मद सनम को उपाध्यक्ष बनाया गया। विवेक महेश्वरी को सचिव और अनुज अग्रवाल को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर प्रदेश मंत्री श्रीमती बिंदु सर्राफ, श्रीमती सुमन वर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष मुकीम कुरैशी, जिला महामंत्री रईस कुरैशी, नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी, नगर अध्यक्ष युवा शेर अली सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे। शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा, पंकज वर्मा, मोहम्मद रिजवान, मौहम्मद असलम, सिताब खान, अनिल गर्ग, विवेक महेश्वरी, नरेंद्र पोपली, फईम घोसी, मौहम्मद आसिफ, जावेद कुरैशी, सचिन अग्रवाल, मेहताब पहलवान और महबूब अहमद भी मौजूद थे। प्रदेश मंत्री बिंदु सर्राफ और प्रदेश संगठन मंत्री डॉ. राजीव अरोड़ा ने अपने संबोधन में व्यापार मंडल के नाम पर की जाने वाली चंदा वसूली को 'घोर अपराध' बताया। नगर अध्यक्ष शाहिद सिद्दीकी ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि कोई भी व्यापारी नेता पद, प्रमाण पत्र या सदस्यता के नाम पर चंदा वसूली करता है, तो उसे तुरंत अपनी दुकान से हटा दें। उन्होंने ऐसे लोगों को 'अपने पेट भरने के चक्कर में व्यापारी नेता बने' बताया।

## विवेकानंद बस्ती में हिंदू सम्मेलन



**धामपुर।** विवेकानंद बस्ती में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें हजारों नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सत्य देवानंद महाराज रहे, जिन्होंने हिंदू संस्कृति की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता के रूप में क्रांति विभाग प्रचारक बिजनौर विभाग ने संघ की 100 वर्ष की यात्रा के विषय में बताया। मेरठ से आई राष्ट्र सेविका समिति की प्रांत सेवा प्रमुख ने तरुण ने पांच परिवर्तन जो संघ का 101 में वर्ष का मुख्य विषय है के विषय में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अर्चना कुंतल ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गजराज सिंह ने की। कार्यक्रम में नगर कार्यवाह आजाद, नगर प्रचारक अमित, जिला प्रचारक प्रवीण, जिला कार्यवाह, विपिन, विशाल, हिमांशु, संदीप, प्रदीप, चंद्रशेखर आदि ने भाग लियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों में कुमारी ध्रुविका ने आई गिरी नंदिनी पर नृत्य किया तथा बच्चों ने लव कुश कांड का प्रदर्शन किया।

## फादरसन में ब्लेसिंग सेरेमनी



**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित ब्लेसिंग सेरेमनी कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय परिवार ने विद्यार्थियों के सफल भविष्य एवं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की गई। कार्यक्रम के दौरान प्रधानाचार्य एवं शिक्षकगणों ने विद्यार्थियों को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर परिश्रम का महत्व समझाया। विद्यार्थियों को तनाव से दूर रहकर सकारात्मक सोच के साथ परीक्षा देने के लिए प्रेरित किया गया। शिक्षकों द्वारा दिए गए आशीर्वाद और शुभकामनाओं से विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ा। समारोह में भावनात्मक एवं प्रेरणादायक क्षण देखने को मिले, जिसने विद्यार्थियों को नई ऊर्जा और आत्मविश्वास प्रदान किया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### एक नजर

## शिवभक्तों के लिए कच्चे पुल का शुभारंभ



**धामपुर।** महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर नंदगांव में कांवड़ यात्रा मार्ग पर शिवभक्तों की सुविधा के लिए अस्थायी कच्चे पुल का पैदल आवागमन हेतु शुभारंभ किया गया। इस पुल के निर्माण के लिए ब्लॉक प्रमुख के द्वारा 11 हजार रुपये की धनराशि दी गई। पुल के शुरू होने से हरिद्वार से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी। इस मार्ग से मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर और उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर समेत विभिन्न जिलों के लाखों कांवड़िए गुजरते हैं। नंदगांव में अस्थायी पुल के निर्माण से शिवभक्तों को पैदल मार्ग में लगभग 10 किलोमीटर की दूरी कम तय करनी पड़ेगी। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि यात्रा भी अधिक सुरक्षित और सुगम बनेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि कांवड़ यात्रा के दौरान इस मार्ग पर पहले जलभराव और मार्ग अवरुद्ध होने की समस्या बनी रहती थी, जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी होती थी। अस्थायी पुल बनने से अब श्रद्धालु आसानी से इस मार्ग से गुजर सकेंगे। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान पवन कुमार, क्षेत्र पंचायत सदस्य नरेश कुमार, पंकज चौहान, नागेश शर्मा, महावीर सिंह, दयाराम भारती, खेम सिंह, सुरेश सिंह, अनिल कुमार सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम में मौजूद जनप्रतिनिधियों ने शिवभक्तों के सुरक्षित आवागमन को लेकर भविष्य में स्थायी पुल निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

## किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग



**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ब्लॉक जलीलपुर कार्यकर्ताओं ने किसानों की अनेक जटिल समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सहकारी गन्ना विकास समिति लिमिटेड परिसर में मासिक पंचायत का आयोजन किया। पंचायत में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विचार किया गया तथा सिंचाई, विद्युत, गन्ना भुगतान, खाद व बीज की समस्याओं सहित अनेक समस्याओं का समाधान की मांग उठाई गई। पंचायत का संचालन अर्श मलिक ने किया, जबकि मासिक पंचायत की अध्यक्षता चौधरी कल्याण सिंह ने की। पंचायत में 21 फरवरी 2026 को सैदपुर भट्टे पर चार जिलों की महा पंचायत होगी, जिसमे सभी किसान भाइयों एवं ग्रामीणों से बड़ी संख्या में पंचायत में पहुंचने का आह्वान किया। यह जानक. ारी देते हुए यूनियन के सक्रिय नेता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने दी। पंचायत में नितिन राणा तहसील अध्यक्ष चांदपुर, राजीव कुमार जिला उपाध्यक्ष, जसवंत सिंह नामधारी जिला सचिव, चौधरी हरीराज सिंह जिला संगठन मंत्री, चौधरी महिपाल सिंह, नफीस सैफी, फैज मलिक, मौहम्मद आसिफ उर्फ बब्बू शेख, जिला उपाध्यक्ष अशोक कुमार, चंद्रपाल सिंह, करणवीर सिंह, पवन कुमार, रोहतास सिंह, विजय प्रधान व काफी संख्या में संगठन के लोग उपस्थित रहे।

## दुकान को कब्जा मुक्त कराया



**नहटौर।** धामपुर मार्ग पर एचएमआई इंटर कॉलेज के सामने गली में फहाद अली उर्फ प्रिंस की दुकाने हैं। उनकी दुकान में शकील अहमद किराएदार था। बताया जाता है की दुकान को खाली कराने के लिए वर्ष 2008 से बिजनौर कोर्ट में वाद चल रहा था। दुकान स्वामी के हक में फैसला आने पर कोर्ट के आदेश पर संग्रह अमीन पुरुषोत्तम सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने कोर्ट के आदेश का हवाला देते हुए दुकान को खाली कराया और फहाद अली उर्फ प्रिंस की सुपुर्दगी में दी।

## दो बाइकों की भिड़ंत



**नहटौर।** धामपुर क्षेत्र के गांव ढक्का करमचंद निवासी साजिद अहमद नहटौर से धामपुर की ओर जा रहा था। मौहल्ला नौधा में स्थित एक बैंकट हॉल के सामने अचानक आई दूसरी बाईक ने उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिसमें साजिद नीचे गिर गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। साजिद का आरोप है कि दूसरी बाइक पर सवार दो युवकों ने उसके साथ गाली गलौच और मारपीट भी की और भीड़ को आता देख बैंकट हॉल में घुसकर वहां से फरार हो गए। मौके पर भीड़ जमा हो गई। साजिद टैंकर चलाने का काम करता है और ड्यूटी खत्म होने पर बाइक से अपने घर जा रहा था।

# एडेड माध्यमिक शिक्षकों की सेवा सुरक्षा के लिए शासन गंभीर

### संगठन की मांग पर विशेष सचिव ने आयोग के सचिव को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** प्रदेश के सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित इंटरमीडिएट एक्ट 1982 की धारा 12 एवं 18 के बहाली को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ वर्षो से मांग करता आ रहा है।



ज्ञात हो कि माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन आयोग के भंग होने के उपरांत इन विद्यालयों के शिक्षकों की सेवा सुरक्षा से संबंधित धाराएं स्वत: समाप्त हो गई थी। परिणाम स्वरूप शिक्षकों में भय एवं असुरक्षा की भावना थी। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ निरंतर शासन से धरना प्रदर्शन तथा मांग पत्रों के माध्यम से नवगठित उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग के नियमों में सेवा सुरक्षा की धारा 12, 18 एवं धारा 21 को जोड़ने की निरंतर मांग कर रहा था। विगत 28 जनवरी को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक की अध्यक्षता में उच्च शिक्षा सेवा आयोग तथा विभिन्न शिक्षक नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक लखनऊ में हुई थी। बैठक में उपमुख्यमंत्री ने संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी द्वारा सेवा सुरक्षा की धाराओं को पुर्नस्थापित करने पर गंभीरतापूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया था। उसी क्रम में विगत 6 फरवरी को प्रदेश सरकार के विशेष सचिव गिरिजेश कुमार त्यागी ने उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा आयोग के सचिव को पत्र लिखकर 28 जनवरी की बैठक का हवाला देते हुए तथा उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के निर्देश के क्रम में सचिव को निर्देशित किया है कि वह उक्त धाराओं के विषय में विस्तृत अध्ययन कर आगे की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संगठन के जिला अध्यक्ष गय्यूर आसिफ तथा जिला मंत्री विनोद कुमार ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया की विशेष सचिव के द्वारा सेवा आयोग के सचिव को लिखा गया पत्र संगठन के प्रयासों की सफलता में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। आसिफ ने कहा कि विगत 8, 9 तथा 10 जनवरी को मथुरा में आयोजित प्रदेश के राज्य सम्मेलन में स्थानीय सांसद हेमा मालिनी तथा आगरा के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. एसपी सिंह बघेल उपस्थित हुए थे और उन्होंने आश्वस्त किया था कि वह शिक्षकों की इन मांगों को गंभीरता पूर्वक शासन के समक्ष रखेंगे। आसिफ ने कहा इसके अतिरिक्त समय-समय पर उनका संगठन शासन से सेवा सुरक्षा बहाली की मांग करता रहा है, और विशेष सचिव का यह पत्र शिक्षक समाज को आशान्वित करता है कि निकट भविष्य में दोनों धाराएं धारा 18 तथा धारा 21 बहाल होंगी और शिक्षकों के मन में व्याप्त भय एवं असुरक्षा की भावना दूर होगी। विज्ञप्ति में संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी, विधान परिषद में शिक्षक दल के नेता ध्रुव त्रिपाठी, महामंत्री नरेंद्र वर्मा के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया गया है। साथ ही प्रदेश सरकार तथा विशेष रूप से उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक के प्रति संगठन की ओर से विशेष आभार प्रकट किया गया है।

## जैन मिलन की बैठक में भावी कार्यक्रमों पर किया गया विचार

**बिजनौर।** जैन मिलन बिजनौर की मासिक बैठक रविवार को जैन धर्मशाला के सभागार में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार जैन के सान्निध्य व अध्यक्ष मुकुल जैन एड. की अध्यक्षता में हुई।

भगवान महावीर की प्रार्थना से प्रारंभ हुई बैठक में वीर प्रदीप कुमार जैन ने भारतीय जैन मिलन की आगामी योजनाओं से अवगत कराया। इंजी. आर.के. जैन के सौजन्य से आयोजित बैठक में संजय जैन, शलभ जैन, स्नेह लता जैन एवं इं. ब्रजेश कुमार जैन ने जहां धर्म संबंधी विचार व्यक्त किए, वहीं दीपराज जैन एड., रितु जैन ने कविता सुनाई तथा अशोक कुमार जैन (हुक्का बिजनौरी) ने प्रेरक प्रसंग प्रस्तुत किया। तदुपरांत समयावधि पुरस्कार अजय कुमार जैन, लकी ड्रा के पुरस्कार श्रीमती राजबाला जैन, प्रदीप कुमार जैन, एवं लक्ष्य जैन ने प्राप्त किए। पिछली बैठक में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता अजय कुमार जैन व शलभ जैन रहे। अंत में बैठक के मेजबान इं. आर.के. जैन को उपहार देकर सम्मानित किया गया।

बैठक में अशोक कुमार जैन, आशीष कुमार जैन, शोभित जैन, राजीव जैन, रमेशचन्द जैन, आलोक जैन सहित अनेक वीर-वीरांगनाओं की उपस्थिति रही।

## पेंशन क्रांति महासम्मेलन में शिक्षकों एवं कर्मचारियों से शामिल होने का आह्वान



**बिजनौर।** 15 फरवरी को इंदिरा बाल भवन में होने वाले पेंशन क्रांति महासम्मेलन की सफलता को लेकर विद्युत विभाग में अधिशासी अभियंता उदय प्रताप की अध्यक्षता एवं विद्युत प्राविधिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अटेवा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने सभी कर्मचारियों से महा सम्मेलन में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए संगठित होकर संघर्ष करने की आवश्यकता है। विद्युत पश्चिमांचल के अध्यक्ष अरविंद बिंद ने कहा कि पुरानी पेंशन के लिए विजय कुमार बंधु ईमानदारी से संघर्षरत हैं। हमें अटेवा के साथ मजबूती से खड़े होना चाहिए। अधिशासी अभियंता ने कहा कि पुरानी पेंशन हमारा अधिकार है। यह हमारे बुढ़ापे का सम्मान है, जिस सम्मान को पाने के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश कुमार रवि ने कहा कि अटेवा का संघर्ष हमें पुरानी पेंशन से अच्छादित कराने का कार्य करेगा। महासम्मेलन में हमं एकता के साथ इंदिरा बाल भवन पहुंचना है। बैठक में एसडीओ चरणजीत सिंह, बिट्टू कुमार, दुष्यंत कुमार, हेमराज, खड़क सिंह, तेजवीर, संजीव कुमार, सौरभ कुमार, कपिल कुमार, सुल्तान सिंह, मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

## विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने नगर पालिका कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अधिकारी ओम गिरी से मुलाकात की। कार्यकर्ताओं ने एक मांग पत्र सौंपते हुए नगर में विशेष सफाई अभियान चलाने और शिव मंदिरों के रास्तों को दुरुस्त करने की मांग की।

पदाधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि महाशिवरात्रि पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिरों में जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए नगर के प्रमुख शिव मंदिरों की ओर जाने वाले मार्गों पर गंदगी के अंबार को तुरंत साफ किया जाए। जिन रास्तों पर स्ट्रीट लाइट खराब हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए ताकि रात्रि में श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। मंदिर परिसरों और मुख्य मार्गों पर चूने व कीटनाशकों का छिड़काव सुनिश्चित किया जाए। ईओ ओम गिरी ने कार्यकर्ताओं को आश्वस्त किया कि पर्व की गरिमा को देखते हुए सफाई व्यवस्था में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने संबंधित सफाई नायकों को निर्देश दिए कि वे सभी चिन्हित स्थानों का निरीक्षण करें और समय रहते कार्य पूरा करें।

इस दौरान बजरंग दल के कार्यकर्ता राजन चंद्रा, विकुंज चंद्रा, राजेश चंद्रा, वंश सैनी, तुषाश चंद्रा, नितिन सैनी, आयुष्मान त्यागी, प्रियांशु तोमर आदि मौजूद रहे।

# मतदाता जागरूकता रैली निकाली

### आरएसएम में एनएसएस का एक दिवसीय शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** आरएसएम कॉलेज में प्राचार्या प्रो.रश्मि शर्मा रावल के संरक्षण एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) छात्र इकाई द्वारा द्वितीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत किया गया। शिविर की थीम 'मेरा वोट, मेरा अधिकार' रही।



कार्यक्रम की शुरुआत स्वयंसेवकों द्वारा उत्साहपूर्वक नारे लगाते हुए जागरूकता रैली निकाल कर की गई। रैली के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। इसके उपरांत स्वयंसेवकों को मतदाता शपथ दिलाई गई, जिसमें सभी ने निष्पक्ष, निर्भीक एवं जिम्मेदार मतदाता बनने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एनएसएस के पूर्व स्वयंसेवक लवी मसूरी ने अपने सात दिवसीय विशेष शिविर के अनुभव साझा करते हुए कहा कि एनएसएस शिविरों ने उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया तथा सामाजिक जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा दी।

महाविद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका प्रो. पूनम घई ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की नैतिक जिम्मेदारी भी है। उन्होंने सभी छात्रों से लोकतंत्र को मजबूत करने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

मतदाता जागरूकता अभियान क्लब के नोडल अधिकारी डॉ. विवेक यादव ने कहा कि युवा मतदाता देश के भविष्य की दिशा तय करते हैं, इसलिए प्रत्येक स्वयंसेवक को जागरूक एवं जिम्मेदार मतदाता बनना चाहिए। वहीं वरिष्ठ शिक्षक प्रो. शौराज सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से छात्र सामाजिक सरोकारों से जुड़कर राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दे सकते हैं। शिविर के बौद्धिक सत्र में स्वयंसेवकों को साइबर अपराध से बचाव के महत्वपूर्ण उपाय बताए गए। इस दौरान ऑनलाइन धोखाधड़ी, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड एवं सोशल मीडिया से जुड़े अपराधों के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई।

डॉ. भावना वत्सल ने साइबर अपराध से संबंधित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देते हुए छात्रों को किसी भी संदिग्ध स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. विवेक यादव, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. अर्चना गहलोत एवं डॉ. सुनील वर्मा सहित कार्यक्रम में स्वयं सेवकों प्रीत चौहान, लवी मसूरी, फिजा अली, विपिन कुमार, यश राघव, अनुराग, अंकुर आदि का सहयोग सराहनीय रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

# जूम मीटिंग से अनुपस्थित रहे पांच ब्लॉकों के अधिकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○ मुख्य विकास अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस किया जारी

**सम्भल।** आम की क्या बात की जाये अब अधीनस्थो अधिकारियों ने अपने ही आला अधिकारियों को इग्नोर करना शुरू कर दिया है। जूम वीडियो कान्फ्रेंसिंग को ज्वाइन नहीं करने और अनुपस्थिति रहने वाले पॉच अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

फार्मर रजिस्ट्र व शासन की अन्य योजनाओं को लेकर प्रत्येक दिन जूम मीटिंग के माध्यम से वीडियो कान्फ्रेंसिंग आयोजित की जाती है। मीटिंग में सभी खंड विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारियों और मुख्यमंत्री शोद्यार्थियों के साथ अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों को शामिल होकर प्रतिभाग करना ज़रूरी होता है। सोमवार को भी मुख्य विकास अधिकारी ने जूम मीटिंग का आयोजन किया गया था। मीटिंग में जिले के खंड विकास के अधिकारियों के अलावा सम्बंधित अन्य अधिकारियों ने मीटिंग को ज्वाइन किया लेकिन गुन्नौर के खंड विकास अधिकारी,सहायक खंड विकास अधिकारी (पं.), जुनावई के सहायक विकास अधिकारी (कृषि), बाल विकास परियोजना अधिकारी, मुख्यमंत्री शोद्यार्थी तथा बनियाखेड़ विकास खंड के सहायक विकास अधिकारी (पं.) एवं मुख्यमंत्री शोद्यार्थी, सम्भल ब्लॉक के मुख्यमंत्री शोद्यार्थी और बहजोई खंड विकास के बाल विकास परियोजना अधिकारी ने मीटिंग को ज्वाइन नहीं किया बल्कि अनुपस्थित रहे। जिसके चलते फार्मर रजिस्ट्री की समीक्षा का कार्य नहीं हो सका। मुख्य विकास अधिकारी ने अनुपस्थित रहकर घोर कदाचार करने वाले अधिकारियों के रवेये को गम्भीरता से लिया और उन्हे कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। जबकि नोटिस में तीन दिन में साक्ष्य सहित जवाब दें कि क्यों ने उनके इस कृत्य पूर्ण लापरवाही के लिए उनके विरूद्व प्रतिकूल संज्ञान लिया जाये।



सम्भल। फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर वसूली करने पहुंचे कानून के छात्र की जानकारी देते एसपी।

# फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर मांग रहा था 24 लाख

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○सूचना पर पुलिस ने किया गिरफ्तार एलएलबी का छात्र है आरोपी, फर्जी आईडी, इनकम टैक्स विभाग के नाम से जारी कूट रचित दस्तावेज हुए बरामद

**सम्भल।** फर्जी इनकम टैक्स बनकर काला धन बताकर 24 लाख की रिश्वत मांग रहे शातिर को पुलिस ने धर दबौच लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान कर दिया। फर्जी इनकमटैक्स अधिकारी से कूट रचित दस्तावेज और लेटर आदि बरामद किए।

थाना नखासा क्षेत्र के गांव अख्तियारपुर में पुलिस के अनुसार आरोपी गांव के एक व्यक्ति को धमका रहा था कि उसके पास बड़ी मात्र में काला धन है और यदि वह इनकम टैक्स की कार्रवाई से बचना चाहता है तो उसे मोटी रकम देनी होगी। आरोपी ने पीड़ित से कहा कि दो करोड़ रुपये के काले धन पर 12 प्रतिशत टैक्स के नाम पर 24 लाख रुपये तुरंत देने होंगे, नहीं तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई कर दी जाएगी। पीड़ित की शिकायत पर थाना नखासा पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में आरोपी के पास से इनकम टैक्स ऑफिसर का फर्जी आईडी कार्ड, इनकम टैक्स विभाग के नाम से जारी कूटरचित नोटिस, फर्जी लेटर समेत कई आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए। हैरान करने वाली बात यह सामने आई कि आरोपी एलएलबी का छात्र है और कानून की पढ़ाई के बावजूद उसने फर्जीवाड़ा और ठगी का रास्ता अपनाया। पुलिस का कहना है कि आरोपी कानून की जानकारी का इस्तेमाल लोगों को डराने और भ्रमित करने में कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी ने इससे पहले और किन लोगों को अपना शिकार बनाया है और कहीं उसके पीछे कोई गिरोह तो सक्रिय नहीं है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फर्जी अफसर बनकर आम जनता से ठगी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम लोगों से अपील की गई है कि यदि कोई व्यक्ति खुद को सरकारी अधिकारी बताकर डराने या पैसे की मांग करे तो तुरंत पुलिस को सूचना दें।

# गंगा एक्सप्रेसवे पर नए इंटरचेंज के निर्माण की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**



○ बदायूं सांसद आदित्य यादव ने विकास को उठायी मांग, यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को लिखा पत्र

**बबराला।** बदायूँ लोकसभा क्षेत्र से सांसद आदित्य यादव ने क्षेत्र के विकास को यूपीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखा है। जनपद बदायूं के समग्र विकास और यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में बदायूं लोकसभा क्षेत्र के सांसद आदित्य यादव ने उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के मुख्य कार्यपालक अधिकारी को पत्र लिखकर गंगा एक्सप्रेसवे पर नए इंटरचेंज के निर्माण की मांग की है। सांसद ने पत्र में गंगा एक्सप्रेसवे के बिसौली-बिल्सी रोड स्थित रानेट चौराहा के समीप ग्राम नागपुर (बिसौली) में इंटरचेंज निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया है। उन्होंने बताया कि मेरठ से प्रयागराज तक लगभग 594 किलोमीटर लंबा, 6 लेन एक्सेस कंट्रोल गंगा एक्सप्रेसवे जनपद बदायूं से लगभग 93 से 95 किलोमीटर की दूरी तक होकर गुजरता है, जिससे सदर, बिसौली, बिल्सी और दातागंज तहसीलों के लगभग 85 गांव प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होते हैं। सांसद ने अवगत कराया कि वर्तमान में जनपद बदायूं में घटपुरी,बदायूं, बरेली मार्ग, डहरपुर बदायूं, दातागंज मार्ग तथा बनकोटा (बदायूं-मुरादाबाद मार्ग) के समीप इंटरचेंज उपलब्ध अथवा प्रस्तावित हैं, किंतु इनके बीच अत्यधिक दूरी होने के कारण बिल्सी, बिसौली, सहसवान और इस्लामनगर क्षेत्र के लोगों को गंगा एक्सप्रेसवे तक पहुंचने के लिए 25 से 40 किलोमीटर तक अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती है। रानेट चौराहा के समीप स्थित ग्राम नागपुर भौगोलिक दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त स्थान है। यहां इंटरचेंज के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों को गंगा एक्सप्रेसवे से सीधा संपर्क मिलेगा, मौजूदा इंटरचेंजों पर यातायात का दबाव कम होगा तथा किसानों, छात्रों, व्यापारियों और मरीजों को आवागमन में वास्तविक सुविधा प्राप्त होगी। सांसद आदित्य यादव ने यूपीडा से इस प्रस्ताव के संबंध में आवश्यक तकनीकी परीक्षण कर शीघ्र निर्णय लेने तथा आगे की आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित किए जाने मांग की ताकि जनपद बदायूं को गंगा एक्सप्रेसवे से जुड़े विकास का वास्तविक लाभ मिल सके।

# गर्मी से पूर्व ही लड़खड़ाने लगी बिजली आपूर्ति व्यवस्था

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○भोर से लेकर सांय तक घंटों गुल रहना हो गया है आम

**सम्भल।** अभी गर्मी का प्रकोप शुरू भी नहीं हो सका है जबकि बिजली आपूर्ति लड़खड़ाने लगी है। सुबह भोर में कई घंटे तक गायब रहने वाली बिजली सांय को भी काफी देर तक बंद रखी जा रही है।

शहर में बिजली चोरों के खिलाफ चले अभियान के बाद बड़े स्तर पर बिजली चोरी रोकी गई। जिससे न केवल बिजली विभाग को बड़ा लाभ हुआ बल्कि बिजली की खपत भी काफी कम होने से लोगों को भरपूर बिजली आपूर्ति मिलने लगी थी। लेकिन कुछ दिनों से बिजली आपूर्ति बुरी तरह लड़खड़ाकर रह गई है। सुबह हो या शाम बिजली का कई-कई घंटे गायब रहना आम हो गया है। भोर में जब चोरी आदि का खतरा अधिक रहता है तब बिजली गुल कर दी जाती है। जबकि दोपहर को भी बीच-बीच में काफी देर तक बिजला चले जाना आम बात हो चुकी है। इतना ही नहीं सांय को पांच बजे बिजली का गुल होना जैसे शेडयूल बन गया है। लगभग एक घंटे तक बिजली गुल रहने से लोगों को काफी दुशवारियों का सामना करना पड़ता है। हैरत की बात यहै कि बिजली चुनिंदा क्षेत्र की ही गुल होती है जबकि अन्य क्षेत्रों में आपूर्ति पर कोई असर दिखायी नहीं देता है। रोडवेज़ चमन सराय की बिजली भोर और दोपहर व सांय पांच बजे जाना एक शेडयूल हो गया है। बिजली बंद रहने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना हो रहा है। कुछ क्षेत्रों की बिजली गुल क्यों की जा रही है इसका सही पता नहीं चल पा रहा है। हालांकि बिजली अफसरों से इस बाबात जानकारी करने पर कोई संतोष जनक जवाब नहीं दिया जाता है।

# विवादित पोस्टर पर सपा का खुलकर हुआ विरोध

○सपा नेता ने एडीएम को ज्ञापन देकर अनुमति नहीं देने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** विवादित फिल्म पर सपा का विरोध खुलकर सामने आ गया है। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ने जिलाधिकारी के नाम अपर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर फिल्म की शूटिंग की अनुमति नहीं देने और शांति व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका जतायी है।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं पूर्व जिलाध्यक्ष फिरोज खां ने सम्भल में प्रस्तावित विवादित फिल्म की शूटिंग पर कड़ी आपत्ति की है। उन्होंने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी को सौंपकर कहा कि ऐसी किसी भी फिल्म को सम्भल में शूटिंग की अनुमति न दी जाए, जिससे शांति व्यवस्था प्रभावित हो सकती हो। उन्होने कहा कि अब्बा जान और भाईजान जैसे नामों को लेकर बनाई जा रही फिल्म में 1978 से अब तक की घटनाओं का जिक्र किया जा रहा है, जो सम्भल जैसे संवेदनशील और पिछड़े जिले में अनावश्यक विवाद और उत्तेजना पैदा कर सकता है। उन्होंने कहा कि नवंबर 2024 में मस्जिद विवाद के दौरान प्रशासन और जनता ने मिलकर शांति बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत की थी और अब शहर में अमन-चैन का माहौल बना है। उन्होंने सवाल उठाया कि सम्भल को रेलवे लाइन, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा, रोजगार और किसानों की सुविधाओं की जरूरत है, न कि ऐसी फिल्मों की जो समाज में तनाव बढ़ाएं। मैं किसी को धमकी नहीं दे रहा, लेकिन प्रशासन से अपील है कि ऐसी विवादित फिल्म की शूटिंग यहां न होने दी जाए। सांसदों पर लगाए जा रहे आरोपों पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होने कहा कि बिना सबूत किसी जनप्रतिनिधि की छवि धूमिल करना पूरे लोकतंत्र और सांसद की गरिमा का अपमान है। उन्होंने कहा कि जनता विश्वास के आधार पर सांसद चुनती है और राजनीतिक फायदे के लिए समाज में जहर घोलने की कोशिश गलत है।



सम्भल- विवादित फिल्म की शूटिंग की अनुमति न देने की मांग को ज्ञापन देते फिरोज खां

## 26 फरवरी तक कार्ड धारकों को होगा खाद्यान्न का वितरण

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत माह फरवरी, 2026 के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न एवं बाजरा का नि:शुल्क वितरण गत आज से आगामी 26 फरवरी 2026 के मध्य कराया जाना है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्डधारक 11 कि.ग्रा. गेहूँ, 14 कि.ग्रा. फोर्टिफाईड चावल एवं 10 कि.ग्रा. बाजरा नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत पात्र गृहस्थी योजना में पात्र गृहस्थी योजना के राशन कार्डधारकों लाभार्थियों को 02 कि.ग्रा. गेहूँ, 01 कि.ग्रा. चावल तथा 02 कि. ग्रा. बाजरा नि:शुल्क वितरित किया जाएगा। अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्डधारक अपने उचितदर विक्रेता से खाद्यान्न एवं बाजरा प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें। उचित दर विक्रेता नजाकत ने खाद्यान्न वितरण हो रहा है।

# आत्म रक्षार्थ प्रशिक्षण पाकर बेटियों के हौंसले हो रहे बुलंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

○बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के तहत दिया जा रहा प्रशिक्षण

**सम्भल।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत आयोजित आत्म रक्षा प्रशिक्षण छात्राओं को आतम रक्षा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

विपरीत परिस्थितियों में विरोधी का डटकर मुकाबला कर सकें इसके लिए बेटियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के तहत दिया जाने वाला प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा आवासीय बालिका विद्यालय आटा, शहीद गिरीश चंद कंपोजिट विद्यालय व जूनियर हाईस्कूल कैथल की छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षक सुरेश कुमार, संतराम, ब्रजेश व रितेश ने छात्रओं को फ्रंट किक, फ्रंट जंप किक, नेक अटैक, साइड कट व मिडिल ब्लॉक्स आदि की ट्रेनिंग दी, सुरेश कुमार ने बताया कि सभी छात्राओं द्वारा मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग करने से उनके हौसले बुलंद हो रहे हैं तथा अब वह आसानी से विरोधी को धूल चटाने में सक्षम हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी चन्द्र भूषण ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिले के जूनियर हाई स्कूल व कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बेटियों को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। छात्राओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ सरकार द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के हितार्थ चलाई जा रही योजनाअें मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, छात्रवृति , मुख्यमंत्री बाल सेवा आदि चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। जिससे बालिकाओं/महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और पात्र महिलाओं/बालिकाओं को योजनाओं का लाभ मिल सके।

# गर्भवती जेठानी से मारपीट में चार पर प्राथमिकी हुई दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

○पेट में लात मारकर आठ माह का गर्भ गिराने का आरोप

**बबराला।** कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के गांव में मारपीट के आरोप में चार पर प्राथमिकी दर्ज की है। कोतवाली के गांव महमूदपुर निवासी माया देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक फरवरी की शाम वह अपनी जेठानी ममता के साथ घर के अंदर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसी गाली-गलौज करते हुए उनके घर में घुस आए। आरोप है कि उन्होंने जेठ के बारे में अभद्र टिप्पणी करते हुए अपशब्द कहे। उस समय आसपास के लोगों ने दोनों आरोपितों को समझा-बुझाकर वापस भेज दिया। दो फरवरी की दोपहर आरोपित दोबारा आकर जेठानी ममता की पिटाई कर दी। माया देवी ने बताया कि वह आठ माह की गर्भवती हैं और आरोपितों ने पेट में लात मारकर गर्भ गिराने की कोशिश की। घायल माया देवी और ममता को पहले गुन्नौर सीएचसी ले जाया गया, वहां से हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। कोतवाल राजीव मलिक ने बताया कि चार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## शहर व जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी की संयुक्त बैठक कल आज जिला कांग्रेस के कार्यालय पर आयोजित की जायेगी। जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने बताया कि जिला कांग्रेस कार्यालय चंदौसी रोड सम्भल पर एक महत्वपूर्ण बैठक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आहवान पर की जायेगी। बैठक में 13 फरवरी को 15 किलोमीटर की मनरेगा एवं संविधान बचाओ पदयात्रा प्रस्तावित है। यात्रा के संबंध में सभी कांग्रेस मनरेगा एवं संविधान बचाओ यात्र की रूपरेखा तैयार करेंगे। बैठक में सभी जिला कांग्रेस कमेटी शहर कांग्रेस कमेटी पूर्व पदाधिकारी पूर्व प्रत्याशी एआईसीसी,पीसीसी ब्लॉक अध्यक्ष नगर अध्यक्ष वार्ड अध्यक्ष एवं सभी फ्रंटल के जिला अध्यक्ष महिला कांग्रेस किसान कांग्रेस एनएसयूआई कांग्रेस सेवादल आउटईच कांग्रेस आदि एवं वरिष्ठ कांग्रेस जन् शामिल होंगे।

# जायरीन हज का शिविर में किया गया टीकाकरण

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** जायरीन हज के लिए टीकाकरण एवं मेडिकल फिटनेस कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में सरकारी डाक्टरों की टीम ने यात्रियों का अनिवार्य टीकाकरण किया।

अदरसा अजमल उलूम में आयोजित कैंप में जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने हज यात्रियों से संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं और उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने हज यात्रा को सुरक्षित एवं स्वस्थ बनाने के लिए सरकार द्वारा की जा रही व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी। जिला हज ट्रेनर तकी अशरफ एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि सम्भल जिले से हज 2026 के लिए लगभग 550 लोगों ने आवेदन किया था, जिनके सभी आवेदन स्वीकार कर लिए गए हैं। हज यात्रा से पूर्व सभी चयनित यात्रियों की मेडिकल जांच कराई गई थी और उसी के तहत अब उनका टीकाकरण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हज यात्रा पर जाने से पहले यात्रियों को निर्धारित वैक्सीन लगना अनिवार्य होता है, जिससे यात्रा के दौरान किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी परेशानी न हो। कैंप में बड़ी संख्या में हज पर जाने वाले लोगों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया और टीकाकरण कराया। इस दौरान चिकित्सकों की टीम ने यात्रियों को स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों, खान-पान, गर्मी से बचाव और यात्रा के दौरान नियमों का पालन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। हज यात्रियों ने प्रशासन द्वारा की गई इस व्यवस्था की सराहना की।



सम्भल- अजमल उलूम में सीएमओ की मौजूदगी में हज यात्रियों को टीमे लगाते।

## एक नज़र इधर भी

### किशोरी को साथ ले जाने में पांच के खिलाफ केस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** कोतवाली गुन्नौर क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 जनवरी की देर रात उसकी बेटी अचानक घर से लापता हो गई थी। काफी खोजबीन के बाद भी जब कोई सुराग नहीं लगा तो 22 जनवरी को गुन्नौर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई। पीड़ित का आरोप है कि अब जानकारी मिली है कि उसी दिन बदायूं जनपद के जरीफनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव आदमपुर असरौल निवासी युवक अपने पिता व अन्य लोगों के सहयोग से बेटी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया। कोतवाल राजीव मलिक ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपित युवक सहित पांच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। मामले में जांच की जा रही है।

### घनी आबादी में खड़े टॉवर साबित हो सकते हैं जानलेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** शहर के करीब आधा दर्जन ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें घनी आबादी है, लेकिन उसके बावजूद भी ऐसे क्षेत्रों में विभिन्न प्राईवेट कम्पनियों के टावर खड़े हैं। जो कभी भी जान लेवा साबित हो सकते हैं। इसके अलावा इनसे निकलने वाली अदृश्य किरणे भी स्वास्थ्य के लिए नुकसान दायक हैं।

आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर अलग-अलग मोबाइल कम्पनियों के हैं। सम्बंधित विभाग भले ही चाहे भूमि स्वामी की रज़ामंदी और टावर आने की फीस जमा करने का हवाला देकर अपना दामन छुड़ाना चाहें, लेकिन वह इस बात को कतई नज़र अंदाज़ नही कर सकते कि घनी आबादी वाले क्षेत्रों में लगे यह टावर किसी भी समय जानलेवा साबित हो सकते हैं। जहां तक शासनादेश की बात है तो कम्पनियां टावर लगाने के सभी मानक पूरे करने के बाद ही टावर लगाने में कामयाब हुई होगी, लेकिन इस सच्चाई को फिर भी नही झुठलाया जा सकता कि भूकम्प आदि आने से जब बड़े-बड़े पहाड़ धराशायी हो जाते हैं, तो ऐसे में इन टावरों का क्या वुजूद। इसके साथ ही इन टावरों से निकलने वाली किरणे भी हानिकारक बताई जाती हैं। जिनका सीधा प्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है।

### उदिता त्यागी ने तोड़ा आमरण अनशन

**गाजियाबाद।** डासना स्थित शिवशक्ति धाम में यूजीसी के नए कानून के विरोध में रविवार को 36 बिरादरियों की विशाल महापंचायत आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व मिस एशिया इंटरनेशनल और महाकाली वाहिनी की समन्वयक डा. उदिता त्यागी ने छह दिनों से चल रहे अपने आमरण अनशन को पानी पीकर समाप्त किया, लेकिन आंदोलन जारी रखने का एलान किया। डॉ. उदिता त्यागी ने चेतावनी दी कि यदि आवश्यकता पड़ी तो महाकाली वाहिनी रेल रोकेगी, सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन करेगी और व्यापक जनआंदोलन छेड़ेगी। उन्होंने कहा कि यह अनशन भले ही समाप्त हो रहा हो, पर बच्चों के भविष्य की लड़ाई खत्म नहीं होगी। किसी भी कीमत पर यूजीसी कानून को लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सरकार यह समझ ले कि समाज अपने बच्चों के भविष्य से कोई समझौता नहीं करेगा। उन्होंने यह भी घोषणा की कि वे देशभर के धर्मगुरुओं से मिलकर यूजीसी के नए कानून के खिलाफ समर्थन जुटाएंगी। महापंचायत में यूजीसी कानून के विरोध में आगे की रणनीति और संघर्ष की रूपरेखा तैयार की गई।

# टेक्नीशियन कर रहे थे पैथॉलोजी लैबों का संचालन

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** डीएम के निर्देश पर अवेध क्लीनिक, अस्पताल की जॉच व निरीक्षण जारी है। नगर मजिस्ट्रेट, ने एक के बाद निरीक्षण में शिकंजा कसने के बाद लैबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में टेक्नीशियन लैब का संचालित करते हुए पाए गए। जबकि एक लैब के बाहर ऑटो संचालक का बोर्ड लगाकर अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा था।

मंगलवार को नगर मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने ग्राम बबैना स्थित नैशनल हैल्थ केयर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। बबैना अडडा सम्भल बहजोई मार्ग पर संचालित लैब पर नैशनल पैथ लैब के लैटर पैड मिले, जिस पर डॉ. वाहिद अली, डी.एम.एल.टी., बी.पी.टी. एवं डॉ इशाक हुसैन, डी.एल.एल.टी. अंकित था। इसके अलावा मौके पर पैथोलॉजी सम्बन्धी उपकरण एवं कम्प्यूटर मिला, जिस पर वाहिद अली पुत्र सुबहान अली निवासी ग्राम अख्त्यारपुर चौबे थाना-हयातनगर कार्य कर रहा था। जबकि लैब में इशाक पुत्र शहादत निवासी ग्राम अख्त्यारपुर चौबे थाना-हयातनगर भी मौजूद मिला। 'मौके पर दुकान के बाहर ईशा आटो सर्विस सेन्टर का बोर्ड लगाकर स्थानीय अधिकारियों को गुमराह किया जा रहा था, जिससे मौके पर किसी अधिकारी की नजर न पड़े।' पूछताछ में वाहिद अली ने बताया कि वह इस लैब के मालिक एवं संचालक हैं। इनसे इनकी योग्यता एवं लैब संचालन के सम्बन्ध में वैध अभिलेख मांगे गए तो कोई भी अभिलेख पेश नहीं किए गए। मौके पर पैथोलॉजी लैब के संचालन सम्बन्धी कोई भी अभिलेख पेश नहीं करने पर पैथोलॉजी लैब को संचालन सम्बन्धी वैध अभिलेख पेश करने तक सील कर दिया गया। तत्पश्चात नगर मजिस्ट्रेट ने ग्राम ऐचौड़ा कम्बोह थाना- ऐचौड़ा कम्बोह स्थित नगली मनौटा रोड, त्यागी मार्केट, ऐचौड़ा कम्बोह पर संचालित पैथ केयर पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण किया। लैब एक दुकान पर संचालित की जा रही थी। दुकान के बाहर शीशे के दरवाजे पर पैथ केयर पैथोलॉजी लैब, लैब टैक्नीशियन डॉ. मो. आमिल, बी. एस.सी., एम.एल.टी. अंकित था। दुकान के अन्दर जाकर निरीक्षण करने पर मौके पर पैथ केयर पैथोलॉजी लैब, पैथ लैब, डॉ. खन्ना पैथकेयर प्रा.लि. एवं डॉ. लाल पैथलैब आदि के लैटर पैड मिले। इनमें से कई लैटर पैड पर रिपोर्ट एवं सम्बन्धित डॉ. के कम्प्यूटरीकृत हस्ताक्षर अंकित थे।





सम्भल- बाहर ऑटो सर्विस सेंटर के बोर्ड अंदर संचालित थी लैब पर छापमार कार्रवई करते नगर मजिस्ट्रेट एवं लैब के अंदर अभिलेखों की जांच करते।

# डीआईजी ने पुलिस कार्यालय का किया वार्षिक निरीक्षण, फरियादियों की सुनीं समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को डीआईजी मुनिराज जी के द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ पुलिस कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण की शुरुआत गार्द सलामी के साथ हुई, जिसके बाद डीआईजी ने पुलिस कार्यालय परिसर एवं वहां स्थित विभिन्न शाखाओं का गहन निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान डीआईजी मुनिराज जी ने कार्यालय में संधारित अभिलेखों की बारीकी से जांच की। उन्होंने रिकॉर्ड संधारण, फाइलों के रखरखाव, पत्रावलियों के निस्तारण की स्थिति तथा कार्यालयीन कार्यप्रणाली की समीक्षा की। इस दौरान जहां कमियां पाई गईं, वहां संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अभिलेख अद्यतन, सुव्यवस्थित और नियमानुसार होने चाहिए, जिससे कार्यों में पारदर्शिता और दक्षता बनी रहे।वार्षिक निरीक्षण के पश्चात डीआईजी ने पुलिस कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में भी भाग लिया।जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें अधिकारियों के समक्ष रखीं।डीआईजी मुनिराज जी ने एक-एक कर सभी फरियादियों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और संबंधित मामलों की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की।उन्होंने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों के शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने कहा कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि फरियादियों को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए मामलों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए।निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल सहित अन्य राजपत्रित अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में डीआईजी ने पुलिस कर्मियों से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया।





## एक नजर

### शिवरात्रि पर्व को लेकर थाने में शांति समिति की बैठक



**कांठ ( शाह टाइम्स )** शिवरात्रि पर्व सकुशल संपन्न कराने के लिए आज थाना कांठ में प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने लगने वाले भंडारों को सड़क के वाई और लगाने भंडारे में इस्तेमाल खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जाँचने पंडालो में होने वाली विद्युत व्यवस्था को सुरक्षित बनाने और सफाई व्यवस्था का विशेष ध्यान दिए जाने की ताकिद की सलेमपुर निवासी डॉक्टर पृथ्वी सिंह ने सलेमपुर गांव की ओर से मुख्य मार्ग पर लगने वाले शिविर में महिला शौचालय अलग से बनाए जाने का प्रस्ताव रखा जिसे स्वीकार किया गया लाडला बाद मंदिर के पास करुला पुल की साइड में मिट्टी डालने की मांग अध्यक्ष ने उठाई नवादड़ी के पास मंदिर पर सीसीटीवी कैमरे चालू कराई जाने की मांग भी की गई इसके अलावा कुछ लोगों ने कावड़ से संबंधित सुझाव भी रखें जिन पर पुलिस अधिकारियों ने विचार किया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि किसी भी समस्या के लिए उन्हें समय से अवगत कराया जाए और शांतिपूर्वक और व्यावहारिक तरीके से इस पर्व को संपन्न कराने में सबका साथ भी होना जरूरी है। इस अवसर पर गन्ना समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाजपा नेता राजपाल सिंह प्रजापति सहित काफी लोग मौजूद रहे।

### देहरी गांव में धार्मिक स्थल की भूमि में बनी दुकान को लेकर विवाद, क्षेत्र के लोगों ने पुलिस से की शिकायत




**मुरादाबाद।** थाना कटघर क्षेत्र के देहरी गांव में स्थित सैनी मंदिर परिसर को लेकर विवाद सामने आया है। देहरी गांव के समस्त क्षेत्रवासियों की ओर से थाना अध्यक्ष कटघर को एक लिखित शिकायत सौंपकर मामले में कार्रवाई की मांग की गई है।शिकायत में आरोप लगाया गया है कि देहरी गांव निवासी शेखर सैनी पुत्र डॉ. किशन स्वरूप सैनी द्वारा दिनांक 7 फरवरी को मंदिर परिसर में स्थित चामुंडा माता के स्थान को खंडित कर बिना किसी को सूचना दिए नई मूर्ति स्थापित कर दी गई। आरोप है कि मूर्ति के चारों ओर लोहे का जाल लगाकर उस पर ताला भी डाल दिया गया। जब मोहल्ले के लोगों ने जाल का ताला खोलने की बात कही तो संबंधित व्यक्ति द्वारा गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई।क्षेत्रवासियों का यह भी आरोप है कि उक्त व्यक्ति मंदिर परिसर की दुकान में पिछले लगभग 15 वर्षों से किराने की दुकान चला रहा है, लेकिन मंदिर को कोई किराया नहीं दे रहा है। इसके अतिरिक्त मंदिर परिसर में तांत्रिक विधा का अवैध रूप से संचालन किए जाने का भी आरोप लगाया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि इस पूरे प्रकरण से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। फिलहाल पुलिस द्वारा शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### अगवानपुर इलाके में घर में सोते ग्रामीण पर तेंदुए ने किया हमला, ग्रामीणों में फैली दहशत

मुरादाबाद। थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत चौकी अगवानपुर के गांव मिलकपुर निजामपुर में तेंदुए के हमले से पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। सोमवार तड़के तेंदुए ने एक घर में घुसकर सो रहे ग्रामीण योगराज पर अचानक हमला कर दिया। हमले में योगराज गंभीर रूप से घायल हो गया। शोर सुनकर परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तब तक तेंदुआ जंगल की ओर भाग चुका था। घायल योगराज को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उसका उपचार जारी है।घटना के बाद गांव में अफरा-तफरी मच गई। सुबह होते ही आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर पहुंच गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पहले भी कई बार तेंदुए की मौजूदगी देखी जा चुकी है, लेकिन प्रशासन व वन विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया। हमले के बाद भय का माहौल ऐसा है कि बच्चों को घरों में कैद कर दिया गया है। महिलाएं, बुजुर्ग और किसान खेतों की ओर जाने से कतरा रहे हैं।ग्रामीणों का आरोप है कि घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई, लेकिन काफी देर तक कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा, जिससे लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि क्षेत्र में विशेष टीम भेजकर तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरे लगाए जाएं, रात में गश्त बढ़ाई जाए और जंगलात क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन चलाया जाए। फिलहाल पूरे अगवानपुर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## बिहारी आदर्श इंटर कॉलेज में गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा संपन्न

**कांठ ( शाह टाइम्स )** बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न कराई गई। परीक्षा में एववीवएमवइंटर कॉलेज बरेली से आई परीक्षक कुमारी प्रियंका ने छात्राओं की प्रयोगात्मक एवं विषयगत समझ का मूल्यांकन किया

।परीक्षा के दौरान परीक्षक द्वारा छात्राओं से गृह विज्ञान से संबंधित विभिन्न प्रश्न पूछे गए, जिनका छात्राओं ने पूरे आत्मविश्वास और स्पष्टता के साथ उत्तर दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डॉ. अंजना शर्मा ने परीक्षा के शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए परीक्षक कुमारी प्रियंका का आभार जताया। उन्होंने छात्राओं के आत्मविश्वास और तैयारी की प्रशंसा की। विद्यालय मे प्रधानमंत्री द्वारा आयोजित परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी छात्राओं को दिखाया गया, जिससे छात्राओं को परीक्षा के तनाव से मुक्त रहने और सकारात्मक सोच अपनाने के महत्वपूर्ण सुझाव मिले।

गृह विज्ञान की प्रयोगात्मक परीक्षा के आयोजन में गृह विज्ञान शिक्षिकाएं श्रीमती नीरज यादव, श्रीमती सीमा सहित विद्यालय की समस्त शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों का पूर्ण सहयोग रहा।

### कुत्ते को लात मारने से रोका तो कंपनीकर्मी को दोस्तों से पिटवाया

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** सेक्टर-63 में युवक को कुत्ते को लात मारने से रो. कना कंपनीकर्मी को भारी पड़ गया। आरोपी युवक ने अपने दोस्तों को बुलाकर कंपनीकर्मी के साथ मारपीट की। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित योगेश कुमार ने पुलिस को बताया कि वह सेक्टर-63 स्थित एक कंपनी में नौकरी करते हैं। वह आठ फरवरी को कंपनी जा रहे थे। वह ए ब्लॉक में पहुंचे तो रितेश नामक युवक एक कुत्ते को लात मारकर परेशान कर रहा था। उन्होंने यह देखकर उस युवक को लात मारने से रोका तो वह भड़क गया। उसने गाली-गलौज शुरू कर दी। यही नहीं, उसने अपने दोस्तों को कॉल करके बुला लिया।

## टीएमयू-टिमिट में एआई और ईएसजी गोल पर ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** टीएमयू-टिमिट में एआई और ईएसजी गोल पर ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन तीर्थंकर महावीर विश्व. विद्यालय (टीएमयू) के तत्वावधान में तीर्थकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा 'व्यवसायिक सततता एवं ईएसजी लक्ष्यों की प्राप्ति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिग एड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। इस शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक सत्र में आईआईएम अमृतसर के डॉ अरुण कुमार वैश्या (सहायक प्रोफेसर) ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से संस्थान पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सुशासन (ईएसजी) के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने उद्योगों में एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों डेटा- आधारित निर्णय प्रणाली और सतत विकास में एआई की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन एवं मार्गदर्शन प्रो. डॉ. विपिन जैन, डीन, टिमिट, टीएमयू के संरक्षण में किया गया। उन्हों टीएमयू टिमिट में एआई और ईएसजी गोल पर ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। तीर्थकर महावीर विश्वविद्यालय (टीएमयू) के तत्वावधान में तीर्थकर महावीर इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (टिमिट) द्वारा 'व्यवसायिक सततता एवं ईएसजी लक्ष्यों की प्राप्ति में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आईएसटीडी (इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट), मुरादाबाद चौप्टर तथा टीएमयू एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेल (ईडीसी) का सहयोग रहा। इस शैक्षणिक एवं ज्ञानवर्धक सत्र में आईआईएम, अमृतसर के डॉ. अरुण कुमार बैरवा (सहायक प्रोफेसर) ने रिसोर्स पर्सन के रूप में सहभागिता की। उन्होंने अपने व्याख्यान में बताया कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से संस्थान पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सुशासन (ईएसजी) के लक्ष्यों को प्रभावी रूप से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही उन्होंने उद्योगों में एआई के व्यावहारिक अनुप्रयोगों, डेटा आधारित निर्णय प्रणाली और सतत विकास में एआई की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का आयोजन एवं मार्गदर्शन प्रो डॉ. विपिन जैन, डीन टिभिट, टीएमयू के सरक्षण में किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में एआई न केवल व्यवसाय की दक्षता बढाता है, बल्कि सतत विकास को भी सशक्त आधार प्रदान करता है। इवेंट कोऑर्डिनेटर ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सगन्चय किया और प्रतिभागियों को विषय से जोडने का कार्य किया। इस ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान में टिमिट के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सत्र के अंत में प्रश्ना. ेत्तर चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें वक्ता. आयोज. कों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त कियाने अपने संबोधन में कहा कि आज के डिजिटल युग में एआई न केवल व्यवसाय की दक्षता बढ़ाता है, बल्कि सतत विकास को भी सशक्त आधार प्रदान करता है। इवेंट कोऑर्डिनेटर ने कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु समन्वय किया और प्रतिभागियों को विषय से जोडने का कार्य किया।

इस ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान में टिमिट के शिक्षकगण, शोधार्थी एवं बड़ी सख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सत्र के अत में प्रश्ना. ेत्तर चर्चा के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसमें वक्ता. आयोज. कों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया।





# क्लाउड प्रौद्योगिकी से वैश्विक उद्योगों में क्रांतिकारी बदलाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात के सूडो कंसल्टेंट्स कंपनी के क्लाउड एक्सपर्ट श्री प्रीतीश आनंद ने क्लाउड संगणना की मूल अवधारणाओं, विभिन्न प्रकारों और व्यावहारिक अनुप्रयोगों पर गहनता से प्रकाश डाला।

उन्होंने सार्वजनिक, निजी और संकर क्लाउड सरीखे मॉडलों की विस्तृत जानकारी प्रदान करते हुए यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार ये मॉडल विभिन्न उद्योगों में प्रभावी भूमिका निभा रहे हैं। श्री आनंद ने नेटफ्लिक्स, स्विगी ,जोमैटो जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों के उदाहरण प्रस्तुत करते हुए समझाया कि किस प्रकार ये संस्थान क्लाउड प्रौद्योगिकी का उपयोग कर अपनी सेवाओं को अधिक सुरक्षित, तीव्र एवम् विश्वसनीय बना रहे हैं। श्री आनंद तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ कम्प्यूटिंग साइंसेज एंड इन्फॉर्मेशन टेक्नोलॉजी-सीसीएसआईटी में क्लाउड में उड़ान: क्लाउड टेक्नोलॉजी स्वर्णिम कैरियर पथ की खातिर बेस्ट पर आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य वक्ता बोल रहे थे। इससे पूर्व मुख्य वक्ता श्री प्रीतीश आनंद, सीसीएसआईटी के प्रॉक्टर प्रो. प्रदीप कुमार, सीसीएसआईटी के एडिशनल एचओडी एवम् सेमिनार कोऑर्डिनेटर डॉ. रूपल गुप्ता आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके सेमिनार का शुभारम्भ किया। क्लाउड एक्सपर्ट श्री आनंद ने कहा, वर्तमान डिजिटल युग में क्लाउड प्रौद्योगिकी सूचना प्रौद्योगिकी, व्यापार, शिक्षा, स्वास्थ्य, मनोरंजन समेत दीगर क्षेत्रों में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। उन्होंने स्टुडेंट्स को भविष्य की तकनीकी चुनौतियों का आत्म विश्वास के साथ सामना करने के लिए नवाचार, आत्मनिर्भरता और उद्योग-आधारित कौशलों को विकसित करने के लिए प्रेरित किया।

सेमिनार के प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने क्लाउड प्रौद्योगिकी, वेबसाइट तैनाती, प्रमाणन, रोजगार अवसरों एवं तकनीकी नवाचार से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे। इस ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी में बीटेक-सीएस के स्टुडेंट्स हार्दिक बालसुनी को प्रथम, समीक्षा जैन को द्वितीय और मोहम्मद अदीब को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन शीर्ष तीन स्टुडेंट्स को अमेजन वेब सेवाओं की पुस्तिकाएं प्रदान करके सम्मानित किया गया।फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी ने कहा,क्लाउड संगणना सूचना प्रौद्योगिकी एवम् डिजिटल अवसं. रचना के भविष्य को आकार देने वाली एक प्रमुख और परिवर्तनकारी तकनीक है। उन्होंने एडब्ल्यूएस प्रमाणन को करियर उन्नति एवम् बेहतर रोजगार अवसरों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए स्टुडेंट्स को एडब्ल्यूएस अकादमी और अन्य प्रमाणन मंचों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सेमिनार के प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने क्लाउड प्रौद्योगिकी, वेबसाइट तैनाती, प्रमाणन, रोजगार अवसरों एवं तकनीकी नवाचार से संबंधित अनेक महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे।अंत में सभी अतिथियों एवम् मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन स्टुडेंट तंजीला बशीर ने किया।



## नवभारत पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक समारोह का हुआ आयोजन

**कुंदरकी।** नवभारत पब्लिक जूनियर हाई स्कूल में वार्षिक समारोह का आयोजन किया मुख्य अतिथि अब्दुल्ला पठान ने छात्रो को संबोधित करते हुए कहा विद्यार्थियों को संतुलित आहार पर ध्यान देना होगा स्वस्थ शरीर और अच्छा चरित्र व्यक्ति को ऊँचाइयों तक ले जाता है विशिष्ट अतिथि आई टी एम ग्रुप के चेयर मैन मोहम्मद आरिफ पाशा ने कहा शिक्षा मन के अंधेरों को दूर करती है शिक्षित व्यक्ति अनुशासित होता है ।भारतीय किसान यूनियन भानु के जिला अध्यक्ष दानिश पाशा ने किसानों से अपने बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित करने का आवाहन किया ।नवभारत पब्लिक जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक एच आर सनी ने बताया की वर्ष 1990 में एक पेड़ के नीचे से जो विद्यालय शुरू हुआ था आज वो वटवृक्ष बन चुका है यहाँ के पढ़े हुए बच्चे बड़ेबड़े पदो पर कार्यरत हैं ।मुन्नी लाल जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक अनिल ,मुंशी तौकीर ,डॉक्टर दिनेश ठाकुर वरिष्ठ समाज सेवी शिक्षा विद् रोहित चंद्रा ,श्री रामपाल सिंह मेमोरियल जूनियर स्कूल के प्रबंधक सुधीर कुमार शिक्षक राम बहादुर शिव नारायण नेता नवभारत स्कूल के स्टाफ मुकीम अमन शर्मा शिव प्रकाश जफर मसूद ने विचार व्यक्त किया ।सांस्कृतिक कार्यक्रम में गुलफ्शा की टीम के बच्चों ने सोलह और उमा मैडम की टीम बारह प्रोग्राम प्रस्तुत किया सभी प्रोग्राम बेहद मन मोहक रहे ।प्रधाना चार्य अतिकुर रहमान ने अतिथि गणों का स्वागत पगड़ी पहना कर मोमेंटो देकर किया ।इस कार्य क्रम में मिलक मजरा मंसूर पुर अब्दुल्ला पुर फरेदी के दर्जनों व्यक्तियो ने भाग लिया ।छात्री द्वारा गीत नाटक डांस जोक कॉमेडी प्रस्तुत किया गया ।रोजी अलीना शाइस्ता स्वाति कंचन सती प्रीति बुशरा ज्योति आदि ने सक्रिय भूमिका अदा की।

मेधावी छात्र पुरस्कृत किए गये अब्दुल्ला सुबहान आमिना अहद को सराहा गया ।संचालन अलीना महेंद्र ने किया ।फखरुद्दीन ने सभी का आभार व्यक्त किया ।



## गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में सड़क सुरक्षा व जीरो फैटेलिटी विषय पर एक दिवसीय शिविर हुआ आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सोमवार को गो. कुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज, की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाइयों द्वारा सड़क सुरक्षा एवं जीरो फैटेलिटी विषय पर तृतीय एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात नियमों के प्रति जागरूकता तथा दुर्घटना पीड़ितों की सहायता से जुड़ी सरकारी योजनाओं की जानकारी देना रहा।शिविर के दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने बस्ती में जाकर लोगों को राहवीर योजना एवं कैशलेस उपचार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके साथ ही नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों और स्थानीय नागरिकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग तथा जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया गया।कॉलेज की प्राचार्या प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने अपने संदेश में कहा कि सड़क दुर्घटनाएं आज एक गंभीर सामा. जिक समस्या बन चुकी हैं। थोड़ी सी लापरवाही और यातायात नियमों की अनदेखी के कारण अनेक बहुमूल्य जीवन असमय समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि राहवीर योजना दुर्घटना पीड़ितों की सहायता के लिए आगे आने वाले संवे. दनशील नागरिकों को सम्मानित करने की पहल है, जबकि कैशलेस उपचार योजना के अंतर्गत सरकारी एवं निजी अस्पतालों में पीड़ितों को तत्काल और नि:शुल्क उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है।मुख्य अनुशासिका प्रो. किरण साहू ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम समाज को सुरक्षित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इस अवसर पर "सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा" विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान शारफा, द्वितीय अतूफा तथा तृतीय स्थान नेहा ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता की निर्णायक प्रो. सुधा सिंह एवं डॉ. प्रीति पांडे रहीं।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सविता अग्रवाल ने किया। प्रो. सीमा गुप्ता एवं डॉ. सीमा रानी का विशेष सहयोग रहा। शिविर में नेहा, मारिया, पायल, मुस्कान, हुजैफा, वंशिका, सहित अनेक स्वयंसे. विकाएँ उपस्थित रहीं।




**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० ) महोदय, मुरादाबाद**
**उत्तरा. वि.वाद संख्या:** 13/2025
**तारीख पेशी:** 10.02.2026
**श्रीमति नूर बनाम इरफान आदि।**
श्रीमति नूर जहां उम्र 69 साल पत्नी स्व. जाकिर हुसैन निवासी बहेड़ी ब्रहम्नान तह. ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद **वादनी।**
**बनाम**
1. इरफान उम्र 35 साल पुत्र स्व. जाकिर हुसैन निवासी ग्राम बहेड़ी ब्रहम्नान डा. खास तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद आदि, 2. **जनता आम।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमति नूर जहां हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा श्रीमति नूर जहां मुसबफा जाकिर हुसैन अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. 570125.40/- हरगाह मुसम्मा श्रीमति नूर जहां ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 10 मास 02 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी. डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब ( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )
**न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मुरादाबाद**
**वाद संख्या :**-62 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 20.02. 2026
**वास्ते हकूकेजौजियत**
थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद।
**मौ० फराज बनाम महवीश**
**बनाम**
श्रीमती महवीश पत्नी मौ0 फराज पुत्री मलिक इकबाल निवासी हाल मकान संख्या-एफ-10 काजी टोला प्रिंस रोड थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद।
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **हकूकेजौजियत** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 20 माह 02 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तखत मेरे व मोहर आज बतारीख 09 के माह 02 सन् 2026 को जारी किया है।
**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी०डि० )/एफटीसी, मुरादाबाद।**
**वि० वाद संख्या:** 188/2025
**संबंधित मूलवाद संख्या:** 447/2012
**तारीख पेशी:** 25.02.2026
महेन्द्र सिंह उम्र 49 वर्ष पुत्र स्व. वेदराम निवासी मझौली, दिल्ली रोड, निकट ओवर्सीस बैंक, तहसील व जिला मुरादाबाद-**प्रार्थी/वादी।**
**बनाम**
1. श्रीमति रेशमिया उम्र 75 वर्ष पत्नी श्री वेदराम निवासी मझोली, तहसील व जिला मुरादाबाद (मृतक दौराने मुकदमा दि. 26.12.2024, 2. इंद्रजीत सिंह उम्र 51 वर्ष पुत्र सरदार गुरूवचन सिंह निवासी मौहल्ला बाबरियान दीवान का बाजार, मुरादाबाद, 3. हरिओम पाहवा उम्र 56 वर्ष पुत्र बेसाखीराम पाहवा निवासी मानपुर बुधबाजार चौकी के सामने जिला मुरादाबाद, 4. गुरमीत सिंह उम्र 46 वर्ष पुत्र जोगेन्द्र सिंह निवासी मझौली मिलन विहार गली नम्बर-1 मकान नम्बर-2, तहसील व जिला मुरादाबाद-**विपक्षीगण/प्रतिवादीगण**
चूंकि उपरिनामांकित वादी के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संदिशत करने के लिये 2026 के 02 के दिवस 25 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 02 के दिवस 09 को निकाली गयी है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० )/एफटीसी, मुरादाबाद।**

## ग्यारह वर्षों में केंद्र सरकार ने व्यापारियों के सम्मान तथा संरक्षण देने वाला बजट पेश किया है: दिनेश शारदा अग्रवाल

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक दिनेश शारदा अग्रवाल ने सोमवार को नगर के तिकोनिया बस स्टैंड के निकट एक व्यापारी के आवास पर पहुंचकर आयोजित व्यापारी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि 2026 27 का बजट ऐतिहासिक बजट है उन्होंने बताया कि यह बजट



देश के युवाओं कुटीर उद्योग लघु उद्योग एसएमई, किसानों के लिए व्यापारियों के लिए तथा आम जनता, गरीबों को राहत देने वाला बजट है इस बाजार में स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर निवेश पर विशेष जोर दिया गया है 11 वर्षों में केंद्र सरकार ने व्यापारियों के सम्मान तथा संरक्षण देने वाला बजट है 18 करोड लोग मुद्रा योजना का लाभ उठा रहे हैं यह बजट आने वाले समय में नजीर पेश करेगा पूर्व सरकारों में 2000 स्टार्टअप कार्य करते थे लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप की संख्या बढ़कर 2 लाख हो गई है समाजवादी पार्टी सरकार में व्यापारियों से अवैध वसूली, अपहरण तथा अभद्र व्यवहार किया जाता था लेकिन आज उत्तर प्रदेश सरकार के शासन में व्यापारी सम्मान का जीवन व्यतीत कर रहा है। इस कार्यक्रम में व्यापार मंडल अध्यक्ष संजीव सिंघल भाजपा के आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक आशुतोष अग्रवाल विशुल अग्रवाल भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमारधर्मेंद्र कुमार पाल यश कुमार सिंह पंकज कुमार पाल आशीष अग्रवाल देवेंद्र कुमार सिंह भूपेंद्र सिंह चौहान आदि ने भाग लिया।

## विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवक से एक लाख 27 हजार की ठगी, पुलिस को दी तहरी

ठाकुरद्वारा। विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 1.27 लाख रुपये की ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। ढाई महीने काम कराने के बाद कंपनी द्वारा युवक को वापस भेज दिया गया, जबकि आरोपी ने रुपये लौटाने से इंकार करते हुए धमकी भी दी। नगर के मोहल्ला वार्ड 19 निवासी जहीर आलम ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि करीब पांच माह पूर्व रतूपुरा निवासी एक व्यक्ति उनके संपर्क में आया था। उसने स्वयं को विदेश भेजने का काम करने वाला बताते हुए सऊदी अरब में अच्छे वेतन पर नौकरी दिलाने का भरोसा दिलाया। आरोपी ने जहीर आलम को कारपेंटर के पद पर सऊदी भेजने की बात कही और इसके लिए कुल खर्च 1.27 लाख रुपये बताया। पीड़ित के अनुसार उसने आरोपी के खाते में 1.05 लाख रुपये जमा कराए, जबकि शेष 22 हजार रुपये नगद दिए। करीब तीन माह पूर्व आरोपी ने उसे सऊदी अरब भेज दिया, लेकिन वहां कंपनी ने उससे ढाई महीने काम लेने के बाद एग्रीमेंट समाप्त होने का हवाला देकर वापस भारत भेज दिया। स्वदेश लौटने के बाद जब जहीर आलम ने अपने रुपये वापस मांगे तो आरोपी ने न केवल रकम लौटाने से मना कर दिया, बल्कि उसे धमकाने भी लगा। पीड़ित ने पुलिस से मामले में आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा के तहत छात्रों को किया गया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** कुष्ठ जागरूकता पखवाड़ा (30 जनवरी से 13 फरवरी) के अंतर्गत आदर्श जनता इंटर कॉलेज, भायपुर में कुष्ठ रोग जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को कुष्ठ रोग के प्रति जागरूक किया गया और इससे जुड़ी भ्रांतियों को दूर किया गया। पैरामेडिकल वर्कर कुलवंत सिंह ने छात्रों को कुष्ठ रोग के लक्षण, कारण और उपचार की विस्तृत




जानकारी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कुष्ठ रोग किसी भी प्रकार से पूर्व जन्म के पापों का फल नहीं है, न ही यह छूने से फैलता है और न ही यह आनुवंशिक रोग है, अर्थात यह एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में नहीं जाता। उन्होंने बताया कि कुष्ठ रोग एमडीटी (मल्टी ड्रग थेरेपी) से पूरी तरह ठीक हो जाता है। यदि समय पर जांच कराकर पूरा उपचार कराया जाए तो व्यक्ति किसी भी प्रकार की विकृति या विकलांगता से बच सकता है। कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों में कुष्ठ रोग को लेकर जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज में फैली गलत धारणाओं को समाप्त करने का संदेश दिया गया।


**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड**

**पंजीकृत कार्यालय एवं कारखाना:** द्वारिकेश नगर - 246 762, जिला बिजनौर, (उ.प्र.)
**फोन:** 01343 - 267057-64; **फैक्स:** 01343 - 267065
**कॉर्पोरेट कार्यालय:** 511, मेकर चैम्बर्स वी, 221, नरीमन पॉइंट, मुंबई - 400021.
**फोन:** 2283 2486, 2204 2945 **फैक्स:** 2204 7288
**ई-मेल:** investors@dwarikesh.com; **वेबसाईट:** www.dwarikesh.com
**सीआईएन:** L15421UP1993PLC018642

**सूचना पात्र प्रकरणों में भौतिक प्रतिभूतियों के स्थानांतरण एवं डिमैटरियलाइजेशन (डीमैट) हेतु विशेष विंडो खोले जाने की सूचना**

सेबी ने अब, परिपत्र संख्या HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के माध्यम से, 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेची/खरीदी गई भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डिमटेरियलाइजेशन के लिए 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए एक और विशेष विंडो खोलने का निर्णय लिया है।

यह सुविधा उन निवेशकों के लिए उपलब्ध है जिन्होंने 01 अप्रैल, 2019 से पहले द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड (''कंपनी'') के भौतिक शेयर खरीदे थे, और जिन्होंने :

(ए) हस्तांतरण के लिए शेयरों को दाखिद नहीं किया था; या

(बी) शेयरों को हस्तांतरण के लिए दाखिल किया था, लेकिन दस्तावेजीकरण में कमियों के कारण उन्हें अस्वीकार कर दिया गया, वापस कर दिया गया या ध्यान नहीं दिया गया था।

**विशेष विंडो की प्रयोज्यता**

01 अप्रैल, 2019 से पहले निष्पादित हस्तांतरण कार्यों के लिए इस विंडो की प्रयोज्यता के बारे में स्पष्टता के लिए, निवेशक नीचे दिए गए मैट्रिक्स को देख सकते हैं :

| 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व हस्तांतरण क लिए दाखिल | निवेशक के पास मूल शेयर प्रमाणपत्र की उपलब्धता? | विशेष विंडो के तहत पात्र |
|---|---|---|
| नहीं (नवीन दाखिल) | हां | हां (सेबी परिपत्र के अधीन) |
| हां, लेकिन पहले अस्वीत/वापसीत | हां | हां (सेबी परिपत्र के अधीन) |
| हां, और पहले ही हस्तांतरित | नहीं | नहीं |
| नहीं, शेयर प्रमाणपत्र उपलब्ध नहीं | नहीं | नहीं |

कृपया ध्यान दें कि **केवल मूल शेयर प्रमाणपत्रों, विधिवत निष्पादित हस्तांतरण कार्यों (01 अप्रैल, 2019 से पहले निष्पादित)** के साथ अन्य सहायक दस्तावेजों के साथ आने वाले अनुरोधों पर ही विशेष विंडो के तहत विचार किया जाएगा। इस विंडो के तहत हस्तांतरित प्रतिभूतियों को **केवल डीमैटीरियलाइज्ड रूप में** जमा किया जाएगा और हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से **एक (1) वर्ष की लॉक-इन अवधि** के अधीन होगी।

**विनिधानकर्ता शिक्षा और संरक्षण कोष (आईईपीएफ)** में पहले ही हस्तांतरित प्रतिभूतियां या **विवादों** से जुड़े मामले इस विशेष विंडो के तहत **पात्र नहीं होंगे**।

किसी भी प्रश्न या सहायता के लिए, आप कंपनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) से संपर्क कर सकते हैं :

आरटीए का नाम : मैसर्स. एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(पूर्व की मेसर्स लिंक इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड)
ईमेल : invetsor.helpdesk@in.mpms.mufg.com
फोन : +91 22 4918 6000-79
पता : सी-101, दूतावास 247 पार्क, एलबीएस मार्ग, विक्रोली (पश्चिम),
मुंबई - 400 083

यह संचार कंपनी की वेबसाइट **www.dwarikesh.com** पर भी अपडेट किया गया है।

**द्वारिकेश शुगर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए**
**हस्ता./-**
**बी. जे. माहेश्वरी**
**प्रबंध निदेशक एवं सीएस सह सीसीओ**
**डीआईएन : 00002075**

**स्थान :** द्वारिकेश नगर, जिला बिजनौर, उत्तर प्रदेश
**दिनांक :** ९ फरवरी, २०२६


# आईएफटीएम में एंटरप्रेन्योरशिप और इनोवेशन पर एफडीपी का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ साइंसेज एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ ने संयुक्त रूप में इंस्टीट्यूशन्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं आईएफटीएम बिजनेस इन्क्यूबेशन फाउंडेशन (आईएफटीएम- बीआई एफ) के सहयोग से ''एंटरप्रेन्योरशिप, इनक्यूबेशन एण्ड इनोवेशन इन हायर एजुकेशन'' विषय पर एक सप्ताह का राष्ट्रीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) का आयोजन किया।




कार्यक्रम का शुभारम्भ विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल तथा जुबिलेंट एग्रीकल्चर रूरल डेवलपमेंट सोसाइटी, मुरादाबाद के संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी तथा एफडीपी के मुख्य वक्ता डॉ. दीपक मेंदिरत्ता ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण कर किया।

इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. अग्रवाल ने एफडीपी के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। मुख्य वक्ता डॉ. मेंदिरत्ता ने ग्रामीण विकास, कृषि आधारित नवाचार एवं सामाजिक उद्यमिता के सफल उदाहरणों के माध्यम से यह स्पष्ट किया कि किस प्रकार इन्क्यूबेशन और स्टार्टअप संस्कृति समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि उच्च शिक्षा में उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देना समय की आवश्यकता है।

## सड़क हादसे में चौकीदार की मौत

**कुंदरकी।** थाना कुंदरकी क्षेत्र में सड़क हादसे में घायल चौकीदार साबिर (62) की उपचार के दौरान



मौत हो गई। घटना के बाद से मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार साबिर गांव हाथीपुर चित्तू के निवासी थे और कुंदरकी थाने में चौकीदार के पद पर तैनात थे। रविवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के थाने में दौरे के चलते उनकी ड्यूटी देर शाम तक रही। ड्यूटी समाप्त कर वह साइकिल से घर लौट रहे थे। मो. हनपुर-चकफाजलपुर मार्ग पर ईंट भट्ठे के पास किसी वाहन की चपेट में आने से उनके सिर में गंभीर चोट आ गई। परिजनों द्वारा उन्हें पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, बाद में जिला अस्पताल और फिर मेरठ रेफर किया गया। मेरठ ले जाते समय रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। सोमवार को परिजनों ने शव को गांव में बिना किसी कार्रवाई के सुपुर्द-ए-खाक कर दिया।

## आईएफटीएम विश्वविद्यालय में कुष्ठ रोग जागरूकता सेमिनार का आयोजन

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय की ओर से ''स्पर्श-कुष्ठ रोग जागरूकता अभियान'' के अंतर्गत एक सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान जिला कुष्ठ रोग परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि कुष्ठ रोग में शरीर की त्वचा के साथ-साथ नसें भी प्रभावित होती हैं, परन्तु यह छूत का रोग नहीं है। डॉ. अग्रवाल ने यह जानकारी भी दी कि मुरादाबाद शहर में सरकारी अस्पतालों तथा जिला कुष्ठ रोग कार्यालयों पर कुष्ठ रोग का मल्टी ड्रग थेरेपी (एमडीटी) द्वारा नि:शुल्क उपचार किया जा रहा है। फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने अपने वक्तव्य में सरकार द्वारा चलाए जा रहे कुष्ठ रोग निवारण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कुष्ठ रोग के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने कुष्ठ रोग में प्रयुक्त दवाएं तथा उनकी क्रियाविधि इत्यादि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेस के निद. शक डॉ. सुशील कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित प्रस्तुत करते हुए कहा कि समाज में जागरूकता से इस रोग को समाप्त करने में सहयोग मिलेगा।

## किराया बढ़ोत्तरी को लेकर व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल और नगर निगम के अधिकारियों के बीच हुई वार्ता

**मुरादाबाद।** नगर निगम द्वारा की गई किराया बढ़ोतरी के विरोध में लगातार दो दिनों से दुकानें बंद कर प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल ने तीसरे दिन नगर निगम प्रशासन से वार्ता की। व्यापारियों की यह बैठक मेयर विनोद अग्रवाल एवं नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल के साथ आयोजित की गई, जिसमें किराया बढ़ोतरी सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई।व्यापारियों ने बताया कि नगर निगम की दुकानों के किराए में की गई बढ़ोतरी उनके लिए आर्थिक रूप से बोझ बन गई है। इस मुद्दे को लेकर व्यापारियों ने दो दिन तक अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध जताया था। व्यापारियों का कहना था कि अचानक किराया बढ़ाने से छोटे व्यापारियों पर गंभीर असर पड़ेगा और उनका व्यापार चलाना मुश्किल हो जाएगा।तीसरे दिन हुई बैठक में नगर निगम के अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वार्ता के दौरान व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। मेयर विनोद अग्रवाल ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि उनकी जायज मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने कहा कि किराया बढ़ोतरी के मामले में व्यापारियों की सहमति से समाधान निकाल लिया गया है तथा अन्य समस्याओं के समाधान के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

## फाटक पर लग रहा लम्बा जाम

**चंदौसी** नगर में बढ़ते वाहनों की संख्या एवं बढते अतिक्रमण के कारण संडके छोटी होती जा रही है। कुछ समय पहले लगा था कि चन्दौसी शहर को जाम व अतिक्रमण से मुक्ति मिल जायेगी। लेकिन पूर्व एसडीएम विनय मिश्रा के जाने के पश्चात टांय-टांय फिस्स हो गई केवल उनका असर शहर में पांच स्थानों पर बरकरार दिखायी दिया। जिसमें शक्ति नगर, तहसील रोड, फुब्बारा चौक, मालगोदाम रोड लेकिन धीरे-धीरे यह सड़के फिर सक्रिय हो गई। 35बी रेलवे फाटक पर सड़के काफी चौड़ी थीं परन्तु मालगा. दाम रोड पर अतिक्रमण न हटाने के कारण अब इस रोड पर जाम लगता है उनका निकलना दुर्भर हो जाता है। फिलहाल 35बी रेलवे फाटक से लेकर मालगोदाम रोड तक लाखों रूपये लगाकर बनायी सड़क की हालात जर्जर हो गई। फिलहाल अभी तो मौसम ठंडा लेकिन जैसे ही गर्मी बढ़ेगी वैसे ही गर्मी बढ़ेगी उस समय लोगों को निकलना और दुर्भर हो जायेगा।

# भारतीय किसान संघ ने मांगो को लेकर तहसील पर दिया धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** तहसील क्षेत्र के भारतीय किसान संघ के पदाधिकारी ने मांगों को लेकर तहसील पर धरना प्रदर्शन किया बाद में जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम बिलारी को सौंपा। सोमवार को भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता अम्बेडकर पार्क में इकट्ठा हुए और उसके बाद तहसील परिसर में इकट्ठा होकर सां. केतिक धरना दिया और एसडीएम बिलारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा कि चन्दौरा सहित कई अन्य गाँव में किसानों के 16 ट्यूबैलों पर चोरी हुई, लाखों रूपयें का सामान चोरी हुआ, लेकिन अभी तक कोई खुलासा नहीं किया गया है, मौहम्मद इब्राहीमपुर गाँव में हिन्दुओं के शमसान घाट पर जाने का रास्ता नही है, पूर्व में शिकायते की गई लेकिन कोई भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। क्षेत्र में होने वाले अवैध खनन



अवैध खनन को लेकर जांच की, प्रांत प्रचार प्रमुख तेजभान सिंह राघव ने किसानों के अनेको समस्याएं उठाई। एसडीएम विनय कुमार सिंह ने कहा की सभी की निष्पक्ष जांच की जाएगी। ज्ञापन ब्लॉक मंत्री अमन सक्सेना के नेतृत्व में सौंपा, इस मौके पर तेजभान सिंह राघव प्रांत प्रचार प्रमुख भारतीय किसान संघ, ऋषिपाल सिंह जिला उपाध्यक्ष, हेमचंद सिंह जिला कोषाध्यक्ष, पवन कोहली जिला प्रचार प्रमुख, राम अवतार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष कुंदरकी, सर्वेश शर्मा जिला प्रचार प्रमुख रामपुर, मनोहर सिंह, सतनाम सिंह, मुलायम सिंह, राजबहादुर,राजेश राघव, कमल प्रजापति, हरज्ञानपाल सिंह, वीरपाल सिंह, ओमवीर सिंह, बृजपाल सिंह, डम्बर सिंह, राजपाल सिंह यादव, विजयपाल सिंह आदि बड़ी संख्या में भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगलिया मशकूला में प्रथम वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**कुंदरकी।** राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकूला में प्रथम वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह तथा पुरातन छात्र सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि संतोष गुप्ता, प्रबंधक दयानंद डिग्री कॉलेज मुरादाबाद, राजकीय हाईस्कूल नगलिया मशकुला की प्रधानाचार्या डॉ. स्वदेश कुमारी, जिला समन्वयक डॉ सुनीता चौधरी, राजकीय हाईस्कूल सफीलपुर की प्रधानाचार्या अनीता चमोली, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के मैनेजर तपांशु सिंह, डी एस पी के पी सिंह, पुष्पलता तथा पूर्व प्रधान युनुस सैफी के द्वारा फीता काटकर किया गया। मुख्य अतिथि संतोष गुप्ता ने कार्यक्रम में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि बालिका शिक्षा के बिना समाज अधूरा है। इसलिए बालिकाओं को आगे पढ़ने और बढ़ना जरूरी है। विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ स्वदेश कुमारी ने संबोधित करते हुए कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र में छिपी प्रतिभा को पहचानना और आगे बढ़ाना है, जिससे कि हर क्षेत्र में छात्र अपनी पहचान बना सकें और समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देकर राष्ट्र का निर्माण कर सकें। प्रधानाचार्या अनीता चमोली ने कहा कि अनुशासन छात्र में जीवन के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। जिला समन्वयक डॉ सुनीता ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों में नैतिक व मानवीय मूल्यों की को विकसित करने की आज बहुत अधिक आवश्यकता है। डी एस पी के पी सिंह ने छात्रों को देश हित में अनुशासन व कर्त्तव्य के मार्ग पर अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण पुरस्कार वितरण समारोह रहा। शैक्षणिक सत्र 2019से 2025 तक विद्यालय में पढ़ने वाले सभी छात्र छात्राओं को शील्ड व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं को मेडल व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।


**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र रोहित कुमार पुत्र पप्पू कुमार को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में रोहित कुमार के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमें बाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद से मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही रहेगा।
**श्रीमती सुनीता पत्नी पप्पू कुमार निवासी शंकर दूध भंडार विद्यानगर थाना सिविल लाइंस, तहसील व जिला मुरादाबाद।**



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अपर न्यायाधीश परिवार न्यायालय, मुरादाबाद**
**वाद संख्या :**-125 सन् 2023
**तारीख पेशी:** 20.02. 2026
**धारा**-7/25 संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम-1890
थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद।
**मौ० फराज बनाम महवीश**
**बनाम**
श्रीमती महवीश पत्नी मौ0 फराज पुत्री मलिक इकबाल निवासी हाल मकान संख्या-एफ-10 काजी टोला प्रिंस रोड थाना मुगलपुरा, मुरादाबाद।
हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत **धारा**-7/25 संरक्षण एवं प्रतिपाल्य अधिनियम-1890 के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 20 माह 02 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 09 के माह 02 सन् 2026 को जारी किया है।
**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय**
**जनपद-मुरादाबाद।**


# एआईएमआईएम की रैली में शौकत अली ने साधा भाजपा, सपा और कांग्रेस पर निशाना

**भोजपुर।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) की ओर से शनिवार को मुरादाबाद के विधानसभा काठ और विधानसभा 27 मुरादाबाद देहात के रामपुर दोराहा में एक बड़े राजनीतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष शौकत अली ने अपने संबोधन में भाजपा, समा. जवादी पार्टी और कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा और तीनों दलों पर मुस्लिम समाज को केवल वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से अब तक अलग-अलग सरकारों के दौरान हुई सांप्रदायिक घटनाएं इस बात का प्रमाण हैं कि मुसलमानों के हितों और सुरक्षा के



साथ बार-बार समझौता किया गया। शौकत अली ने मुजफ्फरनगर दंगों और बाबरी मस्जिद विध्वंस का उल्लेख करते हुए कहा कि समा. जवादी पार्टी की सरकार के समय मुसलमानों की जान-माल की समु. चत सुरक्षा नहीं की गई। उन्होंने भाजपा सरकार पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वर्तमान समय में मुसलमानों के खिलाफ हिंसा, उत्पीड़न और भेदभाव की घटनाओं में इजाफा हुआ है।

शौकत अली ने कार्यकर्ताओं का आह्वान करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि मुसलमान अपने नेतृत्व को खुद तैयार करें। उन्होंने आगामी ग्राम पंचायत चुनावों और उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी अभी से शुरू करने पर जोर दिया

## एक नजर

### एमआईटी संस्थान में वार्डन व स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन




**मुरादाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ0 प्र0 लखनऊ के निर्देशानुसार एम आई टी संस्थान में आयोजित वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र के चतुर्थ दिन का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण सत्र के प्रारम्भ में इतनी शक्ति हमें देना दाता प्रार्थना की गई। तत्पश्चात श्री सतीश कुमार सहायक उपनियंत्रक (व0 वे0) द्वारा पहले सेशन में बचाव दल और उसके उपकरण के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया कि कैसे बचाव दल आपदा के समय लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने में मदद कर सकता है और कैसे उपकरणों का उपयोग करके लोगों की जान बचाई जा सकती है। दूसरे सेशन में डॉ आनंद कुमार सिंह ने आधुनिक युद्ध और राष्ट्र क्षमता पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे आधुनिक युद्ध में तकनीक का उपयोग करके राष्ट्र की क्षमता को बढ़ाया जा सकता है और कैसे नागरिक सुरक्षा के लिए तैयार रहना आवश्यक है। चौथे दिन के अंतिम सेशन में अपर जिलाधिकारी नगर ज्योति सिंह के साथ सभी प्रशिक्षणार्थियों का ग्रुप फोटो कराया गया और सभी को प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी क्षमता बढ़ाने पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। उनके द्वारा अध्ययन सामग्री पुस्तिका का विमोचन किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कंट्रोलर नीरज चक ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम बहुत ही सफल रहा है और सभी प्रशिक्षणार्थियों ने बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने सभी वक्ताओं और आयोजकों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल मास्टर ट्रेनर अखिल अग्रवाल, विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, स्टाफ अधिकारी अशोक कुमार गुप्ता वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, डॉ शफीक अहमद, कमल किशोर, राजविमल शर्मा आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### रानी प्रीतम कुंवर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हुईफेयरवेल पार्टी

**बिलारी।** नील बाग स्थित रानी प्रीतम कुवंर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह के दौरान रंगारंग कार्यक्रम हुए। सोमवार को कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अपर जिला विद्यालय निरीक्षक सदानंद शर्मा पहुंचे। उन्होंने विद्या की देवी माता सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलनकर और पुष्पा अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। छात्राओं ने मंच पर वेलकम नृत्य के माध्यम से आए हुए अतिथियों का वेलकम किया। एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गई छात्राओं ने आधुनिक युग की परीक्षा प्रणाली कार्यक्रम की प्रस्तुति पेश की, छात्र एवं छात्राओं ने रैंप वॉक किया। फेयरवेल पार्टी कार्यक्रम में प्रधानाचार्य रंजीत ईश्वर, परमानंद सक्सेना, अमित सक्सेना, हेमंत शर्मा, नायला खान ,अंजू सिंह,हेमलता, निदा खान ,लुबना, नादिर सर, अभिषेक सर सहित विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का संचालन निशां चंद्रा ने किया।

### धमकी भरे मैसेज भेजने के मामले में एक पर मुकदमा

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव अहलादपुर करार के धर्मेंद्र सिंह ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि 24 दिसंबर से 8 जनवरी तक उनके मोबाइल पर व्हाट्सएप नंबर से जान से मारने की धमकी देने के अनेकों मैसेज प्राप्त हुए। इसके अलावा उन्हें गंदी गालियां भी दी गई, कहा कि वह चौकी इंचार्ज बोल रहे हैं। अहलादपुर करार के अनीश पुत्र उदयभान सिंह ने डराने धमकाने के लिए इस प्रकार के मैसेज किया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

### मनकुला में विधिक जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव मनकुला में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें भारी तादात में ग्रामीण मौजूद रहे। सोमवार को लगे शिविर में अवेयरनेस कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों को निशुल्क कानूनी सहायता व अनेकों सोशल सरकार की स्कीमों आदि के बारे में बताया गया। इसके साथ ही सरकार द्वारा जारी किए गए अनेकों हेल्पलाइन नंबर आदि के बारे में जानकारी दी। किसी भी लीगल हेल्प के बारे में बताया गया कि गरीब, असहाय व्यक्ति निशुल्क कानूनी सहायता तहसील पहुंचकर प्राप्त कर सकते हैं। शिविर में भारी तादात में ग्रामीण पहुंचे। जहां उन्हें महिला हेल्पलाइन, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन आदि सहित अनेकों योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। शिविर में प्राविधिक स्वयंसेवक रिंकी ,अदनान हुसैन, लेखपाल अब्दुल रहमान, कानूनी सहायता समिति सदस्य आफाक हुसैन एडवोकेट, ग्राम प्रधान आकिल आदि मौजूद रहे।

### नियंत्रित होकर फिसली बाइक, एक घायल , 108 एबुलेंस की मदद से समय पर मिला उपचार

**ठाकुरद्वारा।** बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। इसमें बाइक सवार घायल हो गया । घायल को 108 एबुलेंस की मदद से नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। थाना डिलारी के गांव अल्हेपुर निवासी अजब सिंह पुत्र कृपाल सिंह देर रात बाइक से अपने घर जा रहा थे। तभी ठाकुरद्वारा ढकिया मार्ग पर किशनपुर गांवड़ी के निकट बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे फिसलकर गिर गई। जिसमें बाइक सवार अजब सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए । घटना की सूचना पर 108 एबुलेंस मौके पर पहुंची। जहां पर एबुलेंस पर तैनात ईएमटी शिवम् यादव, पाइलेट दोराजपाल सिंह घायल को उपचार के लिए एबुलेंस में सरकारी अस्पताल पहुंचे। जहां पर घायल को उपचार किया जा रहा है। जहां से चिकित्सक ने उसकी हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रैफर कर दिया है।

## एमएल अकैडमी मे मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**डिलारी।** एमएल अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनपुर में आकस्मिक परीक्षा का आयोजन करने के बाद सोमवार को भव्य समारोह में मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। एमएल अकैडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रबंधक सुनील यादव ने विद्यालय में शिक्षा के स्तर की गुणवत्ता जांच ने के लिए आकस्मिक परीक्षा का आयोजन किया । जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का परिचय दे दिया और परीक्षाफल काफी उत्साह जनक रहा। इसे लेकर विद्यालय में सोमवार को भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि आचार्य गजेंद्र पाल सिंह रहे और वरिष्ठ भाजपा नेता नीटू चौहान ने अध्यक्षता की।


राजपाल सिंह यादव, लक्ष्य कॉलेज के डायरेक्टर अमित चौहान, सुरेश शर्मा, कुलदीप चौहान,सचिन राणा , युवा नेता अमनदीप यादव, दिनेश शर्मा पवन चौहान ने भी विचार रखे। प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह, शिक्षक शिक्षिकाएं शमा परवीन, शिवानी, पुनीत चौहान आदि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान-भारत के बीच विश्व कप मैच पर आखिरी फैसला प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ लेंगे



**● आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजिटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए फॉर्मूला तैयार किया**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ इस बात पर आखिरी फैसला लेंगे कि पाकिस्तान पुरुष टी-20 विश्व कप 2026 में भारत के मैच का बॉयकॉट जारी रखेगा या नहीं। रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन मोहसिन नकवी आज दिन में बाद में प्रधानमंत्री शहबाज से मिलकर उन्हें इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) के डेलीगेशन के साथ अपनी हालिया बातचीत के बारे में जानकारी देंगे। जियो न्यूज ने सोमवार को बताया कि पाकिस्तान ने बांग्लादेश के साथ एकजुटता दिखाते हुए अपने कट्टर विरोधी भारत के साथ नहीं खेलने के अपने फैसले की घोषणा की है, जिसे सुरक्षा चिताओं के कारण टीम को भारत भेजने से इनकार करने के बाद टूर्नामेंट से हटा दिया गया था। एक दिन पहले,पीसीबी,आईसीसी और बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के बीच पांच घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत चली, जिसमें नकवी, बीसीबी प्रेसिडेंट अमीनुल इस्लाम बुलबुल और आईसीसी के डिप्टी चेयरमैन इमरान ख्वाजा शामिल हुए थे। जियो न्यूज के मुताबिक, मीटिग के दौरान आईसीसी ने बांग्लादेश की मांगों पर पॉजटिव जवाब दिया और बीसीबी की शिकायतों को दूर करने के लिए एक फॉर्मूला तैयार किया गया। आईसीसी और बीसीबी के बीच प्रपोजल का लेन-देन हुआ, जबकि पीसीबी ने बातचीत के दौरान कोऑर्डिनेट करने में अहम भूमिका निभाई। आईसीसी के डिप्टी चीफ ख्वाजा प्रपोजल को फाइनल मंजूरी देने के लिए काउंसिल के हेडक्वार्टर लौट आए हैं, जबकि बुलबुल ढाका में अधिकारियों को जानकारी देने के लिए बांग्लादेश वापस चले गए हैं। एक बार प्रपोज्ड फॉर्मूला फाइनल हो जाने के बाद, आईसीसी और बीसीबी के अधिकारी सोमवार को बाद में फिर से मिलेंगे ताकि अगला कदम तय किया जा सके। बांग्लादेश और भारतीय क्रिकेट बोर्ड के बीच तनाव तब बढ़ गया जब बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों के बाद इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से हटा दिया गया, जिससे ढाका में कड़ी प्रतिक्रिया हुई। इसके बाद, बीसीबी ने आईसीसी से बांग्लादेश के मैच भारत से बाहर कराने की रिक्वेस्ट की, लेकिन रिक्वेस्ट खारिज कर दी गई। बाद में आईसीसी ने टूर्नामेंट में बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को शामिल किया, यह कहते हुए कि 7 फरवरी को वर्ल्ड कप शुरू होने के इतने करीब शेड्यूल में बदलाव करना प्रैक्टिकल नहीं है। पीसीबी ने इस फैसले पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### केएल राहुल के शतक से कर्नाटक सेमीफाइनल में

**मुंबई, वार्ता।** केएल राहुल (130) और आर स्मरण (नाबाद 83) की शानदार पारियों की बदौलत कर्नाटक ने सोमवार को मुंबई पर चार विकेट से जीत दर्ज कर रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली। यहां कर्नाटक ने कल के दो विकेट पर 113 रनों से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में कर्नाटक का तीसरा विकेट करुण नायर (13) के रूप में गिरा। उन्हें शार्दुल ठाकुर ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए आर स्मरण ने केएल राहुल के साथ चौथे विकेट के लिए 147 रन जोड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी। इसी दौरान केएल राहुल ने अपना शतक पूरा किया। 58वें ओवर में तुषार ने केएल राहुल को आउट कर पवेलियन भेज दिया।

### जमाल व उनकी टीम ने जीता प्रो. एम

**नई दिल्ली, वार्ता।** प्रोफेशनल जमाल हुसैन और उनकी टीम ने कुतुब गोल्फ कोर्स में डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का प्रो-एम इवेंट जीता। जमाल की टीम में एमेच्योर डा. अनिल कोहली, नीतू अंबानी, निशांत कालिया और राजीव कपूर शामिल थे और उन्होंने 48-5 का स्कोर बनाया। प्रोफेशनल रोहित बैसोया और उनकी टीम जिसमें एमेच्योर कर्नल अनुज चतुर्वेदी, कर्नल आई एस कोहली और जीवेश नागरथ शामिल थे, 48-8 के स्कोर के साथ प्रो-एम में रनर-अप रहे। होल नंबर 6 पर पिन के सबसे करीब पहुंचने का मुकाबला डी पी सिंह ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से दो फीट और दो इंच के अंदर उतारा। होल नंबर 10 सुनील बेनीवाल ने जीता, जिन्होंने इसे पिन से चार फीट के अंदर लैंड किया। नीरज ठाकुर ने होल नंबर 13 पर पिन के सबसे करीब पहुंचकर जीत हासिल की, क्योंकि उनका शॉट पिन से चार फीट और पांच इंच के अंदर लैंड हुआ।

## पहले ही मैच में चोटिल हुए इटली के कप्तान वेन मैडसन



**कोलकाता, वार्ता।** इटली के पहले टी-20 विश्व कप अभियान की शुरुआत बेहद दुर्भाग्यपूर्ण अंदाज में हुई है। स्कॉटलैंड के खलिाफ ईडन गार्डन्स में उनके पहले मैच के चौथे ही ओवर में टीम के कप्तान वेन मैडसन के कंधे पर गंभीर चोट आई। मैडसन मिडविकेट पर फील्डिग कर रहे थे।

जॉर्ज मंसी के पुल शॉट को रोकने की कोशिश में उन्हें यह चोट लग गई। वह बाईं ओर डाइव करते हुए गेंद को रोकना चाह रहे थे, लेकिन वह प्रैक्टिस पिच पर गिर गए। इसके तुरंत बाद उन्होंने मेडिकल मदद मांगी। थोड़ी देर बाद वह अपने बाएं हाथ को तौलिए से सहारा देते हुए मैदान से बाहर चले गए। 42 साल के मैडसेन इटली के सबसे अनुभवी क्रिकेटर हैं। वह अपना पहला विश्व कप खेल रहे हैं और उन्हें तुरंत एक्स रे के लिए ले जाया गया। आमतौर पर अगर कंधा डिस्लोकेट होता है तो उससे उबरने में सात से 21 दिन लग सकते हैं, जबकि गंभीर मामलों में इसमें तीन से चार महीने तक का वक्त भी लग सकता है।

## नीदरलैंड्स का मुकाबला नामीबिया से

**● पाकिस्तान का सामना आज कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा**

**नई दिल्ली/कोलंबो, वार्ता।** पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 मंगलवार को दो ग्रुप ए लीग मैचों के साथ जारी रहेगा। नीदरलैंड्स का मुकाबला सुबह नई दिल्ली में नामीबिया से होगा, जिसके बाद पाकिस्तान का मुक. ाबला शाम को कोलंबो में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा।

नई दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में, नीदरलैंड्स टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगा, जब वे नामीबिया से भिड़ेंगे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 11:00 बजे शुरू होगा। डच टीम को अपने शुरुआती गेम में पाकिस्तान से करीबी हार का सामना करना पड़ा था, जहां 148 रन का बचाव करते हुए डिसिप्लिन्ड बॉलिग परफॉर्मेंस के बावजूद फील्डिंग की चूक महंगी साबित हुई थी। कप्तान स्कॉट एडवड्र्स, जिन्होंने उस मैच में 37 रन बनाकर टॉप स्कोर किया था, एक बार फिर नीदरलैंड्स की बैटिग में अहम भूमिका निभाएंगे। ओपनर माइकल लेविट उनके मुख्य अटैकिग ऑप्शन बने हुए हैं, जिन्होंने अपने पिछले सात टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 282 रन बनाए हैं और नामीबिया के खिलाफ हाल ही में हुए मैच में यादगार 135 रन बनाए थे। आर्यन दत्त और पॉल वैन मीकेरेन की लीडरशिप वाली बॉलिग यूनिट ने पहले गेम में उम्मीद जगाई थी और बैटिग-फ्रेंडली सरफेस पर उनका फिर से टेस्ट होगा। नामीबिया ने हाल के महीनों में अपने पिछले नौ में से सात मैच जीतकर, लगातार अच्छे नतीजों के बाद अपना वर्ल्ड कप कैंपेन शुरू किया है। स्कॉटलैंड के खिलाफ वार्म-अप गेम में 88 रन बनाने वाले जान फ्राइलिक और कप्तान गेरहार्ड इरास्मस टीम की रीढ़ हैं। रूबेन ट्रम्पेलमैन और जेजे स्मिट एक ऐसे बॉलिग अटैक को लीड करते हैं जो हाल के मैचों में असरदार रहा है। हालांकि नामीबिया कॉन्फिडेंस के साथ आ रही है, लेकिन हाल के हेड-टू-हेड नतीजों के आधार पर नीदरलैंड्स का पलड़ा थोड़ा भारी है। दिन में बाद में, पाकिस्तान का सामना कोलंबो के सिंहली स्पोर्ट्स क्लब ग्राउंड में यूनाइटेड स्टेट्स ऑफ अमेरिका से होगा, मैच लोकल टाइम के हिसाब से शाम 7:00 बजे शुरू होगा। पाकिस्तान ने अपने कैंपेन की शुरुआत नीदरलैंड्स पर तीन विकेट से रोमांचक जीत के साथ की, जिसमें फहीम के आखिरी पलों में किए गए प्रहारों की मदद से टीम को जीत मिली।

## सारा बनी अबू धाबी ओपन की रानी

**● सारा बेजलेक ने एकातेरिना को 7-6(5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीता**

**अबू धाबी, वार्ता।** चेकिया की 20 साल की खिलाड़ी सारा बेजलेक ने एकातेरिना एलेक्जेंड्रोवा को 7-6 (5), 6-1 से हराकर अबू धाबी ओपन का खिताब जीत लिया।

जीत के बाद बेजलेक ने कहा कि मैं आपको बता सकती हूं कि सारा प्रेशर मुझ पर से निकल गया।मैं बस खुश थी - मेरे दिमाग में कुछ नहीं था। मैं बस उस पल का मजा ले रही थी। क्वालिफायर की आठ दिनों के लाइफ-चेंजिंग बवंडर में यह सातवीं जीत थी। पहले सेट के टाईब्रेक में 4-2 से पीछे होने के बाद, बेजलेक ने आखिरी छह में से पांच पॉइंट जीते और दूसरे सेट को एकतरफा अंदाज में जीतकर यह डब्ल्यूटीए 500 टाइटल अपने नाम कर लिया। बेजलेक डब्ल्यूटीए टूर पर अपनी छाप छोड़ने वाली टैलेंटेड चेक महिलाओं की लंबी लाइन में एक और हैं। शुरू में, उनकी रैंकिंग नंबर 101 थी - सोमवार को, वह नंबर 52 पर पहुंच जायेंगी, जो हमवतन बारबोरा क्रेजसिकोवा से एक स्थान आगे है, जो दो बार की ग्रैंड स्लैम सिगल्स चैंपियन हैं। 49 स्थानों की उस छलांग के बारे में बेजलेक ने कहा कि ओह, इसका बहुत मतलब है। लेकिन मुझे पता है कि इसके पीछे वह सारी मेहनत है जो मैंने और टीम ने पिछले कुछ हफ्तों, महीनों, सालों से की है।

## स्कॉटलैंड ने इटली को हराया




**● जॉर्ज मंसी ने 84 और ब्रैंडन मक्मलेन की 41 रनों की शानदार पारियों की बदौलत स्कॉटलैंड ने इटली को 73 रनों से हराया**

**कोलकाता, वार्ता।** जॉर्ज मंसी (84) और ब्रैंडन मक्मलेन (नाबाद 41) की शानदार पारियों के बाद माइकल लीस्क (नाबाद 22 रन और चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत स्कॉटलैंड ने सोमवार को टी-20 विश्वकप में इटली को 73 रनों से हराकर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज की। 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इटली की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पहले ही ओवर में जस्टिन मोस्का (शून्य) का विकेट गंवा दिया।

इसके बाद एंथनी मोस्का और जे जे स्मट्स की जोड़ी ने दूसरे विकेट के लिए 31 रन जोड़े। चौथे ओवर में ब्रैडली करी ने जे जे स्मट्स 11 गेंदों में 22 रन को आउटकर पवेलियन भेज दिया। एंथनी मोस्का (13) रन बनाकर आउट हुये। संकट के समय हैरी मनेंटी और बेंजमिन मनेंटी की जोड़ी ने पारी को संभाला। 13वें ओवर में माइकल लीस्क ने हैरी मनेंटी 25 गेंदों में 37 रन को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। अगले ही ओवर में ऑलिवर डेविडसन ने बेंजमिन मनेंटी को आउट कर पवेलियन भेज दिया। बेंजमिन मनेंटी ने 31 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए 52 रन बनाये। इसके बाद स्कॉटलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे इटली के बल्लेबाज नहीं टिक सके और उनकी पूरी टीम 16-4 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। स्कॉटलैंड के लिए माइकल लीस्क ने चार विकेट लिए। मार्क वॉट को दो विकेट मिले। ब्रैडली करी, ब्रैड व्हील और ऑलिवर डेविडसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां टॉस जीतकर इटली ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी स्कॉटलैंड की जॉर्ज मंसी और माइकल जोंस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 126 रन जोड़े। 14वें ओवर में ग्रांट स्टुअर्ट ने जॉर्ज मंसी को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा।

## राज्यसभा-लोकसभा ने विश्व कप विजेता अंडर-19 टीम को बधाई दी

**● राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि को उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 टीम ने भारत का मान बढ़ाया**

**नई दिल्ली, वार्ता।** राजयसभा और लोकसभा ने सोमवार को अंडर-19 विश्वकप विजेता भारतीय क्रिकेट टीम की सराहना की और उसे भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। यहां राजयसभा में सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सभापति सीपी राधाकृष्णन ने टीम की उपलब्धि का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम ने जिम्बावबे के हरारे में इंग्लैंड को बड़े अंतर से हराकर देश का मान बढ़ाया है।

यह रिकॉर्ड छठी जीत हमारे युवाओं की प्रतिभा और प्रतिबद्धता को दिखाती है। सफलता का श्रेय पूरी टीम को जाता है, खासकर युवा प्रतिभा वैभव सूर्यवंशी की विशेष सराहना करनी होगी जिन्होंने 175 रन बनाये जो अंडर-19 विश्वकप फाइनल में सबसे अधिक है। उन्होंने इस जीत के लिए टीम के सभी सदस्यों, कोच और पूरे सपोर्ट स्टाफ का बधाई देते हुए उनके उजजवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। वहीं लोकसभा में अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन को बताया कि छह फरवरी को अंडर-19 भारतीय क्रिकेट टीम ने विश्व कप जीता है।

## कॉम्प्लान ने युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी को ब्रांड एंबेसडर बनाया



**नई दिल्ली, वार्ता।** जाइडस वेलनेस के न्यूट्रिशनल ड्रिंक ब्रांड, कॉम्प्लान ने भारतीय क्रिकेट के होनहार और सबसे कम उम्र के शतकवीर वैभव सूर्यवंशी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाया है। बच्चों की न्यूट्रिशन कैटेगरी में ब्रांड की अहमियत को मजबूत करने के लिए एक स्ट्रेटेजिक कदम के तौर पर, इस अपॉइंटमेंट को कॉम्प्लान के नए नेशनल कैंपेन, 'थोड़ा प्लान, थोड़ा कॉम्प्लान' के लॉन्च के साथ सपोर्ट किया गया है।

कॉम्प्लान के इस लंबे समय से चले आ रहे विश्वास को दिखाते हुए कि बच्चों को अपने सपनों को पूरा करने और उन्हें पूरा करने के लिए मजबूत बनाया जाना चाहिए, यह कैंपेन इस विश्वास पर बना है कि रोजाना की प्लानिग, मांओं के लगातार सपोर्ट और सही न्यूट्रिशन पार्टनर से बड़े सपने पूरे होते हैं। वैभव सूर्यवंशी का सफर इसी विश्वास से काफी मिलता-जुलता है। उनका शुरुआती डिसिप्लिन, कड़ी तैयारी और लगातार फोकस दिखाता है कि कैसे स्ट्रक्चर्ड रूटीन, लगातार कोशिश और मांओं के लगातार गाइडेंस से, जिसे पूरे न्यूट्रिशन का सपोर्ट मिलता है, एम्बिशन को आकार मिलता है। जाइडस वेलनेस के सीईओ, तरुण अरोड़ा ने कहा कि कॉम्प्लान में, हमारा मकसद हमेशा से ही संभावनाओं को बढ़ावा देना रहा है। जैसे-जैसे बच्चों के न्यूट्रिशन से उम्मीदें बढ़ रही हैं, हम भरोसेमंद, साइंस पर आधारित समाधानों और तैयारी और अनुशासन पर जोर देने वाले मूल्यों के जरिए परिवारों को सपोर्ट करने पर ध्यान दे रहे हैं। वैभव का सफर इसी सोच को दिखाता है।

## हर्षित की सफल सर्जरी हुई



**बेंगलुरु, वार्ता।** तेज गेंदबाज हर्षित राणा, जो चोट के कारण पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर हो गए थे, ने रविवार को भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए राहत की खबर दी, जब उन्होंने बताया कि उनकी सर्जरी सफल रही है। हर्षित ने सोशल मीडिया पर हॉस्पिटल से एक फोटो शेयर की, मुस्कुराते हुए और फैंस को अपनी हालत के बारे में अपडेट करते हुए। युवा पेसर ने कहा कि उनका फोकस अब दो मिशन पर है - जल्दी ठीक होना और टीम इंडिया में वापसी। उनके पॉजटिव अपडेट ने भारतीय कैंप की चिताओं को कम कर दिया है, टीम मैनेजमेंट को उम्मीद है कि वह कॉम्पिटिटिव क्रिकेट में जल्द वापसी करेंगे। भारत के सबसे होनहार तेज गेंदबाजों में से एक माने जाने वाले हर्षित पिछले दो सालों से नेशनल सेटअप में रेगुलर रहे हैं और उन्हें भविष्य का स्टार माना जाता है। हालांकि, मेगा इवेंट शुरू होने से ठीक एक दिन पहले उनके घुटने में चोट लग गई, जिससे वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए। यह चोट टी-20 वर्ल्ड कप से पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ प्रैक्टिस मैच के दौरान लगी थी। बॉलिग करते समय, हर्षित को घुटने में तकलीफ हुई, जो तेजी से बिगड़ गई। वह सिर्फ एक ओवर ही कर पाए और मैदान छोड़ने से पहले रन-अप के दौरान दो बार जूझते रहे, उनके घुटने में साफ दर्द था। बाद में मेडिकल जांच से यह कन्फर्म हो गया कि वह टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले पाएंगे। उनके हटने के बाद, अनुभवी तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज को भारतीय टीम में उनकी जगह शामिल किया गया। सिराज ने तुरंत असर डाला, यूनाइटेड स्टेट्स के खिलाफ शुरुआती मैच में शानदार प्रदर्शन किया, जहां उन्होंने तीन विकेट लिए और भारत की 29 रन की जीत में अहम भूमिका निभाई।

## सुपर-8 में जगह पक्की करने उतरेंगा न्यूजीलैंड

**● न्यूजीलैंड टी-20 विश्व कप के अपने दूसरे मुकाबले में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ेगी**

**चेन्नई, वार्ता।** अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 2024 की हार का बदला लेने के बाद, न्यूजीलैंड कल यहां वर्ल्ड कप टी 20 मुकाबले में अपने दूसरे मैच में यूनाइटेड अरब अमीरात (यूएई) से भिड़ेगी, जिससे वह इस ग्रुप ऑफ डेथ में सुपर 8 में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी। दो दिनों के मुकाबलों के नतीजों को देखते हुए, जिसमें कम रैंक वाली टीमों ने पसंदीदा टीमों को कड़ी टक्कर दी, इस इवेंट में एक नया घोड़ा उभर सकता है क्योंकि ब्लैक कैप्स को कल एक और कड़ी विरोधी टीम का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि इसे असमान टीमों के बीच का मुक. ाबला माना जा सकता है, लेकिन कीवी टीम चेपॉक स्टेडियम में अपनी विरोधी टीम यूएई से निश्चित रूप से सावधान रहेगी।



जैसा कि सभी कप्तानों ने माना, इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम को हल्के में नहीं लिया जा सकता क्योंकि कोई भी टीम उलटफेर करने की काबिलियत रखती है, यह मंत्र सभी पर लागू होता है। इस अहम मैच में, कीवी टीम, जिसने अपने कैंपेन की शुरुआत जीत के साथ की थी, अपने मौके मजबूत करने के लिए बेताब होगी, जिसके लिए टॉप ऑर्डर को अच्छा प्रदर्शन करने की जरूरत है। वे एक बार फिर टिम सीफर्ट से टॉप ऑर्डर में धमाकेदार प्रदर्शन करने की उम्मीद करेंगे, साथ ही फिन एलन और रचिन रवींद्र भी, जो उसी जगह पर अफगानों के खिलाफ गोल्डन डक पर आउट हो गए थे। पेसरों और स्पिनरों से भरी टीम में काफी दम है और वे साफ तौर पर फेवरेट के तौर पर शुरुआत करेंगे, लेकिन मैदान पर उनका प्रदर्शन सबसे ज्यादा मायने रखता है। कीवी टीम शायद उसी टीम को बनाए रखेगी जिसने अफगानिस्तान को पांच विकेट से हराया था और सुपर 8 में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को पूरा करेगी। दूसरी ओर, यूएई एक उभरती हुई टीम है, जिसने इस टूर्नामेंट से पहले फुल मेंबर देशों के खिलाफ हाल ही में कुछ सफलता हासिल की है। वर्ल्ड कप स्टेज पर तीसरी बार वापस आकर, वे 2022 में नामीबिया को हराकर, इस कॉम्पिटिशन में अपनी पिछली अकेली जीत में और इजाफा करने की उम्मीद करेंगे। मुहम्मद वसीम ने उस दिन फिफ्टी बनाई थी और टीम के शानदार बैटर के तौर पर देश की उम्मीदें उन पर टिकी होंगी। उन्होंने पिछले मई में बांग्लादेश पर सरप्राइज सीरीज जीत में शानदार प्रदर्शन किया था, जबकि हैदर अली ने बॉल से शानदार प्रदर्शन किया था। जुनैद सिद्दीकी 2022 स्क्वॉड के सिर्फ तीन बचे हुए खिलाड़ियों में से एक हैं, और यूएई को उम्मीद होगी कि वे अपने ग्रुप राइवल्स की तुलना में अनुभव की इस कमी को दूर कर सकें।

## शूट-ऑफ में मनु से फिसला स्वर्ण, 24 मी. पिस्टल में ईशा को कांस्य

**नई दिल्ली, वार्ता।** एशियन राइफल/पिस्टल चैंपियनशिप 2026 में 25 मीटर महिला पिस्टल के रोमांचक फाइनल में भारत की मनु भाकर स्वर्ण पदक से बेहद करीब रहकर चूक गईं। डा. कर्णी सिंह शूटिग रेंज में खेले गए इस फाइनल में वियतनाम की थुई त्रांग गुयेन ने दो शूट-ऑफ के बाद स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

वहीं, ईशा सिंह ने इस चैंपियनशिप में अपना दूसरा व्यक्तिगत पदक जीतते हुए कांस्य हासिल किया। जूनियर वर्ग में नाम्या कपूर ने एक और बेहद रोमांचक शूट-ऑफ में स्वर्ण पदक जीता, जबकि इसी स्पर्धा में अंजलि भगवत ने कांस्य पदक अपने नाम किया। इसके साथ ही भारत के कुल पदकों की संख्या 60 तक पहुंच गई है, जिसमें 37 स्वर्ण, 13 रजत और 10 कांस्य पदक शामिल हैं। फाइनल में ईशा सिंह ने पहली सीरीज में परफेक्ट पांच शॉट लगाकर शानदार शुरुआत की, जबकि मनु भाकर और थुई त्रांग ने चार-चार शॉट लगाए। तीनों निशानेबाजों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और हर सीरीज के बाद पदक की स्थिति बदलती रही। भारतीय निशानेबाज लगातार वियतनामी खिलाड़ी पर दबाव बनाए हुए थे, लेकिन छठी सीरीज में गुयेन के परफेक्ट पांच शॉट्स ने उन्हें दो अंकों की बढ़त दिला दी। सातवीं सीरीज में गुयेन के एक शॉट लगाने का फायदा मनु और ईशा ने उठाते हुए अंतर कम कर दिया। आठवीं सीरीज के बाद 30 अंकों के साथ बढ़त पर चल रहीं ईशा सिंह नौवीं सीरीज में सभी शॉट चूक गईं।

# राजकीय किशोर संप्रेक्षण गृह से पांच किशोर हुए फरार, पुलिस ने दो को किया बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महानगर के थाना सिविल लाइन्स क्षेत्र अंतर्गत फकीरपुरा स्थित राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर से बीती 7/8 फरवरी की रात सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई, जब यहां से पांच किशोर बंदी फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दो किशोरों को बरामद कर लिया है, जबकि शेष तीन की तलाश लगातार जारी है। राजकीय किशोर संप्रेषण गृह के प्रभारी अधीक्षक मुकेश कुमार चौधरी द्वारा थाना सिविल लाइन में दी गई तहरीर के अनुसार, रविवार रात संप्रेक्षण गृह में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी सुमित कुमार व रोहित, सिपाही रविंद्र कुमार तथा होमगार्ड केशव कुमार, महेश पाल सिंह और आदेश कुमार सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात थे। रात में पांचों किशोरों ने अपने कमरे का ताला तोड़ा, छत पर चढ़े और वहां से कूदकर फरार हो गए।फरार किशोरों में दो अमरोहा जनपद के थाना धनौरा क्षेत्र के, दो उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जिले के आईटीआई थाना क्षेत्र के तथा एक किशोर मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र का निवासी बताया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी अधीक्षक ने तत्काल डायल 112 पर कॉल कर पुलिस को सूचित किया। इसके बाद संप्रेक्षण गृह के कर्मचारियों और पुलिस टीमों ने आसपास के इलाकों में सघन तलाश अभियान चलाया, हालांकि शुरुआती घंटों में कोई सुराग हाथ नहीं लगा।



एसपी क्राइम सुभाष चंद्र गंगवार ने बताया कि फरार हुए पांच किशोरों में से दो किशोरों को पुलिस ने बरामद कर लिया है, जो थाना धनौरा क्षेत्र के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि शेष तीन किशोरों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें गठित की गई हैं और संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है। पुलिस अधिकारियों का दावा है कि जल्द ही फरार तीनों किशोरों को भी सुरक्षित बरामद कर लिया जाएगा।फिलहाल इस घटना के बाद संप्रेक्षण गृह की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं, जिनकी पुलिस के द्वारा जांच की जा रही है।

# धूमधाम से मनाई माता जानकी की जयंती

**चंदौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवम सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में माता जानकी की जयंती छोटे लाल कालोनी स्थित शिब शान्ति आदर्श जूनियर हाई स्कूल में धूमधाम से मनाई गई। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि/मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र एवं सभी मातृ शक्ति ने माता जानकी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर रोली चावल से माता जानकी एवं लव कुश का तिलक कर पूजन किया।

मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने जानकी जी जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि माता जानकी जी (माता सीता जी) हिन्दू धर्म में पूज्यनीय देवी हैं। जिन्हें लक्ष्मी जी का अवतार माना जाता है। आपके पति भगवान श्री राम हैं। आपके पिता राजा जनक हैं। माता जानकी जी आदर्श स्त्री, पवित्रता की प्रतिमूर्ति हैं। माता जानकी जी का जन्म आज ही के दिन त्रेता युग में मिथिला के राजा जनक के द्वारा खेत में हल जोतने से धरती से हुआ था। क्योंकि हल की नोक को सीत बोला जाता है इसलिए आपका नाम सीता पड़ा और जनक की पुत्री होने के कारण जानकी कहा जाता है। प्रभु श्री राम के अश्वमेघ यज्ञ के घोड़ों को लव कुश द्वारा पकड़ा गया और श्री हनुमान जी से युद्ध हुआ जिसमें लव कुश द्वारा उन्हें बंधक बना लेने पर प्रभु श्री राम पहुंचे और लव कुश से युद्ध हुआ। तभी माता जानकी जी के आगमन पर दोनों को पता चला कि प्रभु श्री राम जी ही उनके पिता है। माता जानकी जी को प्रभु श्री राम जी ने अयोध्या चलने के लिए कहा तभी धरती फटी और माता जानकी जी उसमें समा गई।

अध्यक्षता करते हुए राजेश कुमार, संचालक ममता मौर्य, विशिष्ट अतिथि श्री मति अलका सक्सैना,वाणी वार्ष्णेय, यशोदा, रेनू कुमारी, आरती, भावना, डिम्पल, भूमिका वार्ष्णेय, करिश्मा, प्रियंका, निधि, काजल, पूर्वी ने विचार व्यक्त किए।

# टीएमयू के फिजिकल एजुकेशन कॉलेज ने मेडिकल की टीम को 108 रनों से रौंदा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद की इंटरकॉलिजिएट चौंपियनशिप के तहत टी-20 के क्रिकेट प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के उम्दा गेंदबाजों और बल्लेबाजों के सामने तीर्थंकर महावीर मेडिकल कॉलेज की टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। फिजिकल एजुकेशन के बॉलर्स नें जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए मेडिकल कॉलेज की टीम को 108 रनों के बड़े अंतर से पराजित किया। फिजिकल की टीम ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 186 रनों का विशाल स्कोर बनाया। फिजिकल एजुकेशन की ओर से अंकित कुमार ने असाधारण बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए मात्र 52 गेंदों पर 106 रनों की विस्फोटक पारी खेली। इस शानदार शतकीय पारी में 12 चौके और 5 बेहतरीन छक्के शामिल रहे। अंतत: अंकित यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। कॉलेज ऑफ मेडिकल की ओर से आबिद, रजत, अनुभव और राहुल सिंह ने विकेट तो जरूर हासिल किए, लेकिन वे फिजिकल एजुकेशन कॉलेज की तेज रन गति पर ब्रेक नहीं लगा सके। अब फाइनल मुकाबले में फिजिकल एजुकेशन कॉलेज और सीसीएसआईटी कॉलजे भिड़ेंगे। दूसरे सेमीफाइनल में सीसीएसआईटी कॉलेज ने पैरामेडिकल कॉलेज को 39 रनों से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। 187 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करने उतरी कॉलेज ऑफ मेडिकल की टीम शुरुआत से ही दबाव में आ गई और नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। फिजिकल एजुकेशन कॉलेज के गेंदबाजों की सटीक लाइन और लेंथ के सामने मेडिकल कॉलेज की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। पूरी टीम मात्र 78 रन पर 13 ओवरों में ऑल आउट हो गई। मेडिकल कॉलेज का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिककर बड़ी पारी खेलने में सफल नहीं हो सका। फिजिकल एजुकेशन की ओर से कृष्णा मोदनवाल ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 2 ओवरों में केवल 6 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट झटके। प्रत्युष द्विवेदी ने 1 ओवर में मात्र 2 रन देकर 2 विकेट लेकर मेडिकल कॉलेज की उम्मीदों पर पूरी तरह विराम लगा दिया। सैफ साबिर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 रन देकर 1 विकेट हासिल किया, जबकि विजय गुप्ता और अभिषेक सगवान ने भी अहम विकेट चटकाकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाए रखा। सीसीएसआईटी और पैरामेडिकल कॉलेज के बीच दूसरे सेमीफाइनल में सीसीएसआईटी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवरों की समाप्ति पर अपने सभी विकेट खोकर 149 रन बनाए। सीसीएसआईटी की तरफ से सुशांत सिंह ने 25 गेंदों में 3 चौके और 1 छक्का की मदद से 34 रनों की पारी खेली। सीसीएसआईटी की ओर से सूरज ने 3 ओवरों में 2 विकेट अपने नाम किए। सीसीएसआईटी ने ये मुकाबला 39 रनों से जीतकर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित कर ली है।



मैन ऑफ द मैच का खिताब सीसीएसआईटी के सुशांत सिंह को मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी पैरामेडिकल की टीम पूरे 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर महज 111 रन बना सकी। पैरामेडिकल की तरफ से मो. आमिर ने 29 गेंदों में 32 रन बनाकर सबसे बेहतरीन बल्लेबाज साबित हुए। अपनी पारी में मो. आमिर ने 3 चौके लगाए। पैरामेडिकल की तरफ से कैफ ने 3 विकेट अपने नाम किया। मैच में श्री जमाल और श्री सतेंद्र कुमार ने अंपायर, जबकि स्कोरिंग की जिम्मेदारी जय किशन, जॉय सैमुअल और सार्थक ने निभाई।

## एक नजर

### डीआईजी मुनिराज जी ने पुलिस इकाइयों का किया वार्षिक निरीक्षण



**मुरादाबाद।** सोमवार को डीआईजी मुनिराज जी ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ स्थानीय अभिसूचना इकाई, जिला/नगर नियंत्रण कक्ष तथा यूपी-112 का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित शाखाओं के अभिलेखों की गहनता से जांच की गई और उनके अद्यतन व सुव्यवस्थित रख-रखाव को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।डीआईजी ने स्थानीय अभिसूचना इकाई में सूचनाओं के संकलन, विश्लेषण एवं समयबद्ध प्रेषण की प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने निर्देशित किया कि कानून-व्यवस्था से जुड़े इनपुट्स को सटीक और त्वरित रूप से उच्चाधिकारियों तक पहुंचाया जाए, ताकि किसी भी संभावित स्थिति पर समय रहते प्रभावी कार्रवाई की जा सके। जिला/नगर नियंत्रण कक्ष के निरीक्षण के दौरान कॉल रिस्पॉन्स सिस्टम, रिकॉर्ड संधारण और समन्वय व्यवस्था का परीक्षण किया गया। उन्होंने आमजन से प्राप्त सूचनाओं पर त्वरित और गुणवत्तापूर्ण प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने पर जोर दिया।यूपी-112 के निरीक्षण में डायल-112 सेवा की कार्यप्रणाली, रिस्पॉन्स टाइम और संसाधनों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। डीआईजी ने निर्देश दिए कि आपात स्थितियों में मौके पर शीघ्र पहुंच सुनिश्चित की जाए तथा सभी अभिलेख नियमित रूप से अद्यतन रखे जाएं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने अधिकारियों को निर्देशों के अनुपालन का आश्वासन दिया। निरीक्षण का उद्देश्य पुलिसिंग को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनहितैषी बनाना रहा।

### केवल 800 मी चौड़ीकरण रुकने से अव्यवस्था हाबी, कांवड़ियों को भी पड़ेगी इससे परेशानी



**कांठ (शाह टाइम्स)** केवल 800 मीटर सड़क का चौड़ीकरण रोक दिए जाने से अव्यवस्था हावी हो गई है रिक्शा चालक भी सड़क किनारे रिक्शा खड़ी करके जाम लगने का कारण बन रहे हैं। और यह व्यवस्था अब कावड़ियों के लिए भी परेशानी लेकर आने वाली है सभी जानते हैं कि सहसपुर से किसान तिराहा छजलैट तक सड़क का चौड़ीकरण होना था जो की रेलवे फाटक 432 बी तक हो गया।

मगर नगर में 800 मी चौड़ीकरण का काम रोक दिया गया जो महीनो से रुका हुआ है अब कावड़िया इस मार्ग से गुजरने वाले हैं लेकिन चौड़ीकरण ना होने के कारण यहां अव्यवस्थाएं हाबी हो रही हैं उधर बेखौफ रिक्शा चालक अपनी रिक्शाओं को सड़कों के किनारे सड़क पर ही खड़ी करके जाम को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं और यह व्यवस्था अब कावड़ के दौरान लोगों को भारी पड़ने वाली है। नगर पंचायत अध्यक्ष और तहसील बार एसोसिएशन ने भी इस सड़क को बनाए जाने का मुद्दा जिला अधिकारी के सामने रखा है और यदि समय रहते इस कार्य को पूरा नहीं किया गया तो इसकी वजह से कावड़ यात्रा के दौरान किसी प्रकार की भी अप्रिय घटना होने की पूरी संभावना है। नगर के लोगों ने कावड यात्रा से पहले इस सड़क का चौड़ीकरण पूर्ण कराने और रिक्शा चालकों पर लगाम कसे जाने की मांग उठाई है।

### फायर बॉल निर्माण को लेकर आज कांठ की विद्युत सप्लाई 10 से दोपहर 2:00 बजे तक रहेगी बंद

**कांठ (शाह टाइम्स)।** बिजली घर पर फायर बाल निर्माण को लेकर आज कांठ से जुड़ी सप्लाई सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 तक बंद रहेगी उक्त जानकारी उपखंड अधिकारी द्वारा प्रेस को दी गई।

बताया गया कि मंगलवार को विद्युत उपकेंद्र कांठ पर पावर परिवर्तनों के मध्य फायर वाल का निर्माण किया जाएगा जिससे भविष्य में उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सकेगी इस कारण सभी 11हजार की विद्युत सप्लाई को बंद रखा जाएगा और उपकेंद्र से जुड़े सभी उपभोक्ता और किसानो की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने इस असुविधा के लिए लोगों से सहयोग की अपील की है।

### किसान भवन पर प्रदेश अध्यक्ष का किया जोरदार स्वागत 21 फरवरी की महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान



**कांठ (शाह टाइम्स)** किसान भवन छजलैट में मासिक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव का भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी ने कार्यकर्ताओं से किसानों की समस्याओं को लेकर चर्चा की बताया गया कि 21 फरवरी को राकेश टिकैत द्वारा महापंचायत रखी गई है जिसको सफल बनाने के लिए रणनीति तैयार की गई और बड़ी संख्या में लोगों से महापंचायत में शामिल होने का आवाहन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जवर सिंह एवं संचालन चौधरी हरदीप बिश्नोई ने किया। इस मौके पर किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह अरविंद बिश्नोई रघुपाल सिंह दर्शन सिंह प्रिंस चौधरी ओमपाल सिंह अंश ढिल्लों महेश ठाकुर नजर अली बंटी ढाका परविंदर रामराज महिपाल सिंह सियाराम बिश्नोई पंकज कुमार आदि भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### किसानों का टोल फ्री नहीं किया गया तो करेंगे आंदोलन

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा पर सोमवार को चौधरी गुट के किसान नेता पहुंचे, किसान यूनियन चौधरी के चौधरी गुलबहार युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व इमरान जिलाध्यक्ष रामपुर ने टोल प्लाजा के कर्मचारियों को ज्ञापन देते हुए बताया कि किसान कार्यकर्ताओं को नियामतपुर इकरोटिया टोल प्लाजा से निकलने में दिक्कत होती है।

टोल कर्मी किसानों के आईकार्ड न मानकर मैसेज की मांग करते हैं, मैसेज के लिए टोल कन्ट्रोल रूम पर मोबाइल नंबर चढ़ाया जाए ताकि आगे को किसानों को टोल प्लाजा से निकलने में परेशानी न हो।

# पिनकोड अपडेट न होने से ग्रामीण परेशान, जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत

**कांठ (शाह टाइम्स)।** तहसील बदलने के बावजूद डाक विभाग ने पिनकोड को अपडेट नही किया है ग्राम सलेमपुर खास को अमरोहा से हटाकर मुरादाबाद जिले की कांठ तहसील में शामिल हुए लंबा समय बीत चुका है, लेकिन तकनीकी रूप से गाँव आज भी पुराने पिनकोड 244221 की बेड़ियों में जकड़ा हुआ है। इस समस्या से निजाद पाने को गौहर हुसैन ने मुख्यमंत्री के जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के साथ-साथ डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ईमेल भेजकर इस विसंगति को दूर करने की मांग की है।

गौहर हुसैन का कहना है कि पिनकोड अपडेट न होने के कारण ग्रामीणों की डिजिटल पहचान संकट में है। आधार, पैन और बैंक जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में जिला मुरादाबाद होने के बावजूद पिनकोड अमरोहा का दर्ज होता है, जिससे डेटा मिसमैच की समस्या खड़ी हो जाती है। ड्राइविंग लाइसेंस और आधार अपडेट कराते समय पिनकोड 244501 को चुनते है तो उसमें सलेमपुर खास नहीं आता 244221 चुनते है तो सलेमपुर आता है परन्तु अमरोहा जिला चुन लेता है।

जिसकी वजह से ड्राइविंग लाइसेंस में दिक्कत आती है। गौहर हुसैन और अन्य ग्रामीणों ने डाक विभाग के वरिष्ठ अधीक्षक से मांग की है कि ग्राम सलेमपुर खास का पिनकोड तत्काल बदलकर 244501 किया जाए। उन्होंने अपनी शिकायत में स्पष्ट किया है कि जब तक आधिकारिक रिकॉर्ड में सुधार नहीं होगा, तब तक ग्रामीणों को ऑनलाइन सेवाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाएगा।

# गुरुद्वारा सिंह साहिब में माफी मांगने के बाद छात्र, कृपाण विवाद हुआ खत्म, छूटी परीक्षा भी दिलवाएगा कॉलेज प्रबंधन

**कांठ (शाह टाइम्स)।** कृपाण के साथ परीक्षा केंद्र में न जाने देने का मामला आज गुरुद्वारा सिंह साहिब में माफी नामें के साथ ही खत्म हो गया कॉलेज प्रबंधन ने छात्र को परीक्षा दिलाए जाने का भी भरोसा सिख संगत को दिलाया है। बतादे की नगर निवासी सरनजीत डीएसएम डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष का छात्र है 27 जनवरी को उसकी परीक्षा थी आरोप है कि परीक्षा देने से पहले स्टाफ ने उसकी कृपाण उतरवायी लेकिन बाद में कृपाण लेकर आने को मना कर दिया छात्र 4 फरवरी को दूसरी परीक्षा देने पहुंचा तो कृपाण के साथ उसे स्कूल में प्रवेश नहीं होने दिया गया इसकी जानकारी मिलने पर सिख समाज के लोग कॉलेज पहुंचे और उन्होंने प्रोफेसर से इस संबंध में नाराजगी जताई। लेकिन इस कहासुनी के बीच छात्र की परीक्षा छूट गई सिख समाज ने तहसील पहुंचकर एसडीएम को प्रार्थना पत्र दिया इसके बाद अगले दिन उन्होंने मुख्यमंत्री को प्रेषित ज्ञापन जिला अधिकारी को देकर इस संबंध में कार्रवाई की मांग उठाई। जिला अधिकारी ने कुलपति को जांच टीम गठित कर इस प्रकरण की जांच कराए जाने के निर्देश दिए जांच टीम कांठ आई और उसने दोनों पक्षों के बयान लिए मगर तहसील दिवस में आए जिला अधिकारी से सिख समाज की संगत ने फिर



मुलाकात की और प्राचार्य एवं दोषी स्टाफ को निलंबन करने की मांग उठाई। बताया गया कि आज कुलपति ने आरोपित कॉलेज स्टाफ को बुलाकर समझाया इसके बाद प्राचार्य और प्रोफेसर अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह के साथ गुरुद्वारा सिंह साहिब पहुंचे और इस गलती के लिए उन्होंने लिखित में क्षमा मांगी और भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न होने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि छात्र के भविष्य को खराब नहीं होने देंगे, उसे फिर परीक्षा दिलाई जाएगी सिख समाज इस कार्यवाही पर संतुष्ट हो गया और उन्होंने वाहेगुरु का खालसा वाहेगुरु की फतेह के नारों के साथ ही इस प्रकरण को समाप्त किए जाने की घोषणा कर दी।

इस मौके पर गुरुद्वारा सिंह साहब के संरक्षक सरदार कृपाल सिंह प्रधान सरदार कुलवंत सिंह सहित मुरादाबाद गुरुद्वारे से भी आए प्रधान और पदाधिकारी सहित काफी लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया नगर पालिका के विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण

## कोतवाली में सब कुछ औके, महिला सशक्तिकरण पर फोकस न बच पाए अपराधी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदौसी।** सोमवार को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैसियां द्वारा चन्दौसी में अलग-अलग विभागों का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। सोमवार को जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैसियां अपने अमले के साथ कोतवाली पहुंचे। जहां सीओ मनोज कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर की मौजूदगी में पूरे थाने का वार्षिक निरीक्षण करते हुए अपराध रजिस्टार, एच0एस0 रजिस्टर, गुण्डा एक्ट रजिस्टर व सम्पत्ति विवाद से जुड़े रजिस्टर का निरीक्षण करते हुए सीओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि कोई गुण्डा बचना नहीं चाहिए। सम्पत्ति विवादों को दोनों पक्षों की उपस्थिति में मामलों का निस्तारण करें व लम्बा न खीचें। साथ ही डीएम वार्षिक निरीक्षण करते हुए कोतवाली कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, महिला बैरक हवालात एवं इंस्पेक्टर कार्यालय, बाल कक्ष, महिला हैल्प डेस्क एवं निस्प्रयोज्य बैरकों का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण पर फोकस होना चाहिए। साथ ही कार्यालय के बाहर मुख्य द्वारा पर उच्च क्षमता वाले कैमरे लगाये जाने। जिससे यदि कोई घटना घटित हो शीघ्र ही उसका प्रताड़ना करने वाला शीघ्र कैमरे की मदद से गिरफ्तार कर सके।

कोतवाली निरीक्षण के बाद डीएम राजेन्द्र पैसियां नगर पालिका परिषद पहुंचे जहां नगर पालिका टैक्स, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नगर पालिका के विभिन्न कार्यालयों में अलग-अलग निर्देशित किया एवं नगर पालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को आवश्यक दिशा निर्देश, वहीं कोतवाली में रखरखाव रजिस्टरों की प्रशंसा की। कोतवाली की कार्य प्रणाली से संतुष्ट नजर आये।

उधर डीएम समस्त अधिकारियों के साथ तहसील परिसर पहुंचे वहां पर विभिन्न कार्यालयों में स्टॉक रूम, रजिर्स्ट्री ऑफिस, कम्प्यूटर कक्ष, रिकार्ड कक्ष एवं द्वितीय तल पर एसआईआर फार्म की स्थिति का अवलोकन कर जिलाधिकारी ने एसडीएम आशुतोष तिवारी को दिशा-निर्देश दिये वहीं तहसील में विशेष सफाई अभियान के साथ पेड़ों को चारों ओर रंग दिये और लोगों को ठहरने के लिए चबूतरा निर्माण कराया गया, जहां गमर्भ में लोगों को आराम मिल सके। उसके बाद निर्माणधीन उपजिलाधिकारी आवास का निरीक्षण किया एवं तहसील के द्वितीय तल की सफाई व्यवस्था को पहले सफाई करने के निर्देश दिये। पार्किंग स्थल भी तैयार किया जा रहा है जिसकी निरीक्षण डीएम द्वारा किया गया। उसके उपरान्त डीएम राजेन्द्र पैसिंया ब्लॉक बनियाखेडा पहुंचे जहां पर स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये गये। ब्लॉक प्रमुख डॉ0 सुगन्धा सिंह, बीडीओ ब्लॉक, पीओ नीरज सिंह एवं सभी सचिव मौजूद रहे। वहीं निस्प्रयोज्य बैरकों के संस्थान पर अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम को सफाई के निर्देश दिये। साथ ही सप्ताह में एक बार विशेष सफाई अभियान को कहा। कोतवाली में डीएम के अतिरिक्त एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीओ मनोज कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर, एसएस आई एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।





## ऑपरेशन स्माइल के तहत थाना बनियाठेर पुलिस ने गुमशुदा बच्ची को किया बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदौसी।** थाना बनियाठेर पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल अभियान के अंतर्गत त्वरित कार्रवाई करते हुए एक गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस को बच्ची के लापता होने की सूचना मिलते ही टीम गठित कर तलाश अभियान शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि सबी मौहम्मद पुत्र बुन्दु खां निवासी ग्राम नसरौला थाना इस्लामनगर बदायूं ने थाना बनियाठेर पुलिस को तहरीर दी थी। जिसमें बताया कि परिवार के साथ थाना बनियोठर के क्षेत्र में मौहल्ला मंशादेवी कस्बा नरौली में शादी में आया था, शादी समारोह से खेलते हुए उसकी बच्ची उम्र 3 वर्ष की कहीं गुम हो गयी थी। जिसको काफी तलाश किया परन्तु नहीं मिली। पुलिस ने टीम गठित कर तकनीकी साक्ष्यों एवं स्थानीय जानकारी के आधार पर पुलिस ने बच्ची का पता लगाकर उसे सुरक्षित बरामद किया। बरामदगी के बाद बच्ची को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है। परिजनों ने पुलिस की तत्परता और मानवीय कार्य की सराहना की। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध सूचना पर तत्काल पुलिस को अवगत कराएं।

## सम्पादकीय

मंगलवार, 10 फरवरी 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# संसद में तमाशा

इस समय संसद का बजट सत्र चल रहा है और मुद्दों की भी कमी नहीं है। तमाम तरह का तमाशा हो रहा है, लेकिन अगर नहीं हो रही है, तो चर्चा नहीं हो रही है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी आरोप लगा रहे हैं कि उन्हें सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। नौवें दिन की स्थिति भी अन्य दिन की तरह ही देखने में आई। केवल 13 मिनट ही लोकसभा चल पाई। दो बार लोकसभा को चलाने की कोशिश की गई, लेकिन यह कोशिश सफल नहीं हो सकी और संसद को सोमवार दो बजे मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। यूं तो संसद में तमाशा होना आम बात होकर रह गई है, लेकिन यह देखकर बेहद पीड़ा होती है कि जहां लोकसभा के भीतर एक स्वस्थ चर्चा होनी चाहिए थी, उसकी जगह अब शोर-शराबा लेता दिखाई दे रहा है और यह प्रवृत्ति समय के साथ-साथ बढ़ती जा रही है। सबसे अजब बात तो यह है कि अब लोकसभा में शब्दों और पदों की भी कोई मर्यादा नहीं रह गई है और छिन्न-भिन्न होती दिखाई दे रही है। हमारे माननीयों को समझना चाहिए कि राजनीति में विचारधारा में मतभेद एक आम बात है लेकिन यह व्यक्तिगत नहीं होने चाहिएं। विपक्ष अगर यह चाहता है कि चीन को लेकर पूर्व सेनाध्यक्ष एमएम नरवणे की किताब पर चर्चा होनी चाहिए, तो वह कहां गलत है। ठीक हाल ही में अमेरिका से एक डील हुई है, जिसका सरकार भी जोर-शोर से प्रचार कर रही है। उस पर चर्चा क्यों नहीं होनी चाहिए। यह देखना भी दिलचस्प रहा कि जब पीएम मोदी को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपना संबोधन देना था, तो वह संसद नहीं आए। विपक्ष जहां यह कह रहा है कि वह डर की वजह से नहीं आए, तो वहीं लोकसभा स्पीकर ओम बिडला अजीब ही तर्क देते दिखाई दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसलिए नहीं आए क्योंकि उन पर सदन में हमला हो सकता था। विशेषकर उन्होंने महिला सांसदों का जिक्र किया। सोमवार को 11 कांग्रेसी महिला सांसदों ने लोकसभा स्पीकर को इस संबंध में पत्र भी लिखा। जिसमें उन्होंने कहा कि इस तरह के आरोप लगाकर ओम बिडला ने महिलाओं का अपमान किया है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उनका विरोध शांतिपूर्ण, दृढ़ और पूरी तरह लोकतांत्रिक मानदंडों के भीतर था। उनकी सत्यनिष्ठा पर सवाल उठाना हर उस महिला पर गंभीर हमला है जो साहस के साथ जीवन में अपनी पहचान बनाती है। उन्होंने लोकसभा स्पीकर से स्वतंत्र रूप से कार्य करने और लोकसभा की गरिमा बहाल करने का आग्रह किया। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि विपक्ष बिडला की टिप्पणी से इतना आहत है कि उनके विरुद्ध महाभियोग ला सकता है। नि:संदेह ऐसी स्थिति किसी भी लोकतांत्रिक देश के लिए आदर्श स्थिति नहीं कही जा सकती। सभी को ध्यान रखना चाहिए कि लोकतंत्र में नैतिकता व मर्यादा बेहद महत्वपूर्ण स्थान रखती है।

### शैडो प्रधानमंत्री होता है विपक्ष का नेता



लोकसभा में विपक्ष को अपनी बात रखने का मौका नहीं दिया जा रहा है, जबकि सत्तापक्ष के सदस्य कुछ भी बोलने के लिए स्वतंत्र है चाहे अपमानजनक टिप्पणी ही क्यों न हो, संसद की नियमावली के अनुसार विपक्ष का नेता शैडो प्रधानमंत्री होता है, लेकिन उन्हें इस सत्र में सदन के अंदर कुछ भी बोलने की अनुमति नहीं दी जाती है, सरकार के लोग कुछ भी कह सकते हैं, सत्तापक्ष के लोग अपमान. जनक टिप्पणी कर सकते हैं, किसी पर हमला कर सकते हैं, लेकिन हमारे गठबधन के दलों के नेताओं को भी अपनी बात नहीं रखने दी जाती है, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वयं कांग्रेस की महिला सांसदों के पर गंभीर आरोप लगाया है, इससे साफ पता चलता है कि विपक्ष के लिए सदन में कोई जगह नहीं है, विपक्ष के नेता हो या विपक्ष के किसी अन्य दल के नेता हो, उन्हें नहीं बोलने दिया जाता है।

**-केसी वेणुगोपाल, संगठन महासचिव, कांग्रेस**

# उत्तर प्रदेश के ब्राह्मणों और मुसलमानों को अपने पक्ष में करने की कवायद





**एम हसन**

बहुजन समाज पार्टी द्धबीएसपीत्र ने उत्तर प्रदेश में अपनी खोई हुई जमीन वापस पाने के लिए पुरजोर प्रयास शुरू कर दिए हैं। पिछले 20 वर्षों में लगातार चुनावी हार झेलने के बाद, पार्टी नेतृत्व इस बात पर दृढ़ हो गया है कि दलित-ब्राह्मण-मुस्लिम-ओबीसी के व्यापक गठबंधन के बिना 2027 के यूपी विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करना मुश्किल होगा। इसलिए, बीएसपी प्रमुख मायावती 2007 के उस फॉर्मूले को दोहराने की कोशिश कर रही हैं, जिसने पहली बार पार्टी को अपने दम पर सत्ता में पहुंचाया था।

इसी को ध्यान में रखते हुए, अगले साल के चुनावी माहौल को देखते हुए, जिला, विधानसभा क्षेत्रों और अन्य पदाधिकारियों सहित लगभग 3000 पार्टी नेता आज लखनऊ में नेतृत्व से निर्देश लेने के लिए एकत्रित हुए। बीएसपी मुख्यालय में दिन भर चली बैठक के दौरान मायावती ने जमीनी स्तर के नेताओं को तुरंत तैयारियां शुरू करने का निर्देश दिया। मतदाता सूचियों में एसआईआर में काफी बदलावों को देखते हुए, पार्टी ने स्थानीय समितियों का पुनर्गठन करने का निर्णय लिया है।

मायावती ने नेटफ्लिक्स फिल्म घुसखोर पंडित के शीर्षक पर अपनी त्वरित और तीखी प्रतिक्रिया में ब्राह्मण कार्ड का भरपूर इस्तेमाल किया। मायावती, जो आमतौर पर ऐसे मुद्दों पर प्रतिक्रिया देने से बचती हैं, ने शीर्षक की निंदा की और निर्देशक एवं निर्माता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। हालांकि उत्तर प्रदेश भाजपा सरकार ने भी निर्देशक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर तुरंत कार्रवाई की, लेकिन इस मुद्दे पर मायावती का लहजा बेहद स्पष्ट था। आज के सम्मेलन में मायावती के उत्तराधिकारी आकाश आनंद भी चर्चा का केंद्र थे।

हालांकि, ऐसे समय में जब पार्टी वापसी के लिए अंतिम प्रयास कर रही है, मायावती के इस ब्राह्मण-मुस्लिम कार्ड पर सबकी नजर रहेगी। जहां एक ओर 2007 के ब्राह्मण नेता सतीश चंद्र मिश्रा पार्टी में हैं, वहीं तत्कालीन मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी पिछले महीने कांग्रेस छोड़ने के बाद किसी और बेहतर अवसर की तलाश में हैं। फिलहाल बसपा के पास उत्तर प्रदेश का कोई ऐसा मुस्लिम चेहरा नहीं है जो उन्हें वापस पार्टी में ला सके। हालांकि उत्तर प्रदेश में ब्राह्मण समुदाय के भाजपा से असंतुष्ट होने की खबरें आ रही हैं, लेकिन क्या वे सचमुच भगवा ब्रिगेड से अलग हो जाएंगे, यह एक विवादास्पद सवाल है। 2007 में राजनीतिक परिस्थितियां बिलकुल अलग थीं, जब यह लामबंदी कारगर साबित हुई थी।

इसी प्रकार, मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मी-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर सम्मान और सुरक्षा के लिए संघर्ष कर रहा है। समुदाय में यह प्रबल भावना है कि ए मुद्दे अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, जिन पर किसी भी राजनीतिक दल को ध्यान देना चाहिए जो उनका समर्थन चाहता है।

दलित नेता कांशी राम के मार्गदर्शन में मायावती ने राजनीतिक परिदृश्य में उभरकर 2007 में उत्तर प्रदेश की पहली दलित मुख्यमंत्री का पद अपने दम पर हासिल किया था और उनके सहयोगियों ने उन्हें 2009 के लोकसभा चुनाव में एक मजबूत प्रधानमंत्री पद की उम्मीदवार के रूप में पेश किया था। अब लगभग दो दशक बाद पार्टी की किस्मत में भारी गिरावट आई है। कांशी राम ने सभी समुदायों को मिलाकर एक मजबूत दलित जनाधार बनाया था, लेकिन वर्षों से यह आधार खोता चला गया है। 2007-2012 के बसपा शासनकाल के दौरान यह गिरावट स्पष्ट रूप से देखी गई, जब ष्जाटवष समुदाय पर विशेष राजनी. तिक बल दिया गया, जिससे अन्य समुदाय उनसे अलग हो गए। दलितों का दूसरा सबसे महत्वपूर्ण वर्ग, पासी, इस मुद्दे पर काफी मुखर हो गया था। बसपा के 2007 के कार्यकाल के बाद पार्टी छोड़ने पर मजबूर हुए प्रतिद्वंद्वियों द्वारा कांशी राम की कमाई, मायावती ने गवई (मायावती ने कांशी राम की कमाई बर्बाद कर दी) का नारा अक्सर दो. हराया जाता था।

2009 के आम चुनाव में पार्टी का राष्ट्रीय वोट शेयर 6।2 प्रतिशत था, जो 2014 में घटकर 4।2 प्रतिशत (कोई सीट नहीं मिली), 2019 में समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश की दस सीटों पर जीत के साथ 3।7 प्रतिशत और 2024 में 2.04 प्रतिशत रह गया। 2019 को छोड़कर, पिछले तीन लोकसभा चुनावों में बसपा का किसी अन्य पार्टी के साथ कोई गठबंधन नहीं था। वर्तमान में दलित संगठन के लिए कोई स्पष्ट राष्ट्रीय पहचान न होने के कारण, अगर बसपा को अपने गृह राज्य उत्तर प्रदेश में टिके रहना है तो उसे भाजपा के 41.37 प्रतिशत और सपा के 33.59 प्रतिशत वोट शेयर से मुकाबला करना होगा। उत्तर प्रदेश में 2024 के लोकसभा चुनाव में, जब बसपा ने सभी 80 सीटों पर चुनाव लड़ा था, तो उसका वोट शेयर लगभग 9।24 प्रतिशत था। बसपा की किसी भी सीट पर जीत के विपरीत, नवगठित प्रतिद्वंद्वी दलित संगठन आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश से नगीना लोकसभा सीट पर कब्जा कर लिया। चूंकि शेखर बसपा के वोट बैंक में सेंध लगाने के लिए कुशल प्रयास कर रहे हैं, इसलिए मायावती ने विशेष रूप से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए खंडित दलित वोटों को पुन: प्राप्त करने के लिए एक कार्य योजना तैयार की है।

> “मुस्लिम समुदाय का सपा से बसपा की ओर जाना तभी संभव होगा जब समुदाय को यह आश्वासन दिया जाए कि ब्राह्मण-दलित समुदाय बसपा के पक्ष में एकजुट हो जाएगा। पिछले 12 वर्षों में यह समुदाय राजनीतिक रूप से हाशिए पर रहा है और सबसे बढ़कर इसने ष्सम्मान और सुरक्षाष के लिए संघर्ष किया है।

अब बसपा के लिए 2027 के चुनाव करो या मरो की लड़ाई हैं और जमीनी स्तर के नेताओं से आज जीत के लिए काम करने को कहा गया। चूंकि उत्तर प्रदेश में सत्ता हासिल करने के लिए कम से कम तीन या उससे अधिक प्रभावशाली जातियों का गठबंधन जरूरी है, इसलिए बसपा अब दलित-पिछड़ा और मुस्लिम समुदायों के गठबंधन के लिए बेताब है। हालांकि, बसपा अब सभी दलित समुदायों की एकीकृत आवाज नहीं रह गई है और उसे अन्य समुदायों के साथ काम करने से पहले उन्हें एक मंच पर लाना होगा। उत्तर प्रदेश में सत्ता में आने के लिए कम से कम 30 प्रतिशत से अधिक वोट शेयर जरूरी है, बसपा के लिए इस आंकड़े तक पहुंचना 12 प्रतिशत (2022 के नतीजों में) से काफी मुश्किल लग रहा है। भगवा ब्रिगेड को टक्कर देने के इस बड़े लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसे मजबूत स्थिति में मौजूद सपा को दूसरे पायदान से हटाना होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# और अधिक गर्म होती धरती, लंबे होते पक्षियों के पैर

**इसे जानने के लिए डीकिन विवि. की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी और बेमिसाल परी-पिद्दी सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आद्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें।**



पक्षियों के रोएंदार पंख उनके शरीर की ऊष्मा बिखरने नहीं देते और उन्हें गर्म बनाए रखते हैं। दूसरी ओर, चोंच उन्हें ठंडा रखती है, जब शरीर बहुत अधिक गर्म हो जाता है तो चोंच से ही ऊष्मा बाहर निकालती है, लेकिन जब ज्यादा संवेदी ताप नियंत्रक की जरूरत होती है, तो वे अपनी टांगों से काम लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया में चौदह पक्षी प्रजातियों पर किए गए अध्ययन में पता चला है कि पक्षी अपने पैरों में रक्त प्रवाह को कम-ज्यादा करके शरीर की गर्मी को कम-ज्यादा बिखेर सकते हैं। पक्षियों के शीतलक यानी उनकी चोंच और पैर में बेशुमार रक्तवाहिकाएं होती हैं और ए कुचालक पंखों से ढंकी नहीं होती हैं। इससे उन्हें गर्मी बढ़ने पर शरीर का तापमान कम करने में मदद मिलती है। इसलिए तोतों और उष्णकटिबंधीय जलवायु में रहने वाले अन्य पक्षियों की चोंच बड़ी और टांगें लंबी होती हैं, लेकिन पक्षियों में ताप नियंत्रण से जुड़ी अधिकतर जानकारी प्रयोगशाला अध्ययनों पर आधारित थीं। सवाल था कि क्या प्राकृतिक परिस्थिति में यही बात लागू होती है? इसे जानने के लिए डीकिन विश्वविद्यालय की वैकासिक पारिस्थितिकीविद एलेक्जेंड्रा मैकक्वीन ने प्राकृतिक आवासों में पक्षियों की ऊष्मीय तस्वीरें लीं। ऊष्मा (अवरक्त) कैमरे की मदद से उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई वुड डक, बनफ्शी कीचमुर्गी Porphyrio porphyrio और बेमिसाल परी-पिद्दी Malurus cyaneus सहित कई पक्षी प्रजातियों की तस्वीरें लीं। तुलना के लिए उन्होंने हवा की गति, तापमान, आर्द्रता और सौर विकिरण भी मापा ताकि पक्षियों के शरीर की बाहरी सतह के तापमान की गणना कर सकें। गर्मियों में, जब बाहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक होता है तो पक्षी शरीर की अतिरिक्त गर्मी को निकालने के लिए अपनी चोंच और टांगों दोनों का उपयोग करते हैं। सर्दियों में, जब बाहर का तापमान कम होता है, कभी-कभी 2.5 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाता है, तो पक्षियों की चोंच तो गर्मी छोड़ती रहती है, लेकिन उनकी टांगें ऊष्मा बिखेरना बंद कर देती हैं। उनके पैर ठंडे थे यानी उन्होंने पैरों में रक्त प्रवाह रोक (या बहुत कम कर) दिया था ताकि ऊष्मा का ह्रास कम रहे। बायोलॉजी लैटर्स में प्रकाशित यह निष्कर्ष ठीक ही लगते हैं, क्योंकि पक्षियों का अपनी चोंच की रक्त वाहिकाओं पर नियंत्रण कम होता है, क्योंकि चोंच उनके मस्तिष्क के करीब होती है जहां निरंतर रक्त प्रवाह जरूरी है। बहरहाल इस अध्ययन से यह समझने में मदद मिलती है कि ठंडी जलवायु में रहने वाले पक्षियों की चोंच छोटी क्यों होती है। साथ ही अनुमान है कि जैसे-जैसे वैश्विक तापमान बढ़ता जाएगा और पृथ्वी गर्म होती जाएगी तो संभव है कि वर्ष में बहुत अलग-अलग तापमान झेल रही पक्षी प्रजातियों की टांगें लंबी होती जाएंगी, जिनके रक्त प्रवाह और ऊष्मा के संतुलन पर पक्षी का अधिक नियंत्रण होता है। फिलहाल उम्मीद है कि इस तरह के और भी अध्ययनों से यह बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलेगी कि दुनिया भर के पक्षी जलवायु परिवर्तन से कैसे निपटेंगे।

# शहरी विकास : पुरातन और आधुनिकता में संघर्ष



**विनीत नारायण**

काशी के मणिकर्णिका घाट को लेकर उपजे विवाद ने एक बार फिर इस प्रश्न को देश के सामने खड़ा कर दिया है कि हमारी प्राचीन धरोहरों को हानि पहुंचाए बिना शहरों का आधुनिकरण कैसे किया जाए? यह प्रश्न भारत के धार्मिक नगरों में चल रहे शहरी विकास कार्यों के संदर्भ में और भी ज्वलंत हो गया है।

धर्मनगरियों व ऐतिहासिक भवनों का जीर्णोद्धार या सौन्दईकरण एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। जटिल इसलिए कि चुनौतियां अनंत है। लोगों की धार्मिक भावनाएं, पुरोहित समाज के पैतृक अधिकार, वहां आने वाले आम आदमी से अति धनी लोगों तक की अपेक्षाओं को पूरा करना, सीमित स्थान और संसाधनों के बीच व्यापक व्यवस्थाऐं करना, इन नगरों की कानून व्यवस्था और तीर्थयात्रियों की सुरक्षा को सुनिश्चति करना। इस सबके लिए जिस अनुभव, कलात्मक अभिरूचि व आध्यात्मिक चेतना की आवश्यक्ता होती है, प्राय: उसका प्रशासनिक व्यवस्था में अभाव होता है। सड़क, खड़जे, नालियां, फ्लाई ओवर जैसी आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का अनुभव रखने वाला प्रशासन तंत्र इन नगरों के जीर्णोद्धार और सौन्दईकरण में वो बात नहीं ला सकता, जो इन्हें विश्वस्तरीय तीर्थस्थल बना दे। कारण यह है कि सड़क, खड़जे की मानसिकता से टैंडर निकालने वाले, डीपीआर बनाने वाले और ठेके देने वाले, इस दायरे के बाहर सोच ही नहीं पाते। अगर सोच पाते होते तो आज तक इन शहरों में कुछ कर दिखाते। पिछले इतने दशकों में इन धर्मनगरियों में विकास प्राधिकरणों ने क्या एक भी इमारत ऐसी बनाई है, जिसे देखा-दिखाया जा सके? क्या इन प्राधिकरणों ने शहरों की वास्तुकला को आगे बढ़ाया है या इन पुरातन शहरों में दियासलाई के डिब्बों जैसे भवन खड़े कर दिए हैं। नतीजतन ये सांस्कृतिक स्थल अपनी पहचान तेजी से खोते जा रहे हैं।



माना कि विकास की प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। बढ़ती आबादी की मांग को भी पूरा करना होता है। मकान, दुकान, बाजार भी बनाने होते हैं, पर पुरातन नगरों की आत्मा को मारकर नहीं। अंदर से भवन कितना ही आधुनिक क्यों न हो, बाहर से उसका स्वरूप, उस शहर की वास्तुकला की पहचान को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। भूटान एक ऐसा देश है, जहां एक भी भवन भूटान की बौद्ध संस्कृति के विप. रीत नहीं बनाया जा सकता। चाहे होटल, दफ्तर या दुकान कुछ भी हो। सबके खिड़की, दरवाजे और छज्जे बुद्ध विहारों के सांस्कृतिक स्वरूप को दर्शाते हैं। इससे न सिर्फ कलात्मकता बनीं रहती है, बल्कि ए और भी ज्यादा आकर्षक लगते हैं। दुनिया के तमाम पर्यटन वाले नगर, इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं। जबकि भारत में आज भी पुराने ढर्रे से सोचा और किया जा रहा है। फिर कैसे सुधरेगा इन पुरातन नगरों का स्वरूप? विकास की प्रक्रिया में जहां एक तरफ रचनात्मक सोच और कलात्मक दृष्टि का अभाव स्पष्ट दिखाई देता है वहीं भ्रष्टाचार भी अन्य क्षेत्रों की तरह स्थिति को बिगाड़ने में बड़ी भूमिका निभाता है। शहरी विकास की प्रक्रिया में दो तरह का भ्रष्टाचार होता है, 'करप्शन ऑफ डिजाईन' व 'करप्शन ऑफ इम्पलीमेंटेशन'। यानि नक्शे बनाने में भ्रष्टाचार और निर्माण करने में भ्रष्टाचार। निर्माण का भ्रष्टाचार तो भारतव्यापी है। बिना कमीशन लिए कोई सरकारी आदमी कागज बढ़ाना नहीं चाहता। पर डिजाईन का भ्रष्टाचार तो और भी गंभीर है। यानि तीर्थस्थलों के विकास की योजनाऐं बनाने में ही अगर सही समझ और अनुभवी लोगों की मदद नहीं ली जाएगी और उद्देश्य अवैध धन कमाना होगा, तो योजनाऐं ही नाहक महत्वाकांक्षी बनाई जाएंगी। गलत लोगों से नक्शे बनावाए जाएंगे और सत्ता के मद में डंडे के जोर पर योजनाऐं लागू करवाई जाएंगी। नतीजतन धर्मक्षेत्रों का विनाश होगा, विकास नहीं। पिछले तीन दशकों में, इस तरह कितना व्यापक विनाश धर्मक्षेत्रों का किया गया है कि उसके दर्जनों उदाहरण दिए जा सकते हैं। फिर भी अनुभव से कुछ सीखा नहीं जा रहा। सारे निर्णय पुराने ढर्रे पर ही लिए जा रहे हैं, तो कैसे सजेंगी हमारी धर्मनगरियां? पिछले 24 वर्षों से मैं ब्रज में धरोहरों के जीर्णोद्धार और संरक्षण में जुटा हूं और इसी चिंता में घुलता जा रहा हूं। शोर मचाओ तो लोगों को बुरा लगता है और चुप होकर बैठो तो दम घुटता है कि अपनी आंखों के सामने, अपनी धार्मिक विरासत का विनाश कैसे हो जाने दें? जब से केंद्र में भाजपा की सरकार आई है, तब से धर्मक्षेत्रों का विकास राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भी उद्देश्य रहा है, इसलिए संघ नेतृत्व को चाहिए कि धर्मक्षेत्रों के विकास पर स्पष्ट नीति निधार्रित करने के लिए अनुभवी और चुने हुए लोगों की राष्ट्रीय और क्षेत्रीय गोष्ठी बुलाए और उनकी राय लेकर नीति निर्धारण में सकारात्मक योगदान करे। पर इस विषय को राजनीति से अलग रखा जाए। क्योंकि धरोहर किसी एक दल के सत्ता में रहने या न रहने से अपना स्वरूप नहीं बदलती। उनका अस्तित्व सदियों से है और सदियों तक रहेगा। इसलिए धरोहरों के संरक्षण में जुटे लोगों और विशेषज्ञों के प्रति राग द्वेष की भावना से अलग हटकर केवल धरोहरों के हित में ही निर्णय लिए जाएं। नीतियों में क्रांतिकारी परिवर्तन किए बिना, वांछित सुधार आना असंभव है। फिर तो वही होगा कि 'चौबे जी गए छब्बे बनने और दूबे बनके लौटे'। पर इसमें भी एक खतरा है। क्योंकि जब कभी सरकारी स्तर पर ऐसा विचार-विमर्श करना होना होता है, तो निहित स्वार्थ सार्थक विचारों को दबवाने के लिए या उनका विरोध करवाने के लिए, सत्ता के दलालनुमा लोगों को विशेषज्ञ या समाजसेवी बताकर इन बैठकों में बुला लेते हैं और सही बात को आगे नहीं बढ़ने देते।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एपस्टीन फाइल्स: 10 देशों में इस्तीफे, 80 ताकतवर लोगों की जांच

## अमेरिका से यूरोप तक असर, राजनेताओं-अरबपतियों और शाही परिवारों तक फैली जांच

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े सीक्रेट दस्तावेज सामने आते ही दुनिया भर में हड़कंप मच गया है। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने करीब 30 लाख पेज के डॉक्यूमेंट्स 30 जनवरी को जारी किए हैं। इसके बाद 10 देशों में 15 से ज्यादा बड़े अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा है। 80 से ज्यादा ताकतवर लोगों पर जांच चल रही है।

इन फाइलों में नेता, राजदूत, अरबपति और शाही परिवारों के नाम शामिल हैं। ईमेल, फ्लाइट लॉग और संपर्क रिकॉर्ड में 700 से 1000 असरदार लोगों का जिक्र है। कई मामलों में नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप भी हैं। दस्तावेजों में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और हिलेरी क्लिंटन जैसे हाई-प्रोफाइल नाम अलग-अलग संदर्भों में सामने आए हैं। एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है। करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा ब्रिटेन में 3 अधिकारियों को पद छोड़ना पड़ा। पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन, सलाहकार एडम पेरी और पीएम कीर स्टार्मर के चीफ ऑफ स्टाफ मॉर्गन मैकस्वीनी ने इस्तीफा दिया। स्लोवाकिया में पूर्व विदेश मंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार मीरोस्लाव लाइचाक ने 300 से अधिक ईमेल और आपत्तिजनक चौट सामने आने पर इस्तीफा दिया। स्वीडन की सीनियर डिप्लोमेट जोआना रुबिनस्टीन ने पद छोड़ा। नॉर्वे की राजदूत मोना जूल, अमेरिका में लेबर मिनिस्टर एलेक्स एकोस्टा और एमआईटी लैब प्रमुख जोइची इतो ने इस्तीफा दिया। एपस्टीन फाइल्स कई देशों की सरकारों के लिए कूटनीतिक और राजनीतिक शर्मिंदगी का कारण बन गई। ब्रिटिश पीएम स्टार्मर को माफी मांगनी पड़ी, जबकि प्रिंस एंड्रयू के खिलाफ ब्रिटिश पुलिस ने नई फाइलों के आधार पर 'फेश रिव्यू' शुरू किया। नॉर्वे में राजदूत मोना जुएल को निलंबित किया गया और पूर्व पीएम थोरबजॉर्न जगलैंड के खिलाफ भ्रष्टाचार जांच शुरू हुई। सीनियर डिप्लोमेट तेर्झे रोड-लार्सन पर भी जांच चल रही है। फ्रांस में पूर्व मंत्री जैक लैंग को आधिकारिक समन जारी हुआ। पोलैंड, लातविया और तुर्की ने मानव तस्करी के साथ आधिकारिक साठगांठ की जांच के लिए स्पेशल टीमें बनाईं। जस्टिस डिपार्टमेंट की तरफ से जारी तस्वीर में प्रिंस एंड्रयू एक महिला के ऊपर घुटनों के बल झुके हुए दिखते हैं। कुछ बड़े नाम सामने आने के बाद उन्हें और उनके परिवारों को सार्वजनिक रूप से माफी या अफसोस जताना पड़ा। नॉर्वे की क्राउन प्रिंसेस मेटे-मारिट के ईमेल और संवाद सामने आने पर राजशाही स्तर की संस्थागत समीक्षा हुई और उन्होंने सार्वजनिक माफी मांगी। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने एपस्टीन से मुलाकातों और संवाद पर अफसोस जताया तथा फाउंडेशन के बोर्ड से इस्तीफा दिया। इजरायल के पूर्व पीएम एहुद बराक का नाम न्यूयॉर्क में एपस्टीन के अपार्टमेंट में ठहरने और बैठकों के रिकॉर्ड में आया, जिसके बाद उन्हें सफाई देनी पड़ी।



एपस्टीन खुलासे के बाद सबसे ज्यादा हड़कंप यूरोप में है, करीब 10 देशों में इस्तीफों का दौर शुरू हो गया है

### एपस्टीन फाइल्स में जुकरबर्ग-मस्क की तस्वीर

**लंदन।** एपस्टीन फाइल्स में टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क और मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग की तस्वीर सामने आई है। इस तस्वीर में सिलिकॉन वैली के बड़े टेक दिग्गज साथ में डिनर करते नजर आ रहे हैं। इसमें पेपाल के को-फाउंडर पीटर थील और एमआईटी मीडिया लैब के पूर्व डायरेक्टर जोई इतो भी दिख रहे हैं। यह फोटो साल 2015 की बताई जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह वही डिनर पार्टी है, जिसे यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन ने 'वाइल्ड डिनर' कहा था। एपस्टीन ने यह तस्वीर अगस्त 2015 में खुद को ईमेल की थी और इसे फ्रेम कराकर अपने न्यूयॉर्क स्थित अपार्टमेंट में लगा रखा था। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने 30 जनवरी को एपस्टीन फाइल्स के 30 लाख दस्तावेज सार्वजनिक किए थे, जिसके बाद से इस मामले में लगातार नए खुलासे हो रहे हैं। जस्टिस डिपार्टमेंट की फाइलों के मुताबिक, 2 अगस्त 2015 को एपस्टीन ने अपने दोस्त पीटर एटिया को ईमेल भेजकर लिखा था कि उस रात एलन मस्क, पीटर थील और मार्क जुकरबर्ग के साथ डिनर है।

### पुतिन से नजदीकी बढ़ाना चाहता था यौन अपराधी एपस्टीन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका जस्टिस डिपार्टमेंट (डीओजे) के नए दस्तावेजों से खुलासा हुआ है कि यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीब जाने की कोशिश कर रहा था। एपस्टीन ने कई मौकों पर पुतिन और उनके करीबी अधिकारियों तक पहुंच बनाने के प्रयास किए। एपस्टीन 2018 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के जरिए पुतिन तक अपनी बात पहुंचाना चाहता था। उसने इसके लिए नॉर्वे के पूर्व पीएम थॉर्बजॉर्न यागलैंड से संपर्क किया था। जून 2018 के एक ईमेल में एपस्टीन ने नॉर्वे के पूर्व पीएम थोर्ब्योर्न यागलैंड से कहा था कि वह पुतिन को यह सुझाव दें कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव उससे बातचीत करें। दस्तावेजों के मुताबिक, एपस्टीन खुद को एक ऐसे प्रभावशाली व्यक्ति के तौर पर पेश कर रहा था, जो अंतर्राष्ट्रीय राजनीति और निवेश जैसे मुद्दों पर रूस की मदद कर सकता है।

### एपस्टीन से संपर्क के खुलासा: जॉर्डन में नॉर्वे की राजदूत ने दिया इस्तीफा

**ओस्लो।** नॉर्वे की जॉर्डन में राजदूत तथा इराक के लिए भी मान्यता प्राप्त मोना जूल ने अमेरिकी यौन अपराधी जेफ्री एप्स्टीन के साथ संपर्कों से जुड़े खुलासों के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। नॉर्वे के विदेश मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी। विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ आइडे ने जूल के इस्तीफे को 'सही और आवश्यक' बताते हुए कहा कि दोषसिद्ध यौन अपराधी के साथ उनका संपर्क 'गंभीर निर्णयात्मक चूक' को दर्शाता है और इससे इस पद के लिए आवश्यक भरोसे के स्तर को बहाल करना कठिन हो गया था। मंत्रालय के अनुसार, जूल को पिछले सप्ताह उनके कार्य दायित्वों से मुक्त कर दिया गया था, जबकि मंत्रालय उनके एप्स्टीन से संबंधों और संपर्कों की समीक्षा कर रहा था। मंत्रालय ने कहा कि जूल के इस्तीफे के बाद भी आंतरिक जांच जारी रहेगी, जिसमें सेवा के दौरान और सेवा से बाहर राज्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों पर लागू नियमों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### थाईलैंड: अनुतिन चर्नविराकुल ने किया चुनाव जीतने का ऐलान

**बैंकॉक।** थाईलैंड के कार्यवाहक प्रधानमंत्री और भुमजैथाई पार्टी के नेता अनुतिन चर्नविराकुल ने कहा है कि उनकी पार्टी ने थाईलैंड के संसदीय चुनाव जीत लिये हैं। चर्नविराकुल ने रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा करते हुए कहा कि यह पूरे देश की जीत है। चुनाव आयोग द्वारा 87 प्रतिशत बैलेट गिने जाने तक भुमजैथाई पार्टी ने बहुमत हासिल कर ली। पीपल्स पार्टी दूसरे स्थान पर रही जबकि फ्यू थाई पार्टी तीसरे स्थान पर रही।

### उत्तरी नाइजीरिया में सड़क दुर्घटना में 30 लोगों की मौत

**अबूजा।** उत्तरी नाइजीरिया में बड़े पैमाने पर हुए सड़क हादसे में कम से कम 30 लोगों की मौ हो गई। यह जानकारी डेली पोस्ट अखबार ने रविवार को स्थानीय अधिकारियों के हवाले से दी। रिपोर्ट के अनुसार, यह घटना देश के दूसरे सबसे बड़े राज्य कानो में घटी। कई लोग घायल हो गए। अखबार ने दुर्घटना का कारण लापरवाही से वाहन चलाना बताया है। खबरों के अनुसार, राज्य के राज्यपाल अल्हाजी यूसुफ ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

### तुर्की में एक टन से ज्यादा नशीले पदार्थ जब्त, 144 तस्कर गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने सोमवार को घोषणा की कि तुर्की पुलिस ने पिछले 10 दिनों में देश भर में चलाये गये अभियानों में 1.24 टन नशीले पदार्थ जब्त किए हैं और नशीली दवाओं की तस्करी करने वाले 144 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। येरलिकाया ने एक्स पर एक बयान में कहा कि इन छापों के दौरान पुलिस ने 18.3 लाख नशे की गोलियां भी जब्त कीं।

# ट्रेड डील में भारत को मिली बड़ी राहत

## भारत को 25 प्रतिशत पेनल्टी टैरिफ वापस करेगा अमेरिका

**नई दिल्ली।** अमेरिका के साथ हुई ट्रेड डील में भारत को एक बड़ी राहत मिली है। अमेरिकी प्रशासन ने न सिर्फ टैरिफ दर को 50 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत किया है, बल्कि रूस से तेल इम्पोर्ट के कारण पेनल्टी के रूप में लगाए गए 25 प्रतिशत टैरिफ को वापस करने का भी फैसला लिया है।

इस फैसले से भारतीय कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलने की उम्मीद है। व्हाइट हाउस से जारी आधिकारिक जानकारी के अनुसार 27 अगस्त 2025 से लेकर 6 फरवरी 2026 के बीच अमेरिका द्वारा किए गए जिन इम्पोर्ट पर यह पेनल्टी लगी थी, उनका रिफंड दिया जाएगा। यह रिफंड अमेरिका के कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन कानून के तहत जारी किया जाएगा। भारतीय निर्यातकों को कितना रिफंड मिलेगा, ये अभी तय नहीं है। क्योंकि रिफंड की राशि अमेरिकी इम्पोर्टर को दी जाएगी, फिर वे भारतीय एक्सपोर्टर के साथ बातचीत करके इस राशि का बंटवारा करेंगे। भारत से अमेरिकी निर्यात का 60 प्रतिशत हिस्सा टैरिफ दायरे में। इस हिसाब से देखें तो अब तक अमेरिका ने भारत से आयात पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाकर करीब 4 अरब डॉलर (40 हजार करोड़ रुपए) अतिरिक्त वसूले हैं। यही राशि रिफंड होगी, जिसमें भारतीय कारोबारियों को भी हिस्सा मिलेगा। ट्रेड डील को लेकर अंतरिम समझौते के ढांचे के अनुसार भारत रूस से तेल का आयात दोबारा शुरू न करे, इस पर निगरानी रखने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तीन मंत्रियों की एक टास्क फोर्स का गठन किया है। इसमें वाणिज्य मंत्री, विदेश मंत्री और वित्त मंत्री शामिल हैं। इस समिति को लगता है कि भारत ने रूस से तेल का इम्पोर्ट दोबारा शुरू कर दिया है, तो वह राष्ट्रपति ट्रम्प को दोबारा 25 प्रतिशत पेनल्टी लगाने और अन्य कार्रवाई करने के लिए सिफारिश कर सकती है। ट्रेड डील को लेकर भारत सरकार ने कहा है कि यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति और नई ऊंचाइयां देने वाला साबित होगा। भारतीय किसानों को नुकसान पहुंचाने वाला कोई भी उत्पाद ट्रेड डील में शामिल नहीं है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया है कि अमेरिका को किन चीजों पर टैरिफ छूट नहीं दी है और किन चीजों को भारत में एंट्री नहीं दी गई है। बिना छिलके वाले अनाज और आटा, आलू, प्याज, मटर, बीन्स, खीरा, मशरूम, संतरा, अंगूर, नीबू और मिश्रित डिब्बाबंद सब्जियां भारत में प्रवेश नहीं करेंगी। अमेरिका से ट्रेड डील पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने रविवार को कहा कि यह लेन-देन का मामला है। अगर मैं कुछ भी नहीं दूंगा, तो अपने किसानों के लिए अमेरिका में बाजार कैसे खोलूंगा? अमेरिकी बाजार खुलने से हमारे किसानों की आय बढ़ेगी। अगर कोई कहता है कि दो पन्नों के संयुक्त बयान में सुरक्षा नहीं है, तो वो गुमराह कर रहा है। अभी कई बातों पर स्पष्टता बाकी है। भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने एनडीटीवी से बातचीत में भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील होने की पुष्टि की। उन्होंने कहा: कुछ तकनीकी कागजों पर अगले कुछ दिनों में दस्तखत होंगे, लेकिन डील लगभग तय है। गोर ने कहा: यह टैरिफ समझौता प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच कई सालों से चली आ रही मजबूत दोस्ती का नतीजा है। यह टैरिफ दूसरे देशों की तुलना में बहुत कम है।



देश के कारोबारियों को 40 हजार करोड़ की राहत मिलेगी रूसी तेल खरीद पर पेनल्टी लगाई थी


### जापान के सत्तारूढ़ एलडीपी की आम चुनाव में एकतरफा जीत

**टोक्यो।** जापान में रविवार को हुए आम चुनाव में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) और जापान इनोवेशन पार्टी (जेआईपी) के गठबंधन ने निचले सदन में दो-तिहाई से अधिक बहुमत हासिल कर लिया है। सरकारी प्रसारक एनएचके ने सोमवार तड़के यह जानकारी दी। एनएचके के अनुसार, सत्तारूढ़ गठबंधन ने कुल 352 सीटें जीतीं, जो निचले सदन में पारित लेकिन उच्च सदन (हाउस ऑफ काउंसिलर्स) द्वारा खारिज किसी विधेयक को पुन: पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत से अधिक है। एलडीपी के पास चुनाव से पहले 198 सीटें थीं। पार्टी ने अपने दम पर ही 465 सदस्ईय निचले सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त कर लिया और कुल 316 सीटें जीतीं। वहीं, जूनियर सहयोगी जेआईपी के लिए परिणाम अपेक्षाकृत कमजोर रहे। पार्टी ने निचले सदन में अपनी पूर्व 34 सीटों के मुकाबले केवल दो सीटों की बढ़ोतरी की है। एनएचके के मुताबिक, एलडीपी के अकेले बहुमत में होने से गठबंधन में जेआईपी का प्रभाव कम होने की संभावना है।

# ईरान की अमेरिका के साथ बातचीत प्रगति पर: पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरानी राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने रविवार को अपने देश और अमेरिका के बीच हाल ही में हुई परमाणु वार्ता को प्रगति पर कहा। उन्होंने ये टिप्पणियां एक्स पर एक पोस्ट में कीं जिसमें उन्होंने शुक्रवार को ओमान की राजधानी मस्कट में ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों के बीच हुई अप्रत्यक्ष वार्ता पर प्रकाश डाला।

पेजेशकियान ने कहा कि ये चर्चाएं पश्चिम एशिया क्षेत्र में मित्रवत सरकारों द्वारा किए गए अनुवर्ती प्रयासों के परिणामस्वरूप हुईं, और इस बात पर बल दिया कि ईरान की हमेशा से ही संवाद द्वारा मुद्दों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाने की चुनी हुई रणनीति रही है। इसी बीच, तेहरान में एक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची, जिन्होंने शुक्रवार की वार्ता में देश के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया, ने कहा कि कोई हमें यह नहीं बता सकता कि हमारे पास क्या होना चाहिए और क्या नहीं होना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि ईरान का परमाणु हथियार बनाने का कोई इरादा नहीं है, साथ ही उन्होंने किसी भी प्रकार की दादागिरी को दृढ़ता से खारिज कर दिया। अराघची ने कहा कि अगर वे ईरानी लोगों से बल प्रयोग की भाषा में बात करेंगे तो हम भी उन्हें उसी भाषा में जवाब देंगे। हालांकि, अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा। शुक्रवार को हुई वार्ता अमेरिका और ईरान के बीच क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच हुई, जिसमें मध्य पूर्व में हाल ही में अमेरिका द्वारा सैन्य जमावड़ा और ईरान द्वारा तैयारियों में तेजी शामिल हैं।



अगर वे हमसे सम्मान की भाषा में बात करेंगे, तो उन्हें भी उसी भाषा में जवाब दिया जाएगा



नई दिल्ली। डीटीए तमिल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी के मिलने के बाद स्कूल के बाहर खड़े छात्र।

### हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को 20 साल की सजा

**बीजिंग।** हांगकांग के पूर्व मीडिया दिग्गज जिम्मी लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून का उल्लंघन करने के आरोप में 20 साल जेल की सजा सुनाई गई है। यह जानकारी स्थानीय प्रसारक आरटीएचके ने सोमवार को दी। दिसम्बर 2025 में, हांगकांग उच्च न्यायालय ने लाई को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के तीनों मामलों में दोषी करार दिया था। प्रसारक ने कहा कि लाई को दी गई सजा 2020 के राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के उल्लंघन के लिए अब तक की सबसे कठोर सजा है। लाई को अगस्त 2020 में विदेशी ताकतों के साथ मिलीभगत एवं धोखाधड़ी करने के आरोपों में हिरासत में लिया गया था।

# भारत ने सेशेल्स को दिया 17 करोड़ 50 लाख डॉलर का पैकेज

## दोनों देशों ने राजधानी नई दिल्ली में साझेदारी बढ़ाने के लिए संयुक्त विजन जारी किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और सेशेल्स ने साझेदारी को अगले चरण तक ले जाने के लिए एक संयुक्त विजन जारी किया जा रहा है और भारत ने सेशेल्स की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए उसके लिए 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

मोदी ने भारत की यात्रा पर आए सेशेल्स के राष्ट्रपति डॉ. पैट्रिक हर्मिनी के साथ व्यापक वार्ता के बाद सोमवार को यहां संयुक्त वक्तव्य में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि विकास साझेदारी भारत-सेशेल्स संबंधों की मजबूत नींव रही है। हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए आज हम 17 करोड़ 50 लाख डॉलर के विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह पैकेज आवास, ई मोबिलिटी, व्यावसायिक प्रशिक्षण, स्वास्थ्य, रक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाओं में सहयोग करेगा। मोदी ने कहा कि भारत और सेशेल्स की साझेदारी एक नए चरण में प्रवेश कर रही है। सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए आज हम 'भारत-सेशेल्स संयुक्त विजन' जारी करने जा रहे हैं जो आने वाले वर्षों में परस्पर सहयोग का रोडमैप बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स के संबंध केवल राजनयिक संपर्क तक सीमित नहीं है। हिंद महासागर की लहरें सदियों से हमारे लोगों को जोड़ती आई हैं। इसके तटों पर दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ा, संस्कृतियां मिलीं और विश्वास की परंपराएं मजबूत होती गईं। उन्होंने कहा कि भारत और सेशेल्स न केवल भूगोल से, बल्कि इतिहास, विश्वास और भविष्य के लिए एक साझा दृष्टिकोण से भी जुड़े हुए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा नाता कल, आज, और आने वाले कल का है। एक समुद्री पड़ोसी और विश्वसनीय साझेदार के रूप में सेशेल्स भारत के महासागर विजन का अभिन्न अंग है। हमारा सहयोग जल, थल और नभ को समाहित करता है। आज की चर्चाओं में हमने इस साझेदारी को और अधिक सशक्त बनाने का मार्ग प्रशस्त किया। अपने आर्थिक सहयोग को और सुदृढ़ बनाने के लिए नए अवसरों की तलाश जारी रखने पर हम सहमत हैं। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने के साथ साथ हम फिन टैक और डिजिटल समाधान के क्षेत्र में भी आगे बढ़ेंगे।



हमारे सभी प्रयास सेशेल्स की प्राथमिकताओं और आवश्यकताओं पर आधारित रहे हैं: सरकार

# यूरेनियम इनरिचमेंट बंद नहीं करेंगे: ईरान

## कहा: डराकर हमसे कुछ नहीं करवाया जा सकता है, अमेरिका की नीयत पर भरोसा नहीं

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका के दबाव को सख्ती से खारिज करते हुए कहा है कि वो अपना यूरेनियम संवर्धन (यूरेनियम इनरिचमेंट) प्रोग्राम किसी भी हाल में नहीं छोड़ेगा, चाहे उसे सैन्य धमकियां मिलें या नए प्रतिबंध लगाए जाएं।

तेहरान में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान को डराकर उसकी परमाणु नीति नहीं बदली जा सकती और अमेरिका की मंशा पर हमें भरोसा नहीं है। यह बयान ऐसे समय आया है जब कई सालों बाद ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में बातचीत फिर से शुरू हुई है। ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें, जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है। अराघची ने साफ कहा कि यूरेनियम संवर्धन ईरान के लिए किसी भी हालत में समझौते का मुद्दा नहीं है। उन्होंने कहा कि किसी देश को यह अधिकार नहीं है कि वह ईरान को बताए कि उसे क्या करना चाहिए, भले ही युद्ध की धमकी क्यों न दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य तैनाती, जैसे कि यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर की मौजूदगी, ईरान को डराने में नाकाम रहेगी। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका पर भरोसा करना मुश्किल है और यह साफ नहीं है कि वाशिंगटन सच में डिप्लोमेटिक हल चाहता भी है या नहीं। उन्होंने दोहराया कि ईरान ऐसा कोई समझौता नहीं करेगा जो उसकी आजादी और सम्मान के खिलाफ हो। साथ ही उन्होंने कहा कि अगर प्रतिबंधों में राहत मिलती है तो ईरान भरोसा बढ़ाने वाले कुछ कदमों पर विचार कर सकता है, लेकिन यह सब आपसी सम्मान पर निर्भर करेगा। पश्चिमी देश और इजराइल लंबे समय से आरोप लगाते रहे हैं कि ईरान परमाणु हथियार बनाना चाहता है, लेकिन ईरान इस बात से इनकार करता है। अराघची ने कहा कि ईरान किसी परमाणु बम की तलाश में नहीं है और उसकी असली ताकत बड़ी शक्तियों को 'न' कहने की क्षमता है। इस बीच अमेरिका, ईरान के आसपास लगातार अपनी सैन्य ताकत का प्रदर्शन कर रहा है। ईरान के साथ अमेरिकी वार्ताकार स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के सलाहकार जारेड कुशनर ने कुछ समय पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन एयरक्राफ्ट कैरियर का दौरा किया था। अमेरिकी सेना ने कहा कि यह तैनाती सुरक्षा के लिए है और ट्रम्प की 'शांति के लिए ताकत' की नीति का हिस्सा है। ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में न्यूक्लियर मुद्दे पर 6 फरवरी को बातचीत हुई थी। ट्रम्प ने इसे 'बहुत अच्छा' बताया था, जबकि ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियन ने इसे शांति के लिए 'एक कदम आगे' कहा था।



ईरान चाहता है कि उस पर लगे कड़े आर्थिक प्रतिबंध हटें जबकि अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर रोक चाहता है



